संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, शुक्रवार, 22 सितंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्षः 12 अंकः 253 पृष्ठः 12
RNI : HPHIN/2012/48072
actionindiauna@gmail.com
हिमाचल संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

R K B GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



असम के सीएम हिमंत बिस्व सर्मा रैली को संबोधित करते हुए।

# बन गया इतिहास, महिला आरक्षण बिल पास

= महिला आरक्षण बिल राज्यसभा से सर्वसम्मति से पासः राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद कानून बनेगा,महिलाओं को लोकसभा-विधानसभाओं में 33% आरक्षण मिलेगा

**ऐतिहासिक**

8 प्रक्रिया पूरी होने के बाद महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में 33% आरक्षण मिलेगा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**संसद** के स्पेशल सेशन के चौथे दिन राज्यसभा में भी महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन विधेयक) सर्वसम्मति से पास हो गया। बिल के खिलाफ किसी ने वोट नहीं दिया। अब यह बिल राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा। उनकी मंजूरी मिलते ही यह कानून बन जाएगा। यह बिल लोकसभा में कल (बुधवार को) पास हुआ था। प्रक्रिया पूरी होने के बाद महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में 33% आरक्षण मिलेगा।

**पीएम ने सर्वसम्मति से बिल पारित करने की अपील की थी:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- हमने बिल पर सार्थक चर्चा की है, भविष्य में इस चर्चा का एक-एक शब्द काम आने वाला है। हर शब्द का अपना मूल्य है, महत्व है। सभी सांसदों ने अपने बयान के शुरूआत में कहा कि मैं बिल का समर्थन करता हूं। इसके लिए सबका आभार। यह इससे देश के जन-जन में आत्मविश्वास पैदा करेगा। सभी सांसदों और दलों ने बहुत अहम भूमिका निभाई है। सभी सांसदों से अनुरोध है कि सर्व सम्मति से इसे पास करें।
उपराष्ट्रपति से खड़गे बोले- आपको पहले से पता था बिल आने वाला है, हमें नहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- मैं और मेरी पार्टी इस बिल का समर्थन करती है। यह बिल आने वाला है हमें इसकी जानकारी पहले से नहीं थी। लेकिन उपराष्ट्रपति जी को पहले से पता था कि बिल आने वाला है। आपने 4 सितंबर को जयपुर में कहा था- वो दिन दूर नहीं जब देश की संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को बराबरी का अधिकार मिलेगा।





## महिला आरक्षण बिल जुमला न बने, इसे लागू किया जाएः खड़गे

**पीएम** मोदी के संबोधन के बाद लोकसभा में चंद्रयान-3 की सफलता पर चर्चा हुई। लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला से सदन को मिशन के बारे में बताया। इसके बाद राजनाथ सिंह बोलने के लिए खड़े हुए। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने राजनाथ से पूछा कि क्या उनमें चीन मुद्दे पर चर्चा करने की हिम्मत है। इस पर राजनाथ सिंह ने कहा कि पूरी हिम्मत है, मैं चीन पर चर्चा करने के लिए तैयार हूं और सीना चौड़ा करके चर्चा करने के लिए तैयार हूं। राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ ने वाइस-चेयरपर्सन का पैनल पुनर्गठित किया है। इसमें 13 महिला सांसदों को जगह दी गई। ये सांसद जगदीप धनखड़ की अनुपस्थिति में राज्यसभा की कार्यवाही का संचालन करेंगी। सरकार राज्यसभा में रिपीलिंग एंड अमेंडिंग बिल पेश कर सकती है। इस बिल में ऐसे 65 कानूनों को निरस्त करने का प्रावधान है, जो प्रचलन से बाहर हो गए हैं या दूसरे कानूनों की वजह से निरर्थक हो गए हैं। यह बिल पिछले साल जुलाई में लोकसभा में पास हो गया था। लोकसभा में बिल पर चर्चा में 60 सांसदों ने अपने विचार रखे। राहुल गांधी ने कहा कि ओबीसी आरक्षण के बिना यह बिल अधूरा है। इस पर अमित शाह ने कहा कि यह आरक्षण सामान्य, रउ और रळ में समान रूप से लागू होगा। चुनाव के बाद तुरंत ही जनगणना और डिलिमिटेशन होगा और महिलाओं की भागीदारी जल्द ही सदन में बढ़ेगी।
विरोध करने से रिजर्वेशन जल्दी नहीं आएगा

## 'ये बिल महिलाओं पर अहसान नहीं, बल्कि उनका वंदन और अभिनंदन'



**सबसे** पहले गुरुवार सुबह कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने बिल पेश किया। इसके बाद कांग्रेस सांसद रंजीत रंजन ने चर्चा की शुरुआत की। उन्होंने बिल के नाम पर आपत्ति जताते हुए कहा कि महिलाओं को वंदन नहीं, समानता चाहिए। इसके बाद भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा- ये बिल महिलाओं पर अहसान नहीं, बल्कि उनका वंदन और अभिनंदन है। अगर ये बिल आज पास होता है तो 2029 तक 33% महिलाएं सांसद बनकर आ जाएंगी। वहीं, खड़गे ने कबीर का दोहा 'काल करे सो, आज कर' सुनाया और तुरंत आरक्षण लागू करने की मांग की। जेपी नड्डा ने जवाब दिया कि भाजपा का उद्देश्य राजनीतिक फायदा लेने का नहीं है। सरकार नियमों से काम करती है और पक्का काम करने में विश्वास रखती है। इस पर विपक्षी सांसद 'नो-नो' करने लगे तो नड्डा ने कहा कि कि 'नो-नो' करने वालों को शासन करना नहीं आया। अगर शासन करना आता तो पता होता कि नियम-कानून भी कोई चीज है। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि जो सिल्वर स्पून के साथ पैदा होते हैं, उन्हें गरीबों की परेशानियां नहीं पता होतीं। एक लीडर को लीडर बनना पड़ता है, सिखाए हुए बयान देने से काम नहीं चलता। सपा की राज्यसभा सांसद जया बच्चन ने कहा- आखिरी में बोलने का नुकसान ये है कि बोलने को कुछ बचता ही नहीं।


हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से शिष्टाचार मुलाकात करते हुए।

## दिल्ली में इस बार रात 12 बजे तक होंगी रामलीलाएं

**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली में 15 अक्टूबर से रामलीलाएं शुरू हो रही हैं, जिसको लेकर दिल्ली की सभी रामलीला कमेटियों ने तैयारी शुरू कर दी है। इसी को लेकर आज लाल किला की लवकुश रामलीला कमेटी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। इसमें लवकुश रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन कुमार, चेयरमैन पवन गुप्ता, अंकुर गोयल के साथ सीटीआई चेयरमैन बृजेश गोयल भी शामिल हुए। लवकुश रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने मीटिंग में कहा कि दिल्ली में रामलीला मंचन और लाउडस्पीकर बजाने का समय रात 10 बजे तक ही होता है, जिसको बढ़ाकर रात 12 बजे तक किया जाए।

## कनाडाई नागरिकों के लिए वीजा बंद

हमारे डिप्लोमेट्स को धमकी मिल रही, सुरक्षा कारणों से यह फैसला कियाः सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/ओटावा**
**खालिस्तानी** आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मुद्दे पर भारत और कनाडा के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। कनाडा में मौजूद भारत के वीजा एप्लिकेशन सेंटर ने गुरुवार को कनाडा के लोगों के लिए वीजा सेवाएं सस्पेंड कर दीं। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरंदिम बागची ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि कनाडा में हमारे डिप्लोमैटिक यूनिट को धमकियां मिल रही हैं। वे अपना काम नहीं कर पा रहे हैं। यही वजह है कि वीजा सर्विसेज सस्पेंड की गई हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा- हमें काफी समय से पता है कि पाकिस्तान आतंकवाद का मददगार है और उन्हें पैसे भी देता है। वहीं, कनाडा आतंकियों को रहने और उनके मंसूबों को अंजाम देने की जगह दे रहा है। कनाडा के आरोप राजनीति से प्रेरित हैं। कनाडा ने अब तक इस मामले में कोई खास सबूत नहीं दिए हैं। हमने उनसे सबूत देने को कहा है। भारत ने लगातार कनाडा को बताया है कि उनके देश में भारत विरोधी गतिविधियां हो रही हैं। हालांकि, उन्होंने इस पर कोई एक्शन नहीं लिया। हमने कनाडा से साफ कह दिया है कि डिप्लोमैट्स की संख्या दोनों देशों में बराबर होनी चाहिए।



**कड़ा रूख**

8 कनाडा में हमारे डिप्लोमैटिक यूनिट को धमकियां मिल रही हैं। वे अपना काम नहीं कर पा रहे हैंः भारत

## 'चीन के मुद्दे पर 'सीना चौड़ा करके' चर्चा के लिए तैयार'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने गुरुवार को लोकसभा में विपक्ष को करारा जवाब देते हुए कहा कि वे सदन में चीन के मुद्दे पर सीना चौड़ा करके पूरी हिम्मत के साथ चर्चा के लिए तैयार हैं। सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों में नोकझोंक के बीच उन्होंने कहा कि चंद्रयान-3 की सफलता कोई अपवाद नहीं है बल्कि भारत की सामाजिक, सांस्कृतिक और वैज्ञानिक प्रवृत्ति के विकास का परिणाम है। दरअसल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज जब लोकसभा में चंद्रयान-3 और आदित्य एल1 मिशन पर बोलने के लिए खड़े हुए तो कई विपक्षी सदस्यों ने सवाल करना शुरू कर दिया। कई सदस्यों ने कहा कि चीन ने हमारी सीमा में कितना कब्जा किया? कांग्रेस सांसद अधीर रंजन ने उन्हें टोकते हुए पूछ लिया कि चीन पर चर्चा करने की हिम्मत है? इस पर राजनाथ पहले मुस्कुराए और फिर कुछ पल खामोश रहने के बाद उन्होंने कहा कि अधीर रंजन जी, इतिहास में मत ले जाओ।



## चंद्रयान-3 के फिर जागने की उम्मीद

इसरो स्लीप मोड पर डाले गए विक्रम लैंडर और प्रज्ञान से संपर्क करेगा

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**चंद्रयान-3** के लैंडर और रोवर के एक बार फिर जागने की उम्मीद है। 14 दिनों की रात के बाद चांद के दक्षिण ध्रुवीय हिस्से पर एक बार फिर सूरज की रोशनी पहुंचने लगी है। इसरो स्लीप मोड पर डाले गए विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर से 22 सितंबर को संपर्क करने की कोशिश करेगा। इसरो के मुताबिक, लैंडर और रोवर के सोलर पैनल पर सूरज की रोशनी पड़ते ही ये काम करना शुरू कर सकते हैं। इसरो ने 4 सितंबर को विक्रम लैंडर को स्लीप मोड में डाल दिया था। इससे पहले 2 सितंबर को प्रज्ञान रोवर को स्लीप मोड में डाला गया था। लैंडर ने स्लीप मोड में जाने से पहले पेलोड्स के जरिए चांद पर नई जगहों की जांच-पड़ताल की थी। उसके बाद ही विक्रम लैंडर को सोने का कमांड दिया गया। फिलहाल सारे पेलोड्स बंद हैं। सिर्फ रिसीवर ऑन है, ताकि वह बेंगलुरु से कमांड लेकर फिर से काम कर सके।

**चंद्रयान-3 मिशन 14 दिनों का ही हैः** चंद्रयान-3 मिशन 14 दिनों का ही है। ऐसा इसलिए क्योंकि चांद पर धरती के 14 दिन के बराबर एक दिन होता है। यानी चंद्रमा पर 14 दिन तक रात और 14 दिन तक उजाला रहता है। रात के दौरान चांद के साउथ पोल पर तापमान माइनस 238 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाता है। रोवर-लैंडर सूर्य की रोशनी में तो पावर जनरेट कर सकते हैं, लेकिन रात होने पर पावर जनरेशन प्रोसेस रुक जाएगी। पावर जनरेशन नहीं होगा तो इलेक्ट्रॉनिक्स भयंकर ठंड को झेल नहीं पाएंगे।



**संपर्क होगा**

8 14 दिनों की रात के बाद चांद के दक्षिण ध्रुवीय हिस्से पर एक बार फिर सूरज की रोशनी पहुंचने लगी है

## कनाडा में गैंगस्टर सुक्खा दुन्नेके की गोली मारकर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**खालिस्तान** टाइगर फोर्स के आतंकी हरदीप निज्जर के कत्ल को लेकर भारत-कनाडा के बीच तनाव के बीच कनाडा में भारत के अ कैटेगरी गैंगस्टर सुखदूल सिंह गिल उर्फ सुक्खा दुन्नेके का कत्ल कर दिया गया है। वह पंजाब से साल 2017 में जाली पासपोर्ट तैयार करवा कनाडा फरार हुआ था। शुरूआती जानकारी के अनुसार सुक्खा दुन्नेके को कनाडा के विनीपिग में गोलियां मारी गई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दुनेके पर करीब 15 राउंड फायरिंग हुई है। मौके पर ही उसकी मौत हो गई।



यह उन 41 आतंकियों व गैंगस्टरों की सूची में शामिल था, जिसे एनआईए ने भी जारी किया था। कनाडा में खालिस्तानी आतंकी निज्जर के कत्ल के बाद यह दूसरी बड़ी वारदात है। कत्ल किया गया गैंगस्टर सुक्खा को खालिस्तानी आतंकी-गैंगस्टर अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श डल्ला का राइट हैंड माना जाता था।

## फास्ट न्यूज

### सरकार ने साप्ताहिक आधार पर चीनी के स्टॉक का खुलासा अनिवार्य किया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने त्योहारी सीजन में चीनी की जमाखोरी और सट्टेबाजी को रोकने के लिए सख्त कदम उठाया है। सरकार ने चीनी व्यापारियों, खुदरा विक्रेताओं, थोक विक्रेताओं, बड़ी श्रृंखलाओं और प्रसंस्करण कर्ताओं को साप्ताहिक आधार पर अपने स्टॉक का खुलासा सरकारी पोर्टल पर करने का निर्देश दिया है। खाद्य मंत्रालय ने गुरुवार को जारी एक बयान में बताया कि देश में घरेलू उपभोग के लिए चीनी का पर्याप्त भंडार है। मंत्रालय ने कहा कि त्योहारों के लिए चीनी की कोई कमी नहीं है। खाद्य मंत्रालय ने कहा कि सरकार देश में चीनी की खुदरा कीमत को सफलतापूर्वक स्थिर बनाए हुए है। दरअसल सरकार जमाखोरी और सट्टेबाजी को रोककर यह सुनिश्चित करना चाहती है कि चीनी सभी उपभोक्ताओं के लिए सस्ती रहे। मंत्रालय ने कहा कि चीनी बाजार में ह्यजमाखोरी से निपटने और सट्टेबाजी पर अंकुश लगानेह्न के लिए पोर्टल पर प्रत्येक सोमवार को व्यापारियों, थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, बड़ी श्रृंखलाओं के खुदरा विक्रेताओं और चीनी के प्रसंस्करणकर्ताओं को अपनी स्टॉक स्थिति का अनिवार्य रूप से खुलासा करने के आदेश जारी किए गए हैं। मंत्रालय ने चीनी मिलों और व्यापारियों से संबंधित कानूनों और मासिक घरेलू कोटा मानदंडों का पालन करने को कहा है। खाद्य मंत्रालय ने कहा कि अगस्त के अंत में 83 लाख टन चीनी का पहले के बचे स्टॉक तथा अगले महीने से पेराई शुरू होने की उम्मीद के साथ देश में घरेलू खपत के लिए चीनी का पर्याप्त स्टॉक है। सरकार ने 13 लाख टन की घरेलू बिक्री कोटा की पहली किस्त भी जारी कर दी है, जिसे चीनी मिलें तत्काल प्रभाव से बेचना शुरू कर सकती हैं। सरकार के इस फैसले का एग्रीमंडी के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) उप्पल शाह ने स्वागत किया है।

### बवाना फैक्टरी ब्लास्ट में मृतकों की संख्या तीन हुई

**नई दिल्ली।** बवाना में बुधवार की शाम प्लास्टिक दाना बनाने की फैक्टरी हुए धमाके में मरने वालों की संख्या अब तीन हो गई। तीसरे मजदूर ने बीती देर रात इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान भानू प्रताप के रूप में हुई है। वह 60 प्रतिशत जल गए थे। बुधवार को हादसे में वहां काम कर रहे छह मजदूरों में से दो की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि चार झुलस गए थे। मृतकों की पहचान कासगंज के सहावर निवासी अशोक और हरवीर के रूप में हुई थी। धमाके में घायल हुए आगरा निवासी संजीव, दिल्ली निवासी सोनू, ऊषा का इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक कासगंज निवासी भानू प्रताप की बीती देर रात हालत बिगड़ने पर उन्हें सफदरजंग अस्पताल में रेफर किया गया था। अस्पताल ले जाते समय उन्होंने दम तोड़ दिया। फिलहाल बवाना थाना पुलिस ने उक्त मामले में आईपीसी की धारा 285/337/304/427 और 9बी विस्फोटक अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**कर्ज के तले दबा**

हर हिमाचली पर 102818 रूपए का कर्जा, विधानसभा में हंगामा, जमकर लगे नारे, कार्यवाही स्थगित

# हिमाचल की वित्तीय स्थिति पर सुक्खू सरकार का श्वेत पत्र

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/चमन शर्मा**
**हिमाचल** का हर व्यक्ति 102818 रूपए के कर्ज के बोझ तले दबा है। यह खुलासा वीरवार को प्रदेश विधानसभा में उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने राज्य की वित्तीय स्थिति पर श्वेत पत्र जारी करते हुए किया। अग्निहोत्री ने कहा कि उनकी सरकार को 92,774 करोड़ रूपए की देनदारियां विरासत में मिली हैं और 31 मार्च, 2023 तक प्रदेश पर कर्जे का बोझ बढ़कर 76,631 करोड रूपए पहुंच गया है। उप मुख्यमंत्री द्वारा विधानसभा में वीरवार को राज्यकी वित्तीय स्थित पर पेश किए गए इस श्वेत पत्र के दौरान विपक्ष ने भारी हंगामा किया जिसके चलते सदन की कार्यवाही दोपहर बाद 2 बजे तक स्थगित करनी पडी। इस दौरान विपक्ष ने सदन में खूब हंगामा करते हुए नारेबाजी की और पूरा विपक्ष पहले अपनी सीटों पर खड़ा होकर हंगामा करता रहा। बाद में पूरा विपक्ष सदन के बीचोंबीच आ गया और नारेबाजी की। इसे देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने हंगामे के बीच ही सदन की कार्यवाही भोजनावकाश के बाद तक स्थगित कर दी। मुकेश अग्निहोत्री ने श्वेत पत्र प्रस्तुत करते हुए कहा कि रिजर्व बैंक की वर्ष 2022-23 की रिपोर्ट के अनुसार हिमाचल प्रदेश कर्ज के भारी दवाब में हैं। उन्होंने कहा कि कर्ज लेने की स्थिति यह हो गई है हिमाचल देश के सभी छोटे बडे राज्यों में कर्ज लेने में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल के अंतिम वर्ष यानि चुनावी साल में 16261 करोड रूपए का कर्ज लिया। यह कर्ज प्रदेश के विकास के लिए नहीं बल्कि चुनाव जीतने के लिए खर्च किया, हालांकि इसके बावजूद भाजपा चुनाव नहीं जीत पाई।



**वित्तिय रिपोर्ट**

8 हिमाचल पर कुल 92,774 करोड़ की देनदारी, जनमंच में खाए 6 करोड़ के फुलके: वित्त मंत्री

## राहुल ने कुली की यूनिफॉर्म पहनी, सिर पर सामान उठाया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** सांसद राहुल गांधी गुरुवार सुबह दिल्ली के आनंद विहार आईएसबीटी पहुंचे और कुलियों से मिले। यहां उन्होंने कुली की लाल यूनिफॉर्म पहनी और बैज भी लगाया। इसके बाद उन्होंने सिर पर सामान उठाया। इस दौरान उनके साथ मौजूद कुली राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगाते नजर आए। राहुल ने इसके बाद कुलियों से बातचीत की और उनकी परेशानियों के बारे में पूछा। इसे लेकर कांग्रेस ने ट्वीट किया- 'जननायक राहुल गांधी आज दिल्ली के आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर कुली साथियों से मिले। पिछले दिनों एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें रेलवे स्टेशन के कुली साथियों ने उनसे मिलने की इच्छा जाहिर की थी। आज राहुल जी उनके बीच पहुंचे और इत्मीनान से उनकी बात सुनी। भारत जोड़ो यात्रा जारी है...'
कुलियों के बीच बैठकर उनसे बातें करते राहुल गांधी।

**लोगों के बीच जाकर उनकी परेशानियां सुन रहे राहुलः** पिछले कुछ समय से राहुल गांधी लोगों के बीच जाकर उनसे उनकी परेशानियों के बारे में बात कर रहे हैं। आजादपुर मंडी में राहुल ने सब्जियों और फलों के बढ़ते दामों को लेकर विक्रेताओं की परेशानियां पूछीं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी 1 अगस्त को अलसुबह दिल्ली की आजादपुर मंडी पहुंचे। यहां उन्होंने सब्जियों-फलों के बढ़ते दाम को लेकर विक्रेताओं से बात की और उनकी समस्याएं पूछीं इस दौरान दुकानदार उन्हें घेरे दिखाई दिए।



**समस्याएं जानी**

8 आनंद विहार आईएसबीटी पहुंचकर कुलियों से मिले, उनकी परेशानियां पूछीं, बैज भी लगाए

# मुख्यमंत्री ने परिसर को शिमला के गौरवशाली इतिहास और संस्कृति की बहुमूल्य निधि

## ऐतिहासिक बैंटनी कैसल आम जनता के लिए खुला

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**मुख्यमंत्री ठाकुर** सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार सांय यहां ऐतिहासिक बैंटनी कैसल के हाल ही में जीर्णोद्धार किए गए परिसर का उद्घाटन किया और कहा कि यह परिसर हमारी संस्कृति और इतिहास का जीवंत प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि बैंटनी कैसल परिसर शिमला की समृद्ध विरासत का साक्षी है और ग्रीष्मकालीन राजधानी रही श्यामला शिमला के समृद्ध इतिहास के दर्शन करवाता है। इस परिसर में तीन ऐतिहासिक भवन हैं और इसके जीर्णोद्धार पर 25 करोड़ रुपये की राशि व्यय की गई है। लगभग 20,000 वर्ग मीटर में फैला यह परिसर एंग्लो-गॉथिक वास्तुकला का उत्कृष्ट उदाहरण पेश करता है, जो पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए आकर्षण का प्रमुख केन्द्र बनेगा। उन्होंने कहा कि बैंटनी कैसल परिसर में महात्मा गांधी की शिमला यात्राओं, डॉ. यशवंत सिंह परमार और सत्यानंद स्टोक्स की विस्तृत जीवनियों तथा शिमला शहर के व्यापक इतिहास को प्रदर्शित किया जाएगा जो भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने वालों के प्रति श्रद्धांजलि है। इसमें जनजातीय क्षेत्र स्पीति की समृद्ध संस्कृति को भी प्रदर्शित किया गया है जो क्षेत्र की अनूठी परंपराओं को प्रतिबिंबित करती हैं।ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बैंटनी कैसल परिसर में शिमला के वैभवशाली इतिहास पर आधारित लेजर लाईट एण्ड साउंड शो भी देखा जिसमें बॉलीवुड के महान अभिनेता अनुपम खेर ने आवाज दी है। प्रदेश की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत को दर्शाता यह शो भावी पीढ़ियों को प्रदेश के समृद्ध इतिहास से अवगत करवाएगा।उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया,सहित आदि उपस्थित रहे।



# समग्र शिक्षा जिला मंडी जोन बगस्याड की एक दिवसीय सामुदायिक सहभागिता कार्यशाला आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**समग्र शिक्षा जिला** मंडी जोन बगस्याड की एक दिवसीय सामुदायिक सहभागिता कार्यशाला का आयोजन आज संस्कृति भवन मंडी में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विजयपाल सिंह बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ हिमाचल कांग्रेस रहे। इस कार्यशाला में बगस्याड जोन के चार शिक्षा खंड बगस्याड, सिराज प्रथम, सिराज द्वितीय और आउट ब्लॉक के सभी प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च और वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की पाठशाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष और स्कूल हेड्स ने भाग लिया। कार्यशाला का शुभ आरंभ मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर किया। ब्लॉक परियोजना अधिकारी बगस्याड देव राज ने मुख्य अतिथि और सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। उसके बाद जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा मंडी बलबीर भारद्वाज ने सामुदायिक सहभागिता कार्यशाला की जरूरत और समग्र शिक्षा की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। इसके बाद पाठशाला प्रबंधन समिति के कार्य और उद्देश्य पर जिला समन्वयक मैडम चारु वैद्य ने अपने विचार रखे। राष्टीय शिक्षा निति पर हेम राज ठाकुर ने विचार रखें। खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी बगस्याड खेमा राम आजाद ने कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि और सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया । इस कार्यक्रम का संचालन तिलक राज ने किया। इस दौरान डाइट मंडी के प्रशिक्षु बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में चार शिक्षा खण्डों से लगभग पांच सौ प्रतिभागियों ने भाग लिया।



# सरस्वती पैराडाइज में हर्षोल्लास से मनाया गया ग्रैंड पैरेंट्स डे

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**राजधानी के** प्रतिष्ठित संस्थान सरस्वती पैराडाइज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में केजी सेक्शन और कक्षा के छात्रों के लिए दादा-दादी दिवस (ग्रैंड पेरेंट्स डे) समारोह का आयोजन किया गया। उत्सव का उद्देश्य दादा-दादी, नाना-नानी द्वारा अपने पोते-नातियों के जीवन में निभाई जाने वाली अमूल्य भूमिका का सम्मान करना और उसकी सराहना करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रमेश माल्टा सेवानिवृत्त अतिरिक्त रजिस्ट्रार सहकारी समितियां थे। विशिष्ट अतिथि कुलदीप डोगरा, प्रबंध निदेशक पब्लिक चॉइस ग्रुप, मैडम पुष्पलता राणा ने भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की।कार्यक्रम की शुरूआत सभी दादा-दादी के गर्मजोशी के स्वागत के साथ हुई। इसके बाद दीप प्रज्ज्वलन समारोह हुआ और स्कूल के संस्थापक सदस्यों द्वारा स्व. डीपी मित्तल और स्व. नूतन रानी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। छात्रों ने कविताओं, भाषणों और नृत्य प्रस्तुतियों सहित दिल छू लेने वाली प्रस्तुतियों की एक श्रृंखला तैयार की थी, जो उनके दादा-दादी के प्रति उनके प्यार और प्रशंसा को दशार्ती थी। जब दादा-दादी और माता-पिता मासूमियत से भरे अपने बाल समूह का प्रदर्शन देख रहे थे तो माहौल खुशी और हंसी से भर गया। प्रदर्शन के बाद अंत में भाग्यशाली दादा-दादी को चुनने के लिए एक लकी ड्रा निकाला गया, जिन्हें मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। दादा-दादी दिवस समारोह एक बहुत ही खास कार्यक्रम था जिसने बच्चे के जीवन में दादा-दादी के महत्व पर प्रभावी ढंग से जोर दिया। मुख्य अतिथि ने अपने भाषण में भावी पीढियों के जीवन को आकार देने में दादा-दादी के अमूल्य योगदान को पहचानने और उसकी सराहना करने की अनिवार्य आवश्यकता पर जोर दिया। स्कूल के प्रधानाचार्य मनदीप राणा ने समारोह में भाग लेने के लिए सभी सम्मानित अतिथियों का आभार व्यक्त किया और दादा-दादी, नाना-नानी और उनके पोते-नातियों के बीच के बंधन के महत्व के बारे में बात की।






# बिल को बहुमत से पारित करवाने में सोनिया गांधी का बहुत बड़ा हाथ हैं

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष** सांसद प्रतिभा सिंह ने लोकसभा में महिला आरक्षण बिल बहुमत से पारित होने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा है कि अंततः देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी का महिलाओं का राजनीति में 33 प्रतिशत के आरक्षण का सपना साकार होने का मार्ग प्रशस्त हुआ हैं। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने महिलाओं को पंचायती राज संस्थाओं व नगर निकायों में आरक्षण देकर इसकी पहल की थी, अब लोकसभा व विधानसभा चुनावों में भी महिलाओं को उनका हक्क दिया जाना सक्रिय राजनीति में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित होगी।प्रतिभा सिंह ने महिला आरक्षण बिल पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा है कि इस बिल को बहुमत से पारित करवाने में सोनिया गांधी का बहुत बड़ा हाथ हैं।

उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी ने हर मंच से राजनीति में महिलाओं की उचित भागेदारी, उनके आरक्षण की मांग रखी। यहां तक कि सोनिया गांधी ने कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में केंद्र की भाजपा सरकार से महिला आरक्षण बिल को पारित करने की मांग करते हुए पार्टी का राजनैतिक प्रस्ताव भी पारित करवाया।

## न्यूज फ्लैश

### इंद्री बनी 'दुनिया की सर्वश्रेष्ठ व्हिस्की, व्हिस्की ऑफ द वर्ल्ड अवाड्र्स 2023 में जीता बेस्ट इन शो डबल गोल्ड का खिताब

**शिमला:** भारत में पिकाडिली डिस्टिलरीज के प्रतिष्ठित घरेलू सिंगल माल्ट ब्रांड, इंद्री ने अपना नाम दुनिया की सर्वश्रेष्ठ व्हिस्की के रूप में दर्ज किया है।इंद्री दिवाली कलेक्टर एडिशन 2023 को प्रतिष्ठित व्हिस्की ऑफ द वर्ल्ड अवाड्र्स में बेस्ट इन शो, डबल गोल्ड से सम्मानित किया गया है।यह पुरस्कार दुनिया भर में भारतीय सिंगल माल्ट की गुणवत्ता और बढ़ती लोकप्रियता का महत्वपूर्ण प्रमाण है। दुनिया के सबसे बड़े व्हिस्की टेस्टिंग कॉम्पटीशन में से एक, व्हिस्की ऑफ द वर्ल्ड अवाड्र्स हर साल दुनिया भर में व्हिस्की की 100 से अधिक किस्मों का मूल्यांकन करता है।सभी श्रेणियों में कई राउंड में कठोर परीक्षण के बाद, एल्को-बेव इंडस्ट्री के कुछ टॉप टेस्ट मेकर्स और इन्फ्लुएंसर्स का एक पैनल प्रत्येक श्रेणी में एक व्हिस्की को सर्वश्रेष्ठ व्हिस्की घोषित करता है।इसके अलावा, वे सभी बेस्ट-इन-क्लास व्हिस्की में से एक व्हिस्की को बेस्ट इन शो के रूप में चुनते हैं। इस वर्ष, इंद्री दिवाली कलेक्टर एडिशन 2023 ने सैकड़ों स्कॉच व्हिस्की, बॉर्बन्स, कैनेडियन व्हिस्की, ऑस्ट्रेलियाई और ब्रिटिश सिंगल माल्ट को पछाड़कर दुनियाभर में प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त किया है।इंद्री को मिला यह सम्मान बताता है कि भारत व्हिस्की के क्षेत्र में एक योग्य दावेदार के रूप में उभरा है, और दुनियाभर में भारत के नए उभरते सितारे इंद्री का डंका बज रहा है। पिकाडिली डिस्टिलरीज के संस्थापक, सिद्धार्थ शर्मा ने कहा, दुनियाभर में भारत को लेकर धारणा तेजी से बदल रही है।भारत और भारतीय सभी मोर्चों पर नए आयाम स्थापित कर रहे हैं, आप चाहे प्रौद्योगिकी की बात करें, व्यवसाय की, खेल की या फिर उच्च गुणवत्ता वाले प्रीमियम उत्पादों की, भारत की प्रतिष्ठा हर क्षेत्र में बढ़ रही है। इंद्री दिवाली कलेक्टर एडिशन 2023 एक पीटेड भारतीय सिंगल माल्ट है जो छह-पंक्तिवाली जौ से तैयार की गई है। यह भारत में तैयार किए गए पारंपरिक तांबे के बर्तनों में डिस्ट्रिल्ड की गई है।

### एचडीएफसी बैंक ने यूपीआई पर 3 नवीन डिजिटल भुगतान उत्पाद लॉन्च किये

**शिमला:** भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस)पर तीन अभिनव डिजिटल भुगतान उत्पादों के लॉन्च की घोषणा की।ये नवीनतम समाधान ग्राहकों और व्यापारियों के निर्बाध लेन देन में संलग्न होने के तरीके को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार हैं।ये तीन उत्पाद है,यूपीआई 123 पे,आईवीआर के माध्यम से भुगतान करें,व्यापारी लेन देन के लिए यूपीआई प्लग इन सेवा, और क्यूआर पर ऑटो पे,एचडीएफसी बैंक में पेमेंट बिजनेस,कंज्यूमर फाइनेंस, प्रौद्योगिकी और डिजिटल बैंकिंग के कंट्री हेड पराग राव ने बताया की ये अभिनव उत्पाद डिजिटल भुगतान के भविष्य का प्रतिनिधित्व करते है।

# 'जिला में टीबी मुक्त पंचायत अभियान के तहत आयोजित होगी गतिविधियां'

## 24 मार्च को टीबी मुक्त घोषित करने के लिए जिला स्तर पर समारोह का भी आयोजन होगा

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

**उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कहा कि जिला में** टीबी मुक्त पंचायत अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग एवं पंचायती राज विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 31 दिसंबर तक श्रृंखलाबद्ध गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। वे टीबी मुक्त पंचायत अभियान के तहत उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में मुख्य अतिथि भाग लेते हुए बोल रहे थे। साथ में उन्होंने यह भी कहा कि विभाग द्वारा टीबी मुक्त पंचायत को लेकर तैयार किए गए 13 मुख्य कार्य बिंदुओं के क्रियान्वयन के पश्चात जनवरी 2024 में प्रत्येक ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त घोषित करने के लिए निर्धारित मानकों का मूल्यांकन किया जाएगा तथा 24 मार्च को टीबी मुक्त घोषित करने के लिए जिला स्तर पर समारोह का भी आयोजन होगा।उपायुक्त ने ग्राम पंचायत स्तर पर क्षय रोग उन्मूलन को लेकर प्रभावी जागरूकता एवं जानकारी गतिविधियों के आयोजन को लेकर निर्देशित किया। उन्होंने यह निर्देश भी दिए की निगरानी व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने को लेकर सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। अपूर्व देवगन ने कहा कि चूंकि ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रमों के सफ ल क्रियान्वयन में पंचायती राज प्रतिनिधि की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। ऐसे में टीबी मुक्त पंचायत अभियान को लेकर सभी पंचायती राज प्रतिनिधि विभाग का हर संभव सहयोग करें। इस दौरान जिला में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय टांडा के तत्वावधान में हिमाचल प्रदेश तंबाकू नियंत्रण प्रगामी केंद्र कैच द्वारा जिला स्तर पर किए जा रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा भी की गई।



# डाक विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ ले आम आदमी

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**उपमंडल कोटली** मुख्यालय में डाक विभाग की तरफ से डाक समाज विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप जिला परिषद सदस्य कोटली कमलेश कुमारी रही। इसके साथ बीडीसी सदर मंडी के वाइस चेयरमैन भुवनेश ठाकुर, बीडीसी कोटली अरुण कुमार, बीडीसी खलाणु विमला देवी, बीडीसी कोट यशोधा देवी तथा 15 पंचायतों के सभी प्रधान व उप प्रधान और वार्ड सदस्यों ने भाग लिया। इस समारोह में कोटली उप डाकघर व साईगलू उप डाक घर मे आने वाली सभी डाक पाल ने भी भाग लिया। डाक विभाग की तरफ से संजय भारद्वाज निरीक्षक डाकघर मंडी मंडल ने विभाग की विभिन्न योजना के बारे में भी अवगत करवाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि डाक समाज विकास कार्यक्रम में डाक मंडल विभाग की विभिन्न सुविधाओं जैसे बचत बैंक, जीवन बीमा आईपीबीपी, आधार एमएसएससी, एईपीएसए एसएसए आदि के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डाक विभाग के माध्यम से छोटी-छोटी बचत करने की विभिन्न योजनाएं चला रखी है जिसके तहत आम गरीब आदमी अपनी छोटी-छोटी बचत करके अपनी आर्थिक दशा को सुदृढ़ कर सकता है।

# आपदा पीड़ितों की मदद को पभार गांव नवयुवक मंडल ने दान किए 7700 रुपए

**टीम एक्शन इंडिया/ चंबा/ हामिद**

**हिमाचल प्रदेश** महिला मोर्चा प्रदेश सचिव सीमा चंदेल ने संसद के विशेष सत्र में सोमवार को पेश किए गए महिला आरक्षण विधेयक को कैबिनेट में मंजूरी मिलने पर केंद्र की मोदी सरकार का आभार जताया है। इसके अलावा महिला मोर्चा अध्यक्ष वंदना योगी, मोर्चे के समस्त पदाधिकारियों समेत मोदी का आभार व्यक्त किया है। सीमा चंदेल ने बताया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक युगांतकारी कदम है। देश की आधी आबादी को उनका हक देने और भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने वाला यह निर्णय विकसित भारत के निर्माण में एक बड़ी भूमिका निभाएंगा। महिलाओं के लिए बहुत गर्व की बात होगी जब देश और प्रदेश स्तर पर कानून बनाने में महिलाओं की अहम भूमिका होगी। उन्होंने हिमाचल प्रदेश की वर्तमान विधानसभा पर बात करते हुए कहा कि अफ सोस की बात है कि वर्तमान में हमारी विधानसभा में सिर्फ एक महिला विधायिका है, परंतु आज देश और प्रदेश की हर महिला इस बात को लेकर आश्वस्त है की मोदी उन्हें उनका हक दिलवा कर रहेंगे और बहुत जल्दी ही हिमाचल प्रदेश विधान सभा में 22 महिलाओं को प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। उन्होंने महिलाओं का सम्मान बढ़ाने हेतु और महिलाओं का सशक्तिकरण करने हेतु मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का हार्दिक आभार प्रकट किया।



**O/o the Block Medical Officer Gopalpur Distt. Kangra (e-mail-bmogopalpur@gmail.com)**

No. HFW/BMO/GPR/Building/2023- Dated:-

AUCTION NOTICE

In compliance to the Director of Health Services, HP, Shimla office letter No. Swa-Pa-Ka-(Mukhya)(4)K-57/91-9110 dated 10/04/2023 and further Endst. by Chief Medical Officer, Kangra at Dharamshala vide No. Health/Bldg/HSC-Jia/2023-388 dated 21/04/2023, as the Health Department is going to auction the existing old unsafe Health Sub Centre Jia in the Gram Panchayat, Jia tehsil Palampur, Distt. Kangra through open auction on dated 03/10/2023 at 3:00 PM as per detail given below:

| Sr. No. | Brief description | Earnest money to be deposited | Time allowed for making clear site up to existing plinth level of the building by dismantling & removal of all dismantled material from site | Place of Auction |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Dismantling of old unsafe Building of HSC, Jia (Palampur) | 2500/- | 20 days | Old Health Sub Centre-Jia |

Terms & Conditions of auction:-

1. The building can be inspected by the interested parties before joining the auction bid.
2. The interested bidder will have to deposit earnest money of Rs. 2500/- in the shape of demand draft/FD in the name of Block Medical Officer, Gopalpur only pledged in the office of the undersigned on or before 03/10/2023 till 12:00 Noon before participating the auction bid. No demand draft of the bidder will be accepted after 12:00 Noon on dated 03/10/2023.
3. The highest bidder will have to deposit his /her highest bidding amount within two days after declaration of highest bidder in the office of the undersigned.
4. The highest bidder will have to deposit Rs. 5000/- as a security deposit in the shape of FDR pledged with the undersigned within two days after declaration of the highest bidder in the office of the undersigned.
5. The highest bidder will have to remove all unserviceable/serviceable materials from the site within stipulated period. In case of delay, the recovery @ Rs.1000/- per day shall be deducted from the security deposit.
6. The serviceable material will not be allowed to be carried away from the site till the unserviceable material is not removed completely.
7. The bidding committee reserves the right to accept or reject any bid without assigning any reason.
8. The bidder will have to follow all the application labour law during the execution of the said work.
9. Nothing shall be paid by department to the highest bidder.
10. The GST must be paid by the bidder at the final bid as admissible at Govt. rate.
11. The interested bidder shall above a valid GST registration No. and have to deposit the attested copy of same with undersigned before taking part in auction.

RO No. 2819/2023-2024

Block Medical Officer
Gopalpur

# विधानसभा सदन में हर मुद्दे पर घिर रही सुक्खू सरकार: राकेश जम्वाल

## नौ माह के कार्यकाल में जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरी सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

हिमाचल प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन वाली सरकार का नौ माह का कार्यकाल पूरी तरह नाकामयाबियों वाला रहा है। यह शब्द विधायक राकेश जम्वाल ने कहे। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी कार्यशैली को लेकर विधानसभा सदन में चौतरफ ा घिर रही है। विधानसभा सदन के भीतर सरकार फ र्जी आंकड़े पेशकर जनता को गुमराह करने का काम कर रही है। सदन के भीतर एक ओर हम सरकार की नाकामियों को सदन में रखकर जनता के सामने रख रहे हैं तो दूसरी ओर विधानसभा के बाद कर्मचारी व बेरोजगार अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन वाली सरकार को बने हुए सिर्फ नौ माह हुए हैं लेकिन प्रदेश सरकार जब से सत्ता में आई है तब से शिक्षण संस्थानों को बंद करने के लिए व्यवस्था परिवर्तन का काम कर रही है। अब तक प्रदेश सरकार ने एक हजार से ज्यादा शिक्षण संस्थान बन्द कर दिए हैं इसके अलावा प्रदेश की दूसरी विवि सरदार पटेल का दायरा कम कर शिमला की विवि पर एक बार फि र बोझ बढ़ाया है। सरकार ने ऐसा निर्णय लिया है जिससे दूरदराज के गरीब छात्रों से उच्च शिक्षा वंचित होगी। राकेश जम्वाल ने कहा कि एक ओर पीएम मोदी महिलाओं को सशक्त करने के लिए 33 फ ीसदी आरक्षण देने के लिए संसद में कानून पारित कर दिया है, दूसरी ओर हिमाचल में महिलाओं के साथ अभद्रता व अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है लेकिन प्रदेश की सरकार मूकदर्शक बनकर इस कुकृत्य को देख रही है। प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। प्रदेश में न महिलाएं सुरक्षित हैं और न ही आम जनता। आए दिनों जगह-जगह मर्डर हो रहे हैं और गुनहगार पुलिस को चकमा देकर बेखौफ घूम रहे हैं। कई जगह कांग्रेसी नेता सरकारी कर्मचारियों को धमकाकर गुंडई पर उतर आए हैं। जो बहुत ही निंदनीय व शर्मनाक है। प्रदेश सरकार ऐसे नेताओं के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करे अन्यथा भाजपा सडकों पर उतरकर प्रदर्शन करेगी। राकेश जम्वाल ने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन वाली सरकार ने सत्ता में आने के लिए झूठी गारंटियां गिनवाई आज नौ माह बाद भी उन पर अमल नहीं हो रहा है। जिससे प्रदेश की जनता आज निराश व हताश है। खासकर महिलाओं के साथ किया गया 1500 रुपए देने का वादा महज एक छलावा था आज नौ माह बाद भी प्रदेश की बहनें व माताएं 1500 रुपए का इंतजार बेसब्री से कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इन तमाम मुद्दों को लेकर भाजपा सदन के भीतर व बाहर सरकार को घेर रही है और 25 सितंबर को इन तमाम मुद्दों को लेकर विधानसभा का घेराव किया जाएगा।



# तंबाकू के दुष्प्रभावों को लेकर जनसाधारण में जागरूकता के लिए कार्यशाला आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/ हामिद**

**जिला को तंबाकू** मुक्त बनाने को लेकर जारी मुहिम के तहत डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय टांडा के तत्वावधान में हिमाचल प्रदेश तंबाकू नियंत्रण प्रगामी केंद्र कैच के तत्वावधान में बचत भवन में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया ।कार्यशाला में जिला मुख्यालय स्तर पर कार्यरत प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक तथा सोशल मीडिया कर्मियों ने भाग लिया। कार्यशाला में वरिष्ठ पत्रकार बाल कृष्ण पराशर मुख्य अतिथि तथा प्रधान प्रेस क्लब चंबा दीपक शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे ।बाल कृष्ण



पराशर ने तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के प्रभावी प्रचार-प्रसार में मीडिया कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका बताते हुए सामूहिक भागीदारी के निर्वहन का भरोसा दिया। कार्यशाला में प्रेस प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी स्वास्थ्य डॉ. करण हितेषी ने केंद्र की कार्य प्रणाली की जानकारी प्रदान करते हुए विभिन्न तंबाकू नियंत्रण नियमों से संबंधित जानकारियां सांझा की। उन्होंने इस दौरान शारीरिक और मानसिक स्तर पर तंबाकू उत्पादों से होने वाली गंभीर दुष्प्रभावों की जानकारी भी प्रदान की। साथ में उन्होंने जागरूकता गतिविधियों के प्रभावी प्रचार-प्रसार में मीडिया की महत्वपूर्ण सहभागिता उपलब्ध करवाने का मीडिया कर्मियों से आह्वान भी किया। डा. राजेंद्र प्रसाद राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय से हिमाचल प्रदेश तंबाकू नियंत्रण प्रगामी केंद्र कैच के समन्वयक डॉ. ऐश्वर्या ने तंबाकू नियंत्रण को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी।

# खामियों भारी झूठी कांग्रेस सरकार, जनता परेशानः भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/ चमन शर्मा**

**भाजपा प्रदेश** महामंत्री त्रिलोक कपूरए बिहारी लाल शर्मा और डॉ. सिकंदर कुमार ने कहा की हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार एक फेल सरकार है। किसी भी तरफ नजर उठा कर देख लो तो इस सरकार की केवल मात्र खामियां ही नजर आएगी, उपलब्धियां के नाम पर यह सरकार एक बहुत बड़ा शून्य है परंतु नाकामियों और खामियों की दृष्टि से यह सरकार विकास प्रतिस्पर्धा में प्रथम है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश के कार्यकर्ता 25 सितंबर को शिमला में कांग्रेस सरकार को आईना दिखाएंगे, जोरदार प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस पार्टी की



नाकामियों को एक-एक करके सामने लाएंगे और जिस प्रकार से जनता को इस सरकार से परेशानी हो रही है वह सभी के समक्ष लेंगे ।कांग्रेस सरकार के सभी नेता झूठे हैं और केवल मात्र झूठ के भरोसे ही अपना कार्यकाल काट रहे हैंए आपने देखा होगा कि जब भी जनता, प्रशासन और समाज इस सरकार से प्रश्न पूछता है तो झूठ बोलने में यह लोग संकोच नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि कुप्रबंधन की दृष्टि से यह सरकार सबसे प्रबल रूप से चल रही हैए हिमाचल प्रदेश के 13 निगमों एवं बोर्डों इस समय घाटे में चल रहे हैं। इसमें सबसे अधिक हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड का घाटा 1809.60 करोड़ रुपए पहुंच गया है।

# झूठों की टोली के सक्रिय सदस्य है विक्रमादित्य सिंह : भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**भाजपा प्रदेश** मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा, सह मीडिया प्रभारी प्यार सिंह और प्रत्याशी रवि मेहता ने कहा की कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने जिस प्रकार से नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के ऊपर टिप्पणी करी है वह दुर्भाग्यपूर्ण है ।केवल मात्र सुर्खियों में बने रहने के लिए इस प्रकार की टिप्पणियां विक्रमादित्य सिंह को शोभा नहीं देती है। अगर बात करें तो वर्तमान सरकार के समय ही विक्रमादित्य सिंह अपने बयानों से कई बार पलट चुके हैं इस बात के बारे में चर्चा करना व्यर्थ है, क्योंकि यह जग जायर



है। शायद पालतुराम का खताब तो विक्रम को मिलना चाहिए, आपदा की घड़ी में किस प्रकार से विक्रमादित्य सिंह अपने बयान से बार-बार पलट देते थे यह जनता जानती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी विरोधाभास से ग्रस्त है और आपसी तनाव के कारण कांग्रेस के नेता खुद अपनी ही पार्टी में घुटन महसूस कर रहे हैं। अनेकों बार कांग्रेस पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह कांग्रेस के हाई कमान के आगे अपनी पार्टी के धुखड़े रो चुकी है, कुलदीप राठौर, राजेंद्र राणा, सुधीर शर्मा जैसे अनेकों नाम कई बार सोशल मीडिया और मीडिया में अपना दुख प्रकट कर चुके हैं। शायद इसी घुटन के कारण कांग्रेस नेता अपना वर्चस्व कायम रखने के लिए इस प्रकार की बयान बाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 25 सितंबर को भाजपा विधानसभा के बाहर एक बड़ा धरना प्रदर्शन करने जा रही है उससे कांग्रेस पार्टी को स्पष्ट हो जाएगा कि किस प्रकार से उन्होंने अनेकों मोर्चों पर जनता को धोखा दिया है। झूठों की टोली के सक्रिय सदस्य है विक्रमादित्य सिंह जब पूरा कुनबा ही झूठ बोलता है तो वह सच कैसे बोल सकते हैं।

# हटली में शुरू हुई अंडर-19 लडकों की खेलकूद प्रतियोगिता

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**उपमंडल बंगाणा** के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटली में खंड स्तरीय अंडर-19 लडकों की खेलकूद प्रतियोगिता शुरू हुई। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर कुटलैहड़ विधायक देवेंद्र भुटटो ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। स्कूल प्रवक्ता विवेक शील शर्मा ने बताया कि खंड स्तरीय खेल प्रतियोगता में 39 स्कूलों के 600 छात्र हिस्सा ले रहे हैं। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में वालीबॉल, कबड्डी, खो खो, बैडमेंटिन, कुश्ती आदि 6 प्रकार की खेलों होंगी। मुख्यतिथि देवेंद्र भुटटो में कहा कि मेरे कुटलैहड़ विस क्षेत्र में कोई भी बच्चा आर्थिक तंगी के कारण शिक्षा एवं खेलों से वंचित नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में खेलों के लिए सरकार ने खिलाडि?ों को बेहतर मंच प्रदान कर रही है, ताकि युवा वर्ग पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी बेहतर रुचि दिखाकर जीवन को सार्थक और सफल बना सके। भुटटो ने कहा कि हटली स्कूल से हमारा बहुत पुराना नाता है और हमने समय समय पर हटली स्कूल को बेहतर और आदर्श बनाने के लिए कार्य किया है। इस मौके पर राज्य रेडक्रॉस सोसायटी के प्रदेश संयोजक सुरेंद्र ठाकुर, रिटायर्ड प्रिंसीपल मदन पटियाल, विपन पटियाल, डॉ तरसेम सिंह, सुरेश भारती, यशवंत परमार, सुरेंद्र हटली सहित अन्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### देश में सबसे अधिक कर्ज लेने वाले 5 राज्यों में हिमाचल शामिल

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा। देश में सबसे** अधिक कर्ज लेने वाले 5 राज्यों में हिमाचल शामिल हुए हैं। हिमाचल प्रदेश कर्ज इतना ज्यादा बढ़ गया है कि हर व्यक्ति 1 लाख 2 हजार 818 रुपए के कर्ज के बोझ तले दबा हुआ है। मानसून सत्र के चौथे दिन उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने राज्य की वित्तीय स्थिति पर वक्तव्य दिया। प्रदेश में कांग्रेस सरकार को



सत्ता संभालने के साथ 92,774 करोड की देनदारियां विरासत में मिली। 31 मार्च, 2023 तक प्रदेश पर कर्जे का बोझ बढकर 76,631 करोड़ तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने चुनावी वर्ष में 16261 करोड रुपए का कर्ज लिया। कर्ज की राशि को प्रदेश के विकास के लिए नहीं बल्कि चुनाव जीतने के लिए खर्च किया गया। अमृत महोत्सव समारोहों पर 7 करोड रुपए खर्च किए हैं। रैलियों के लिए इस्तेमाल के लिए हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम की बसों की देनदारियां 8.50 करोड़ अभी भी लंबित है।

### बारिश से प्रभावित बनेहड़ गांव का एसडीएम ने किया दौरा, राहत कार्यों का लिया जायजा

**टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनगर/संगराय । एसडीएम जोगिंद्रनगर** कृष्ण कुमार शर्मा ने उपमंडल की ग्राम पंचायत रोपा पधर के गांव बनेहड़ का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने भारी बरसात के कारण बेघर हुए दो परिवारों के परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस बीच एसडीएम ने प्रभावित परिवारों को सरकार की ओर से मिली आर्थिक



सहायता एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। प्रभावित परिजनों ने बताया कि सरकार की ओर उन्हे 1 लाख 20 हजार रुपये प्रति परिवार आर्थिक मदद उनके बैंक खातों में पहुंच चुकी है। साथ ही प्रशासन की ओर से तिरपाल भी उपलब्ध करवाए गए हैं। पिछले दिनों भारी बरसात के कारण बनेहड़ गांव के तेज राम व संजय कुमार के रिहायशी मकानों को भूस्खलन के चलते भारी नुकसान हुआ है तथा इन दोनों परिवारों को गांव के दूसरे लोगों के घरों में शरण लेनी पड़ी है ।एसडीएम ने प्रभावित परिवारों को भरोसा दिलाया कि सरकार की ओर से मिलने वाली हर संभव मदद उन तक पहुंचाई जाएगी। साथ ही यदि उन्हे राशन सहित अन्य किसी प्रकार की दिक्कत होती है तो वे सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं। साथ ही बताया कि भूस्खलन को रोकने के लिए मनरेगा के तहत सुरक्षा दीवार निर्मित करने को शेल्फ स्वीकृत कर दिया गया है तथा जल्द ही इसका निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा ।इस मौके पर कानूनगो संजय शर्माए पटवारी रीता देवी भी मौजूद रहीं।

### आयुष्मान भारत और हिमकेयर हेल्थ कार्ड से निशुल्क इलाज किया जाता है

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी।** 23 सितंबर, 2023 को आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के 5 वर्ष पूरे होने के अवसर पर सभी पात्र लाभार्थियों के लिए 23-29 सितंबर तक निम्न सूचीबद्ध अस्पतालों जैसे नागरिक अस्पताल निरमंड क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू नागरिक अस्पताल आनी, नागरिक अस्पताल मनाली, नागरिक अस्पताल बंजार, समुदायक स्वस्थ्य केंद्र जरी, लेडी विलिंगडन अस्पताल मनाली, एसआर अस्पताल कलैहली, भानू अस्पताल कलैहली लाइफ लाइन केयर अस्पताल कुल्लू, हरिहर अस्पताल कुल्लू,नेफ्र ो केयर हेल्थ सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड सुल्तानपुर, आशीष अस्पताल कुल्लू, कुल्लू वैली बंगा आई अस्पताल, सिटी अस्पताल कुल्लू कुल्लू वैली अस्पताल, हरिहर अस्पताल मनाली, हरीहर अस्पताल भुंतर, लक्ष्मी आई सेंटर गाँधी नगर, नागरिक अस्पताल तेगुबेहड, भुंतर वैती अस्पताल,भागमली अस्पताल आनी, इत्यादि में आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड बनाए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा की उक्त सभी अस्पतालों में आयुष्मान भारत और हिमकेयर दोनों तरह के हेल्थ कार्ड की सुविधा है अत: इन सभी अस्पतालों में भी हेल्थ कार्ड से निशुल्क इलाज किया जाता है।

# भाजपा 25 सितंबर को विधानसभा का करेंगी घेरावः मेलाराम शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/ एसपी जैरथ**

**सिरमौर जिला** भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा और जिला महासचिव बलबीर ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की छल, कपट और ठगी की राजनीति के खिलाफ भाजपा 25 सितंबर को शिमला में विधान सभा का घेराव किया जाएगा। उन्होंने कहा की कांग्रेस सरकार को हिमाचल प्रदेश में स्थापित हुए 10 महीने हो चुके हैं और तबसे अब तक 1000 से अधिक सरकारी संस्थान बंद कर चुके हैं, जिसका कांग्रेस आज तक जवाब नहीं दे पाई ।भाजपा नेताओं ने बताया कि भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल में डीजल पर 7 रुपये की कटौती की थी, पर आते ही इस कांग्रेस सरकार ने इसको बड़ा दिया। केंद्र सरकार गैस सिलेंडरों के दाम घट रही है और प्रदेश की शुक्र सरकार डीजल पर बैठ बढ़ा रही है। औद्योगिक इकाइयों पर बिजली शुल्क बढ़ाने से राशन, तेल और अन्य उत्पाद के दाम बढने से महंगाई की मार से हिमाचल प्रदेश की जनता की कमर तोड़ दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने के 10 महीनों के उपरांत भी चुनाव के दौरान आम जनता को दी गई 10 गारंटीयों मे से एक गारंटी भी पूरी नहीं की। जब से हिमाचल बना है तब से हिमाचल के इतिहास में कांग्रेस सरकार द्वारा आम जनता के साथ यह सबसे बड़ी ठगी हुई है। मेलाराम शर्मा ने बताया कि कांग्रेस ने चुनाव के दौरान प्रत्येक महिला को रू 1500 मासिक भत्ता देने का वादा किया था परन्तु अभी तक एक भी महिला को यह भत्ता प्राप्त नहीं हुआ।

उन्होंने कहा कि इससे भी बड़ी ठगी बेरोजगार युवाओं के साथ हुई है जिन्हें चुनाव के दौरान हर साल एक लाख युवाओं को रोजगार देने की गारंटी दी गई थी परंतु 10 महीने का कार्यकाल बीत जाने के बाद अभी तक एक भी बेरोजगार को नौकरी नहीं मिली। दूसरी और पूर्व भाजपा सरकार द्वारा स्वीकृत किए गए हजारों पदों के परिणाम कांग्रेस सरकार द्वारा हमीरपुर स्थित अधीनस्थ चयन आयोग को बर्खास्त किये जाने के कारण लंबित है।

# सदाशिव मंदिर पहुंचे आर्य स्कूल के नौनिहाल

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। आर्य पब्लिक** स्कूल बंगाणा का कक्षा एलकेजी और यूकेजी का शैक्षणिक भ्रमण ध्यूंसर महादेव मंदिर तलमेहड़ा के लिए आयोजित किया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण में 40 छात्र-छात्राएं और चार अध्यापिकाएं शामिल रहे। छात्रों को इस दौरान तमलेट, शिव मंदिर ठढूं, राधा कृष्ण मंदिर बड़ोआ समेत अन्य दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करवाया गया। छात्रों ने जहां ज्ञानवर्धक जानकारियां हासिल कीं, वहीं खूब मस्ती भी की। छात्रों में प्रतिष्ठा, जीवा बधान, राव्या सोनी नायरा खुल्लर, निहारिका, यशिका, गरिमा, रुद्र शिवाय ठाकुर, रजत, आरोही जसवाल,अतिक्ष, सारवी सानवी समेत कईयों ने बताया कि इस भ्रमण के दौरान हमने खूब मस्ती की और सदाशिव मंदिर में माथा भी टेका।

# इनरव्हील क्लब सोलन मिड टाउन द्वारा माध्यमिक पाठशाला सपरून में करवाई कई प्रतियोगिताएं

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/ मनीष**

**हिंदी पखवाड़े** के तहत इनरव्हील क्लब सोलन मिड टाउन द्वारा माध्यमिक पाठशाला सपरून में हिंदी के महत्व को समझने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें सुलेख लेखन, निबंध लेखन, वह भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने इन प्रतियोगिताओं में बढ़-चढकर भाग लिया। वही क्लब की प्रधान उषा ठाकुर द्वारा छात्रों को हिंदी भाषा और साहित्य



के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने सभी छात्रों को समझाया कि हमें हिंदी भाषा में बोलने वाले लिखने में शर्म नहीं करनी चाहिए क्योंकि हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है। उन्होंने इस अवसर पर छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि हिंदी भाषा को और अधिक समृद्ध बनाने के लिए हम सबको मिलकर प्रयास करना चाहिए। क्लब द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# क्रांतिकारी कदम है नारी शक्ति वंदन विधेयकः विनय गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/ एसपी जैरथ**

**केंद्र की मोदी** सरकार द्वारा लोकसभा में लाए नारी शक्ति वंदन विधेयक बिल को जिला सिरमौर भाजपा ने ऐतिहासिक करार दिया है। जिला सिरमौर के भाजपा अध्यक्ष विनय गुप्ता ने कहा कि अब देश की आधी आबादी को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। महिलाएं प्रजातंत्र में आगे बढ़ाकर देश की राजनीति में अपनी भागीदारी सुनिश्चित बनाएगी। नाहन में पत्रकारों से रूबरू हुए जिला भाजपा के अध्यक्ष विनय गुप्ता ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने नारी शक्ति को बढ़ाने और महिला सशक्तिकरण के लिए




कार्य करने के लिए कई ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। अब लोकसभा में नारी शक्ति वंदन विधेयक बिल को लाकर केंद्र की मोदी सरकार ने क्रांतिकारी फैसला लिया है अब देश की राजनीति में 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को मिलेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं की प्रजातंत्र में भागीदारी बढ़ाने के लिए भारत की राजनीति के प्रदर्शित को बदलने वाला यह कदम है। जिसके लिए वह देश की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देते हैं। जिला भाजपा अध्यक्ष ने प्रदेश कांग्रेस सरकार पर भी निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि लगातार बीते महीनों में प्रदेश सरकार ने जन विरोधी निर्णय लिए हैं। भाजपा सरकार के कार्यकाल में खुले सैकड़ों संस्थानों को बंद किया है। आपदा में प्रभावितों को राहत नहीं पहुंचाई गई। कर्मचारियों का चुन चुन कर तबादला कर उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। लगातार महंगाई को बढ़ावा दिया जा रहा है। इन सभी मुद्दों को लेकर 25 सितंबर को भाजपा विधानसभा का घेराव करने जा रही है। उन्होंने बताया कि जिला सिरमौर से भी इस घेराव में 1500 भाजपा कार्यकर्ता भाग लेने के लिए जाएंगे।

# विधानसभा अध्यक्ष ने दाडगी स्कूल के छात्र-छात्राओं को समझाई लोकतान्त्रिक प्रणाली

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

गत दिवस को पूर्वाह्न 10:30 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दाडगी, शिमला के छात्र-छात्राओं ने सदन की कार्यवाही देखने से पूर्व हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां से मुलाकात की। इस दौरान छात्र छात्राओं ने विधानसभा अध्यक्ष से आज होने वाली कार्यवाही के बारे में पूछा तथा संसदीय कार्यप्रणाली की जानकारी ली। इस अवसर पर छात्रों को सम्बोधित करते हुए विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि हि.प्र. विधानसभा के सदन की अपनी







गरिमा है तथा यह विधान सभा अपनी उच्च परम्पराओं के लिए पूरे देश में जानी जाती है। पठानियां ने कहा कि हि.प्र. विधान सभा का अपना एक गौरवशाली इतिहास रहा है। उन्होंने कहा कि कौंसिल चैम्बर का निर्माण वर्ष 1920 से 1925 के बीच में हुआ था। इस सदन को विठ्ठल भाई पटेल तथा मोती लाल नेहरू जैसी महान विभूतियों ने सुशोभित किया था। पठानियां ने कहा कि लोकतन्त्र के इस मन्दिर मे ही चचाओं के माध्यम से समस्याओं का समाधान होता है यही सदस्य अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने का प्रयास करते हैं। पठानियां ने कहा कि आज के युवा तथा छात्र- छात्राएं जिस तरह से सदन की कार्यवाही को देखने आ रहे हैं वह लोकतान्त्रिक प्रणाली के लिए एक अच्छा संकेत है तथा इससे देश का संविधान तथा लोकतन्त्र लगातार सुदृढ़ हो रहे हैं। इस अवसर पर पठानियां ने सभी छात्र-छात्रओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं भी दी।

# स्वयंसेवियों ने जगाई स्वच्छता की अलख

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। राजकीय महाविद्यालय** दौलतपुर चौक की एनएसएस की इकाई ने स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत वीरवार को विद्यालय परिसर की सफाई के लिए रेगुलर एक्टिविटी का आयोजन किया। इसमें कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर युद्धवीर सिंह पटेल की अध्यक्षता एवं दिशा निर्देशन में स्वच्छता अभियान चलाया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ लीना शर्मा एवं प्रोफेसर हितेश रतन ने बताया कि इस अवसर विद्यार्थियों ने कॉलेज केंपस की क्यारियों को साफ किया। इस अवसर पर डा. मनोज कोहल, डा. सतेंद्र शर्मा, डा. अंजू पाठक व डा. निधि शर्मा इत्यादि उपस्थित रहे।

# 1 लाख रुपए का चैक भेंट किया

**आभार**

## 8 पुनीत कार्य के लिए मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ का आभार व्यक्त किया



**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**गत दिवस** को हिमाचल प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ की नव गठित कार्यकारणी प्रदेशाध्यक्ष प्रदीप ठाकुर की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश सुखविंदर सिंह सुक्खू से विधानसभा सत्र के दौरान शिमला में मिले। हिमाचल प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ ने मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में मुबलिक 1 लाख रुपए का चैक भेंट किया, इस आपदा के समय में ऐसे पुनीत कार्य के लिए मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ का आभार व्यक्त किया। प्रदेशाध्यक्ष प्रदीप ठाकुर ने मुख्यमंत्री को अवगत करवाया की अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के पूरे हिमाचल में ब्लॉक स्तर, जिला स्तर व प्रदेश स्तरीय चुनाव सौहार्दपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गए, साथ ही मुख्यमंत्री से महासंघ के साथ संयुक्त समन्वय समिति की बैठक बुलाने का आग्रह किया गया। जिसपर मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया की शीघ्र कर्मचारियों के साथ बैठक की जाएगी। इस उपलक्ष्य में हिमाचल प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के प्रदेश कार्यकारणी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सौरव वैद व दर्शोक ठाकुर, महामंत्री भरत शर्मा, मुख्य संरक्षक एमआर वर्मा, मुख्य सलाहकार शमशेर सिंह ठाकुर, सहित आदि उपस्थित रहे।

# ऑलमाइटी पब्लिक स्कूल ने आपदा राहत कोष के लिए दिया दान

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**पिछले दिनों** हुई भारी बारिश, बाढ़ भूस्खलन एवं बादल फ टने की घटना से आई प्राकृतिक आपदा के लिए ऑलमाइटी स्कूल ने आपदा राहत कोष के लिए 35 हजार रुपए की धनराशि का योगदान दिया है। सबको विदित है कि पूरा प्रदेश प्राकृतिक आपदा से जूझ रहा है।

**उपायुक्त हमीरपुर हेमराज बैरवा को चेक किया भेंट**

सभी वर्गों के लोग इस आपदा राहत के लिए अपना-अपना सहयोग कर रहे हैं। इसी क ड़ी में ऑलमाइटी पब्लिक स्कूल के छात्रों, प्रिंसिपल डायरेक्टर पूजा मिन्हास, प्रधानाचार्या निवेदिता शर्मा, स्कूल के हेड बॉय और हैड गर्ल के द्वारा आपदा राहत कोष राशि उपायुक्त हमीरपुर हेमराज बैरवा को सौंपी गई। इस अवसर पर प्रिंसिपल डायरेक्टर पूजा मिन्हास ने कहा कि ऑलमाइटी पब्लिक स्कूल नेक कार्यों के लिए हमेशा अग्रणी रहता है। उन्होंने कहा कि ऐसे नेक कार्यों से बच्चों में नैतिक मूल्यों को जानने का अवसर मिलता है। वहीं उन्होंने इस अवसर पर बच्चों को बचत करना, दान के मूल्य को समझना, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि समाज का हर वर्ग बढ़-चढकर अंशदान कर रहा है जिसके लिए ऑलमाइटी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने भी अपने सामर्थ्य के अनुसार मेनेजमैंट सहित आपदा राहत कोष के लिए दान दिया।



## अंब में 180 दिव्यांगजनों का हुआ रजिस्ट्रेशन

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। सामाजिक न्याय** और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम संस्था द्वारा वीरवार को अंब में निशुल्क कान की मशीन, व्हीलचेयर, ट्राई साइकिल, कृत्रिम अंग कैलिपर सहित आदि का मूल्यांकन कैंप लगाया गया। कैंप का शुभारंभ उपमंडल अधिकारी अंब विवेक महाजन ने किया। उन्होंने कहा कि इस कैंप में उपमंडल अंब की विभिन्न ग्राम पंचायत के लोग कैंप का लाभ लेने के लिए पहुंचे। इस कैंप में लगभग 180 के करीब दिव्यांगजनों का रजिस्ट्रेशन किया गया। रजिस्ट्रेशन करने के उपरांत संस्था के डॉक्टरों द्वारा दिव्यांगजनों का मूल्यांकन किया गया। कुछ ही दिनों में पात्र दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग तथा कान की मशीन वितरित किए जाएंगे। इस कैंप में तहसीलदार अंब प्रेमलाल धीमान, नायब तहसीलदार कमलेश कुमार, विकास खंड अधिकारी अंब सुशील कुमार, कानूनगो अच्छर राम, संस्था के डॉ. तुषार सिंह, डॉ. शिवानी शर्मा, डॉ. मीनू कटवाल आदि उपस्थित रहे।

# नंगड़ा में शुरू हुई अंडर-19 स्कूली खेल प्रतियोगिता

## 26 स्कूलों के 352 खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम



**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**सीनियर सेकेंडरी** स्कूल नंगड़ा में वीरवार को चार दिवसीय अंडर-19 जोनल स्कूली खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष सतपाल रायजादा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए खेल स्पर्धा का आगाज किया। खंड स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता के अंडर-19 वर्ग में 26 विद्यालयों के 352 खिलाड़ी विभिन्न प्रतिस्पधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। चार दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता का समापन 24 सितंबर को किया जाएगा। पूर्व विधायक ने खिलाडि?ों को संबोधित करते हुए एक तरफ जहां खेल भावना से खेलने का संदेश दिया वहीं उन्होंने कहा कि स्कूली छात्र-छात्राएं यदि शैक्षणिक जीवन से ही खेलों के प्रति अपनी रुचि बढ़ाएंगे, तभी वह नशों से खुद को बचाकर रख सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश इसका सरकार स्कूलों और खेलों को लेकर उपयोगी योजनाएं ला रही है। जिसके तहत एक तरफ जहां स्कूलों में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र-छात्राओं को बेहतरीन एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सके वही खिलाडियों को भी स्कूली स्तर से अपने आप को बड़े खिलाड़ी के रूप में विकसित करने की सुविधा मुहैया करवाई जा सके।

उन्होंने शिक्षकों को भी निर्देश दिया कि वह छात्र-छात्राओं को उनकी प्रतिभा के अनुसार तैयार कर उनके उज्जवल भविष्य की नींव को मजबूत करें। इस मौके पर पंचायत प्रधान रणविजय सिंह, जनकौर प्रधान पूजा, फतेहपुर प्रधान विजय धीमान सहित अन्य उपस्थित रहे।

# राजनीति से ऊपर उठ कुल्लू विधानसभा क्षेत्र के लिए समर्पित हैं सीपीएस सुंदर ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**कुल्लू विधानसभा** क्षेत्र में जिस प्रकार मुख्य संसदीय सचिव एवं कुल्लू विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर तेज गति से विकास कार्यों को अंजाम दे रहे हैं। उसके मद्दे नजर वह दिन दूर नहीं जब कुल्लू विधानसभा क्षेत्र विकास की नई गाथा लिखेगा। यह बात प्रदेश इंटक मीडिया सेल प्रभारी राजेंद्र चौधरी ने कही। राजेंद्र के अनुसार कुल्लू विधानसभा क्षेत्र जो कि पिछले कई दशकों से अनदेखी की मार झेलता आया है अब स्थानीय विधायक एवं सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर के कुशल नेतृत्व वह दूरदर्शिता के चलते पिछड़े हुए क्षेत्र में विकास की लो जग रहा है। उन्होंने कहा कि पीज काइसधर इको फ्रेंडली मार्ग का निर्माण करके उस पर इलेक्ट्रिक व्हीकल चलना हो या फि र पीज से ही पैराग्लाइडिंग शुरू करवाना यह जिला मुख्यालय के साथ लगते क्षेत्र के विकास के लिए अति आवश्यक था जिसे सुंदर ठाकुर ने दूरदर्शिता का परिणाम देकर सिरे चढ़ाया। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार जिला मुख्यालय में भी अनेकों विकासात्मक कार्य परवान चढ़े हैं जो कि पिछले काफी वर्षों से विकास की बाट जोह रहे थे। उन्होंने कहा कि जो विकासात्मक कार्य सुंदर ठाकुर के कुशल नेतृत्व में अंजाम दिए जा रहे हैं उन्हें पहले भी अंजाम दिया जा सकता था परंतु दूरदर्शिता वह समर्पण की कमी के चलते दशकों से कुल्लू विधानसभा क्षेत्र पिछडेपन की फेहरिस्त में शामिल रहा।



# खेल के मैदान को साफ रखने का खिलाड़ियों ने उठाया बीड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**नगर के पीजी** कालेज हॉकी मैदान में खिलाडियों ने स्वच्छता अभियान छेड़ा है। मैदान के चारों ओर उगी झाडियों को उखाडये के लिए सुबह के सत्र में अभ्यास करने आते खिलाड़ियों ने वीरवार को उतरी छोर पर उगी अवांछित झाडियों को उखाड़ा। यहां पर पड़ी लोहे की जालियों और अन्य सामग्री को हटाकर साफ -सफ ई की। इन खिलाडियों का नेतृत्व कर रहे मोहम्मद साहिल ने बताया कि मैदान की स्वच्छता खिलाडियों को न सिर्फ तरोताजा रखने में मदद करती है बल्कि मानसिक सुकून भी प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि वे बचपन से इसी मैदान में खेलते आए हैं तथा मैदान का रख-रखाव और स्वच्छ रखना न सिर्फ उनकी बल्कि सभी खिलाडियों की नैतिक जिम्मेवारी बनती है। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम के बाद मैदान के चारों ओर गाजर बूटी की भरमार हो जाती है जबकि डंगे पर भी अनावश्यक झाडियां उग आई हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन थोड़ा समय निकाल कर इस झाडियों को उखाड़ा जा रहा है।



# इंडस में साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर हुई चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**इंडस इंटरनेशनल** यूनिवर्सिटी बाथू में वीरवार को एक साइबर सुरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया। शिविर में साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में नवीनतम रुझानों, चुनौतियों और समाधानों पर चर्चा करने के लिए विशेषज्ञ विनय सरदाना मौजूद रहे। उन्होंने साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर गहराई से चर्चा की। विशेषज्ञ विनय ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं स्टाफ को साइबर क्राइम के बारे जागरूक किया। उन्होंने छात्रों से बाहरी मेमोरी उपकरणों, सार्वजनिक नेटवर्क का उपयोग करते समय और ईमेल प्राप्त करते और भेजते समय जागरूक रहने को कहा। उन्होंने नेटवर्क तक पहुंचने वाले प्रत्येक उपयोगकर्ता और डिवाइस को सत्यापित करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने संगठनों के बीच सहयोग और खतरे की खुफिया जानकारी साझा करने के महत्व को रेखांकित किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. संजय बहल और रजिस्ट्रार डॉ. जगदेव सिंह राणा ने छात्रों के साथ इस महत्वपूर्ण ज्ञान को साझा किया। उन्होंने छात्रों को यह भी सलाह दी कि वे उन साइबर खतरों से अवगत रहे।



# कृषि विभाग द्वारा जायका परियोजना के तहत हुरला गांव में जागरूकता शिविर का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**कृषि विभाग द्वारा** प्रदेश में चल रहे फ सल विविधीकरण परियोजनाए जायका चरण-दो के तहत विकास खंड कुल्लू के हुरला गांव में गत दिवस कृषक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया । जिसमे हुरला गाँव के किसानों ने भाग लिया। जागरूकता शिविर में परियोजना प्रबंधक प्रदीप ठाकुर ने किसानों को फ सल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना की मुख्य विशेषताएं, प्रावधान व इसके उद्देश्यों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की उन्होंने कहा कि फ सल विविधीकरण परियोजना के तहत कृषि के क्षेत्र में आवश्यक बुनियादी ढांचे के विकास के माध्यम से फ सल विविधीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है।उन्होंने कहा किए लघु सिंचाई सुविधाओं के विकास और सुधार, डेयरी, मधुमखी पालन, शीटाके मशरूम की खेती के माध्यम से आजीविका में सुधार ओर किसानों की सिंचाई एवं बाजार आधारित फ सलोंत्पादन में क्षमता निर्माण आदि के क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने किसानों से योजना का लाभ उठाने के लिए आगे आने का आग्रह किया।उन्होंने कहा कि परियोजना के तहत कुल्लू तथा लाहौल में अब तक कुल 21 उप-परियोजनाओं का चयन किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य लघु सिंचाई योजनाओं के निर्माण से किसानों के खेतों तक नियमित रूप से सिंचाई सुनिश्चित करवाना, कृषि प्रसार व विकास गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ-साथ मूल्य श्रृंखला प्रबंधन व कृषि विपणन और संस्थागत विकास के क्षेत्र में कार्य किया जाएगा।

## बीनेवाल में 8 वर्षीय बच्चे को हुआ सर्पदंश

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी। थाना ऊना** के तहत बीनेवाल में 8 वर्षीय बच्चे को सांप ने काट लिया हैं। जिसे उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना ले जाया गया हैं। वहीं पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी हैं। जानकारी के मुताबिक अमनदीप पुत्र यशवंत सिंह निवासी बीनेवाल बुधवार देर रात्रि घर पर मौजूद था। इसी दौरान अमनदीप को सांप ने काट लिया। परिजन अमनदीप को क्षेत्रीय अस्पताल ऊना ले गए। यहां पर अमनदीप उपचारधीन हैं। एसपी ऊना अर्जित सेन ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस ने मामले को दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

# प्रश्नकाल ठेकेदारों को पेमेंट न मिलने पर गरमाई विधानसभा

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

हिमाचल प्रदेश जल शक्ति विभाग और लोक निर्माण विभाग में ठेकेदारों की पेमेंट को रोके जाने के मसले पर आज विधानसभा में खूब गर्मागर्मी हुई। विपक्ष ने इस मुद्दे पर खूब हंगामा किया और बाद में पूरा विपक्ष सदन से उठकर बाहर चला गया। भाजपा विधायक रणधीर शर्मा ने प्रदेश में ठेकेदारों की पेमेंट में कट लगाने से जुडा सवाल पूछा। उन्होंने सरकार पर जानकारी छिपाने का आरोप लगाया। इस पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि किसी भी ठेकेदार की पेमेंट नहीं रोकी गई। विपक्ष के सदन से बाहर चले जाने पर उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि भाजपा में लीडरशिप का क्राइसिज पैदा हो गया है। मुख्यमंत्री पर झूठी सूचना देने का आरोप लगाना असंसदीय है। उन्होंने विपक्ष के व्यवहार की निंदा की। हिमाचल में भांग की खेती को वैध करने की तैयारी है। विधानसभा में मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने कहा कि इसे लेकर सरकार ने राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर रखी हैए जो प्रदेश व स्टेट से बाहर उत्तराखंड और राजस्थान का दौरा कर चुकी है। अब यह कमेटी चार देशों का दौरा करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कमेटी ने जुलाई महीने में चार देशों का दौरा करना था, जहां पर भांग का इंडस्ट्रियल और मेडिसिनल इस्तेमाल होता है। मगर आपदा के कारण कमेटी विदेश दौरे पर नहीं जा पाई। उन्होंने बताया कि जल्द कमेटी चार देशों के दौरे पर जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट सदन में रखेंगे। इस पर चर्चा की जाएगी। इस पर चर्चा के बाद भांग की खेती को वैध करने पर विचार किया जाएगा। इसी दौरान नेता प्रतिपक्ष के पूछने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के चार जिले चंबा, कुल्लू, मंडी और शिमला में अभी भांग उगाई जा रही है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कमेटी ने जब जिलों का दौरा किया है, उस दौरान सोशल मीडिया पर अलग तरह की प्रतिक्रियाएं आ रही थी। अभी नशे के कारण परिस्थितियां अलार्मिंग है। इससे नशे का प्रचलन बढ? की आशंका है। इस पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने कहा कि कानून बनाना या नहीं इस पर सदन में विस्तृत चर्चा के बाद ही फैसला होगा। सदन में यह सवाल सुलह से विधायक विपिन सिंह परमार ने पूछा था। इस बीच हिमाचल विधानसभा में आज प्रदेश और लेह-लद्दाख के सीमा विवाद का मामला गूंजा। लाहौल स्पीति के विधायक रवि ठाकुर ने सप्लीमेंट्री सवाल में कहा कि शिंकुला में हिमाचल के 35 किलोमीटर और सारचू में 14 किलोमीटर हिस्से में लेह-लद्दाख ने अतिक्रमण कर लिया है। इसे गंभीरता से लेना चाहिए। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की गैर मौजूदगी में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि जल्द लेह-लद्दाख के साथ सीमा विवाद मामले को सुलझाया जाएगा। इसके लिए जल्द मीटिंग बुलाई जाएगी। इसमें स्थानीय विधायक को भी बुलाया जाएगा। पहले भी कई बार लेह-लद्दाख के साथ सीमा विवाद का मसला उठता रहा है। इसे पूर्व रवि ठाकुर ने पूछा कि लाहौल स्पीति में ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के लिए एनडीआरएफ और और एसडीआरएफ की क्या तैयारी है। उन्होंने बताया कि लाहौल स्पीति से हर दिन 65 हजार से ज्यादा गड्डियां लद्दाख जा रही हैं। कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा कि देहरा में भारी बारिश के कारण फसलों को पहुंचे नुकसान की फि र से समीक्षा की जाएगी।

# 'सत्ता के नशे में कांग्रेसी पूरी तरह डूबे हुए हैं और इनके आका आंखे मूंदे मूक दर्शक बने हुए हैं'

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

**मंडी जिला के** जोगिंद्रनगर विधानसभा में लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी के साथ कांग्रेस पार्टी के गुंडों द्वारा किए दुर्व्यवहार पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मीडिया प्रभारी प्रशान्त शर्मा ने जम कर हमला बोलते हुए कहा कि सत्ता के नशे में कांग्रेसी नेता पूरी तरह डूबे हुए हैं और इनके आका आंखे मूंदे मूक दर्शक बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के लगभग नौ दस महिने के कार्यकाल में प्रदेश की कानून व्यवस्था निम्नतम स्तर पर पहुंच गई है और समाज के हर वर्ग में डर का माहौल बना हुआ है। पहले महिला के साथ दुर्व्यवहार से अभी प्रदेश संभला नहीं था के अब वरिष्ठ अधिकारी को कमरे में बन्द कर हाथा पाई कर जिस तरह से उन्हें मानसिक और शारीरिक तरीके से प्रताड़ित करना अत्यंत चिंताजनक है। यह शर्मनाक घटना दर्शाती है की प्रदेश में लोक निर्माण विभाग और जल शक्ति विभाग में किस तरह की स्थितियां बनी हुई हैं और भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद अपने चरम पर है और आपदा को अवसर बनाने का एक भी मौका कांग्रेसी नहीं छोड़ रहे। उन्होंने आरोप लगाया की कांग्रेसी गुंडों द्वारा जिस अधिकारी के साथ दुर्व्यवहार किया वे जल्द ही सेवानिवृत होने वाले हैं परन्तु इन गुंडों द्वारा इस बात का खयाल भी नहीं रखा गया जो यह दिखाता है कि जब वरिष्ठ लोगों के साथ ही ऐसा व्यवहार हो रहा है तो अन्यों के साथ कांग्रेसी नेता और गुंडे कैसा व्यवहार कर रहे हैं इसकी कल्पना कोई भी नहीं कर सकता है। उन्होंने सरकार पर आरोपियों को बचाने का आरोप लगाते हुए मांग की कि प्रदेश सरकार शीघ्र ही आरोपी लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करे और ऐसे समाज विरोधी तत्वों पर लगाम लगाए।



# विधानसभा में कृषि, औद्योनिकी और वानिकी विवि संशोधन विधेयक पारित

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**हिमाचल प्रदेश** विधानसभा में वीरवार को हिमाचल प्रदेश कृषि, औद्योनिकी और वानिकी विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक पारित होने के विरोध में विपक्षी दल भाजपा ने जोरदार हंगामा किया। इस संशोधन विधेयक के माध्यम से विश्वविद्यालय की स्वायतता खत्म करने का आरोप लगाते हुए पूरे विपक्ष ने पहले अपनी सीटों पर हंगामा किया और जब सरकार ने विधेयक को वापस लेने की विपक्ष की मांग को नहीं माना तो पूरा विपक्ष विधानसभा अध्यक्ष के आसन के पास आ गया और वहां काफ ी देर तक इस विधेयक के विरोध में नारेबाजी की। विपक्ष के हंगामे के बीच ही कृषि मंत्री चन्द्र कमार ने इस विधेयक को पारित करने का सदन से आग्रह किया जिसे सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। हिमाचल प्रदेश कृषि, औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय पालमपुर से संबंधित संशोधन विधेयक के प्रारुप के अनुसार राज्यपाल जोकि विश्वविद्यालय का कुलाधिपति भी होता है, वह साधारण या विशेष आदेश के माध्यम से कुलपति वाइस चांसलर को निलंबित कर सकेगा। कुलपति की नियुक्ति सामान्यत 5 वर्षों के लिए होगी तथा वह अगले 5 वर्षों तक पदों पर बना रह सकता है, बशर्ते उसकी आयु 65 वर्ष से अधिक न हो। इसके अलावा कुलपति अपना कार्यकाल पूरा होने पर कुलाधिपति की अनुमति से अपने पद पर बना रहा सकता है, लेकिन यह अवधि 1 वर्ष से अधिक नहीं होगी। इसके अलावा कुलपति पर आरोप लगने पर उसके खिलाफ जांच करने एवं पद से हटाने सहित अन्य तरह के प्रावधान भी संशोधन विधेयक में किए गए हैं। हालांकि कुलपति पर आरोप लगने के बाद उसे जांच रिपोर्ट की एक प्रति उपलब्ध करवाकर उसे सुनवाई का अवसर भी दिया जाएगा। साथ ही कुलपति की नियुक्ति के लिए चयन समिति के गठन का प्रावधान भी संशोधन विधेयक में किया गया है। इससे पूर्व विधेयक पर हुई चर्चा में हिस्सा लेते हुए भाजपा के रणधीर शर्मा व विपिन सिंह परमार ने विधेयक में किए गए संशोधनों का विरोध किया। उन्होंने इन संशोधनों को विश्वविद्यालय की स्वायतता पर हमला करार दिया और कहा कि इस संशोधन विधेयक के पारित हो जाने से विश्वविद्यालय की स्वायतता खत्म हो जाएगी। इन संशोधनों को कुलाधिपति के क्षेत्राधिकार में दखल भी करार दिया। कांग्रेस के आशीष बुटेल ने विधेयक का समर्थन करते हुए विपक्ष के आरोपों को बेबुनियाद करार दिया। उन्होंने कहा कि इससे विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली में और अधिक पारदर्शिता आएगी। बाक्स विपक्ष के व्यवहार पर निंदा प्रस्ताव कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर को लेकर लाए गए संशोधन विधेयक के दौरान विपक्षी दल भाजपा द्वारा किए गए हंगामे और अध्यक्ष के आसन के पास नारेबाजी के विरोध में सत्तापक्ष ने विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाया। इस प्रस्ताव को सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। विधानसभा अध्यक्ष ने भी विपक्ष के व्यवहार पर कडा एतराज जताया और कहा कि वह सरकार के निंदा प्रस्ताव से सहमत हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि ऐसा लगता है कि विपक्ष अपनी पिछले कल की गलती को बदलने की कोशिश कर रहा है।

## न्यूज फ्लैश

### मेरी माटी मेरा देश अभियान भारतीय एकता व अखण्डता का प्रतीक है : उपायुक्त



**गन्नौर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश के वीर शहीदों के सम्मान में जिला में मेरी माटी मेरा देश अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान भारतीय एकता व अखण्डता का प्रतीक है, जिसके तहत शहर से लेकर गांव तक प्रत्येक घर से एक मुट्ठी माटी कलश में एकत्रित की जा रही है। उपायुक्त मनोज कुमार ने कहा कि ह्यअमृत कलश यात्राह्ल हर परिवार में देशभक्ति की भावना जागृत करेगी। उन्होंने बताया कि मेरी माटी-मेरा देश अभियान देश के वीर शहीदों के सम्मान में चलाया गया अनूठा कार्यक्रम है, जिसके तहत देशभर से मिट्टी एकत्रित की जा रही है। मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत माटी को नमन-वीरों का वंदन कार्यक्रम गुरूवार को उपमंडल गन्नौर के गांव बजाना कलां में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत घर-घर से मिट्टी एकत्रित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव के सरपंच मेहर सिंह द्वारा की गई। सरपंच मेहर सिंह ने बताया की मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत तहत गांव में घर-घर से मिट्टी कलश में एकत्रित की जा रही है। इस दौरान गांव के ग्राम सचिव सहित गांव के बच्चें मौजूद रहे।

### सर्वोतम माता प्रतियोगिता में कैलाना की ज्योति प्रथम, ज्योति शाहुपर को मिला द्वितीय इनाम



**गन्नौर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिनी सचिवालय स्थित कार्यालय में सर्वोतम माता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सर्कल स्तर पर और प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली माताओं ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों में से लिखित परीक्षा के आधार पर ब्लाक स्तर के विजेताओं का चयन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीओ सतवन्ती मलिक ने की। पीओ प्रवीन मलिक ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। ब्लाक स्तर पर प्रथम रही सुशीला गांव कैलाना को 4 हजार रुपएं का नकद इनाम, द्वितीय रही ज्योति शाहपुर को 3 हजार रुपएं, तृतीय रही मनीषा भूरीं को 2 हजार रुपए का इनाम दिया गया। सीडीपीओ सतवंती मलिक ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं को पोषण अभियान के बारे में जागरूक किया। उन्होंने महिलाओं को विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए पोषण के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में कार्यालय की सहायक कमला, आकड़ा सहायक देवेन्द्र लिपिक जगवीर, सुपरवाइजर, संदीप व सचिन मौजूद रहे।

# मिलेट्स पर आयोजित सम्मेलन का वैज्ञानिक सलाहकार ने किया शुभारंभ

## भारतीय के मोटे अनाजों को विश्व स्तर पर अलग पहचान देने के लिए केन्द्र सरकार कर रही है प्रयास : प्रो सूद

**टीम एक्शन इंडिया/राई।**
**अंतर्राष्ट्रीय** सम्मेलन का मुख्यातिथि भारत सरकार में प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. अजय कुमार सूद दीप जलाकर शुभारम्भ करते साथ में संस्थान के निदेशक डा. हरेन्द्र सिंह ओबराय व प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए।

राई। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा कुण्डली स्थित राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमशीलता एवं प्रबंधन संस्थान (निफ्टम) में मिलेट्स (मोटा अनाज) को पोषण और आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ गुरूवार को बतौर मुख्यातिथि भारत सरकार में प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. अजय कुमार सूद ने किया। प्रो. अजय कुमार सूद ने सम्मेलन में उपस्थित राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि भारतीय मोटे अनाजों को विश्व स्तर पर अलग पहचान देने के लिए केन्द्र सरकार अनेक प्रयास कर रही है। आज उसी प्रयास की एक झलक आपको निफ्टम में दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि विश्व स्तर पर मोटे अनाजों की बहुत ज्यादा डिमांड है इसलिए देश के उद्योगपति और किसान इस क्षेत्र में आगे बढ़ने का प्रयास करें ताकि वो आर्थिक रूप से मजबूत हो सके।

प्रो. सूद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से ही आज पूरा विश्व 2023 को मिलेट्स वर्ष के रूप में मना रहा है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए जी-20 सम्मेलन के दौरान देश के विभिन्न शहरों में



आयोजित 220 कार्यक्रमों में भारतीय मोटे अनाजों को बढ़ावा देने के लिए विदेशी प्रतिनिधियों ने भारतीय मोटे अनाजों से बने व्यंजनों का स्वाद चखा। इस दौरान सभी विदेशी प्रतिनिधियों ने मोटे अनाजों से बने भारतीय व्यंजनों का जमकर तारीफ की। यही नहीं हाल में जी-20 के दौरान राष्ट्रपति द्वारा सम्मेलन में भाग लेने वाले राष्ट्र अध्यक्षों को दिए गए प्रतिभोज में भी भारतीय मोटे अनाजों से बने व्यंजनों को शामिल किया गया। कार्यक्रम के अंत में मिलेट्स पर आधारित मिलेट् मार्वल पुस्तक तथा संस्थान पत्रिका का भी विमाचन किया गया। इस मौके पर खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त सचिव प्रीतपाल सिंह, निफ्टम संस्थान के निदेशक डा. हरेन्द्र सिंह ओबराय, निफ्टम की प्रोफेसर डा. अनुपमा सिंह सहित अनेक देशों से आए प्रतिनिधि व निफ्टम में पढने वाले छात्र-छात्राएं व शिक्षक मौजूद रहे। मोटे अनाजों से व्यंजनों को शामिल करने के लिए दुनिया मिलेट्स वर्ष मना रही है : प्रो. सूद प्रो. सूद ने कहा कि हर व्यक्ति के प्रतिदिन आहार में मोटे अनाजों से व्यंजनों को शामिल करने के लिए दुनिया 2023 को मिलेट्स वर्ष के रूप में मना रही है। उन्होंने कहा कि मिलेट्स सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। मिलेट्स की दो व्यापक श्रेणियां हैं मेजर या मुख्य मिलेट्स और माइनर या छोटे मिलेट्स. बाजरा, ज्वार, रागी और कंगनी मुख्य मिलेट्स की श्रेणी में आते हैं और समा, कोदो, चिन्ना इत्यादि को छोटे मिलेट्स माना जाता है। उन्होंने बताया कि हर एक मिलेट का अपना महत्व है जैसे कि बाजरा, कैल्शियम से भरा होता है, ज्वार में पोटेशियम और फास्फोरस होता है, और कंगनी में फाइबर होता है जबकि कोदो आयरन से भरपूर होता है। इसलिए हमें सभी तरह के मिलेट्स खाते रहना चाहिए। किसान व उद्योगपतियों द्वारा निफ्टम में लगाई गई प्रदर्शनी का शुभारंभ करते हुए अवलोकन किया।

## मोतीलाल नेहरू खेल स्कूल राई की 22 छात्राओं का स्कूल नेशनल्स के लिये चयन



**टीम एक्शन इंडिया/राई।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर में आयोजित अंडर -19 वॉलीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में मोतीलाल नेहरू खेल स्कूल राई की टीम ने सिंधिया कन्या विद्यालय ग्वालियर की टीम को 3-0 के अंतर से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। वहीं दूसरी तरफ अंडर -14 वॉलीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में मोतीलाल नेहरू खेल स्कूल राई की टीम ने एमरल्ड हाईट्स इंदौर की टीम को 2-0के अंतर से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। इसी क्रम में अंडर -17 वॉलीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में मोतीलाल नेहरू खेल स्कूल राई की टीम ने सिल्वर मेडल हासिल कर जीत दर्ज की। मध्य प्रदेश के सिंधिया कन्या विधालय स्कूल ग्वालियर में अखिल भारतीय पब्लिक स्कूल कांफ्रेंस के स्कूलों के बीच नेशनल स्कूल गेम्स के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगितामें देश भर की टीमों ने हिस्सा लिया। मोतीलाल नेहरू खेल स्कूल ने शुरूआत से ही अपने आक्रामक तेवर दिखाते हुए सिंधिया कन्या स्कूल को 3-0 के अंतर से मात देकर प्रतियोगिता अपने नाम की।

### मोदी के लिए महिला सशक्तीकरण राजनीतिक मुद्दा नहीं, मान्यता का सवाल है : शाह

**कानपुरः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में लोकसभा में महिला आरक्षण से जुड़ा 128वाँ संविधान संशोधन 'नारी शक्ति वंदन विधेयक-2023' बिल पेश किया गया, जिसे बुधवार को लोकसभा में पास कर दिया गया। इस मौके पर विपक्ष के सवालों का करारा जवाब देते हुए शाह ने स्पष्ट किया कि, कुछ पार्टियों के लिए महिला सशक्तीकरण पॉलिटिकल एजेंडा या राजनीतिक मुद्दा हो सकता है। मोदी के लिए महिला सशक्तीकरण राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि मान्यता का सवाल है। नए संसद भवन में पेश किया गया 'नारी शक्ति वंदन विधेयक' पर बुधवार चर्चा के बाद वोटिंग के दौरान तमाम बहसों के बीच बिल के पक्ष में 454 वोट पड़े और यह बिल दो तिहाई बहुमत से पास हो गया।

## राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में प्लेसमेंट आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** राजकीय बहुतकनीकी संस्थान अंबाला शहर मे मैकेनिकल व इलैक्ट्रिकल विभाग के विद्यार्थियो के लिए टी.एस टैक्सन इंडिया लिमिटेड कैम्पनी नीमराना राजस्थान द्वारा कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया । इस प्लेसमेंट ड्राइव मे कैम्पनी के एच.आर विभाग से श्री दिलीप पैटरो जी साक्षात्कार के लिए आए। इस प्लेसमेंट ड्राइव मे राजकीय बहुतकनीकी संस्थान अंबाला शहर के विद्यार्थियो के साथ राजकीय बहुतकनीकी उमरी, राजकीय बहुतकनीकी नानकपुर, राजकीय बहुतकनीकी शेरगढ़ कैथल व राजकीय बहुतकनीकी



हथनीकुंड़ यमुनानगर के विद्यार्थियो ने भाग लिया । इसमे राजकीय बहुतकनीकी अंबाला से 4 , राजकीय बहुतकनीकी शेरगढ़ से 3 और राजकीय बहुतकनीकी हथनीकुंड़ से 2 विद्यार्थियो व कुल 9 विद्यार्थियों चयन हुआ। इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य ड़ा राजीव सपरा जी और ट्रेनिंग व प्लेसमेंट अधिकारी श्री रोशन लाल ने सभी चयनित विद्यार्थियो के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हे बधाई दी ।
इस अवसर पर संस्थान से श्री हितेश चावला , पुष्पेंदर प्रताप इत्यादि उपस्थित थे.

## नारी शक्ति वंदन विधेयक देश के लोकतंत्र में एक ऐतिहासिक कदम : डा. नीना

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।** झज्जर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष व नगर पार्षद डा. नीना सतपाल राठी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने नारी शक्ति वंदन विधेयक (महिला आरक्षण बिल) के जरिये नए भारत की नींव रखी है। इससे राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर नीति-निर्माण में महिलाओं की अधिक भागीदारी
सुनिश्चित होगी। नारी शक्ति वंदन विधेयक देश के लोकतंत्र में एक ऐतिहासिक कदम है। इस कदम से देश की नारी शक्ति की ताकत और बढ़ेगी। महिला सशक्तिकरण मौजूदा सरकार की परिकल्पना नहीं बल्कि मजबूत संकल्प है। नई संसद में लोकसभा में पारित हुए इस महिला आरक्षण बिल से महिलाओं में काफी जोश व उत्साह का माहौल है। हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष औमप्रकाश धनखड़ की अगुवाई में झज्जर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष व नगर पार्षद डा. नीना सतपाल राठी के साथ काफी महिलाओं ने दिल्ली में जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। साथ ही उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का भी आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे भी हर क्षेत्र में महिलाओं को आगे लाने व उनके हितों को ध्यान रखते हुए कार्य कर रहे हैं। डा. नीना सतपाल राठी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन बिल से देश की महिलाएं



राजनीति में और भी सशक्त होंगी। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मोदी सरकार का प्रशंसनीय निर्णय है। अमृतकाल में लोकतंत्र के नये मंदिर में पहले ही दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति वंदन बिल पेश कर ऐतिहासिक निर्णय लिया। इस पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि आधी आबादी के हक के लिए भाजपा सरकार सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते हुए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा से ही महिला आरक्षण बिल के समर्थन में रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाया है। नारी शक्ति वंदन विधेयक से महिलाओं को
लोकसभा व विधानसभा में 33 फीसद आरक्षण मिलेगा। मोदी सरकार के इस ऐतिहासिक निर्णय से नारी शक्ति को नई शक्ति मिलेगी और उनका आगे का रास्ता भी प्रशस्त होगा। डा. नीना सतपाल राठी ने कहा कि केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने अपने 9 साल के कार्यकाल में महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर अनेक कारगर कदम उठाये हैं।

## महिंद्रा ने लॉन्च की बोलेरो नियो+ एम्बुलेंस, कीमत 13.99 लाख रुपए

**नोएडा।** भारत में अग्रणी एसयूवी निमार्ता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने आज गर्व के साथ बोलेरो नियो+ एम्बुलेंस को लॉन्च किया। टाइप बी एम्बुलेंस सेगमेंट को नियंत्रित करने वाले एआईएस-125 (भाग 1) मानदंडों का पूरी तरह से अनुपालन करने के लिए निर्मित नियो+ एम्बुलेंस बड़े शहरों, छोटे शहरों और उपनगरीय इलाकों में लोगों की विभिन्न जरूरतों को पूरा करेगी। अपने बेहतर ओईएम-स्तर की निर्माण गुणवत्ता के साथ-साथ विभिन्न जरूरतों को पूरा करने की खूबी के कारण नियो+ एम्बुलेंस खरीदारों की पसंद पर खरा उतरेगी। नियो+ में 2021 में लॉन्च बोलेरो नियो के समान ही मजबूत आधार हैं। अधिक शक्तिशाली 2.2एल एमहॉक इंजन के साथ इसमें और अधिक बड़ी केबिन के लिए लंबा व्हीलबेस है और इस तरह यह एम्बुलेंस विभिन्न बाजारों में एम्बुलेंस मालिकों और ऑपरेटरों की आवश्यकताओं को बेहतर तरीके से पूरा करती है।
बोलेरो नियो+ एम्बुलेंस की कीमत ईएसआर 13.99 लाख रुपए है, सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) कीमत 12.31 लाख रुपए के साथ। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के सीईओ - ऑटोमोटिव सेक्टर श्री नलिनीकांत गोलागुंटा ने कहा, बोलेरो नियो+ एम्बुलेंस के लॉन्च के साथ, हम राष्ट्र-निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाते हैं। बोलेरो ब्रांड लंबे समय से ऐसे लोगों के बीच काम कर रहा है, जो समुदायों और आम जनता के जीवन को बेहतर बनाने और सुरक्षित करने का काम कर रहे हैं। पुलिस, सेना और अर्धसैनिक बलों से लेकर अग्निशमन, वन, सिंचाई और सार्वजनिक कार्यों में लगे सरकारी विभागों तक, सभी ने अलग-अलग किस्म की अपनी जरूरतों को देखते हुए अपनी मजबूती और प्रदर्शन के लिए बोलेरो-बैज एसयूवी पर भरोसा किया है।

## कुश्ती दंगल करवाने से पहलवानों की प्रतिभा में निखार आता है : जयभगवान आंतिल

**टीम एक्शन इंडिया/राई।**
कुमासपुर गांव में वीरवार को आयोजित हुए कुश्ती दंगल में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे। आंतिल बाराहा खाप के प्रधान जयभगवान आंतिल ने पहलवानों का हौसल्ला बढ़ाया और अपनी तरफ से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले पहलवान 1 लाख 1 हजार रुपए देकर सम्मानित किया। आंतिल ने पहलवानों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के कुश्ती करवाने से पहलवानों की प्रतिभा में निखार आता है। कुश्ती



दंगल के दौरान मिट्टी में होने वाली कुश्ती युवा पहलवानों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। कुश्ती दंगल में जो पहलवान मेहनत करके आगे बढता है वही आगे चलकर देश का प्रतिनिधित्व करता है। जयभगवान आंतिल ने कहा कि कुश्ती के क्षेत्र का एक समय ऐसा भी आया जब किसी-किसी क्षेत्र में कुश्ती दंगल होते थे और पहलवान दूर-दूर से उसमें भाग लेने के लिए आते थे, लेकिन पहलवानों की बढ़ती पौध ने आज स्थिति ऐसी पैदा कर दी है।

## 'नारी शक्ति वंदन विधेयक भारत को महाशक्ति बनाने की ओर एक सार्थक व बड़ा कदम'

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़**
लघु उद्योग भारती हरियाणा के प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट बलबीर सिंह ने महिला आरक्षण बिल नारी शक्ति वंदन विधेयक को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण व ऐतिहासिक कदम बताया है। एडवोकेट बलबीर सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि यह देश व समाजहित में भाजपा सरकार की ओर से लिए गए अनेकों ऐतिहासिक फैसलों में से एक ऐसा महत्वपूर्ण फैसला है जिसे पूर्व की सरकारें लागू करने का साहस नहीं जुटा सकीं। ये



फैसला इसलिए भी अति महत्वपूर्ण है क्योंकि आज की नारी ने शिक्षा, खेल, चिकित्सा, विज्ञान, कला, साहित्य, लेखन व स्वयं रोजगार सहित हर क्षेत्र में अपना एक अलग परचम व वर्चस्व स्थापित कर हर क्षेत्र में अपनी एक सशक्त पहचान बनाते हुए अपने काम से अपनी अमिट छाप छोड़ी है।
महिला आरक्षण बिल के लागू होने के बाद लोकसभा व विधासभा में महिलाओं की संख्या व सहभागिता बढ़ेगी। जिससे महिलाओं का नीति निर्धारण में खासा योगदान बढ़ेगा और महिला सशक्तिकरण को बल मिलेगा। एडवोकेट बलबीर सिंह ने कहा कि एक स्वस्थ व सशक्त समाज महिलाओं की सहभागिता के बिना संभव नहीं है, सही मायनों में नारी शक्ति वंदन विधेयक भारत को महाशक्ति बनाने की ओर एक सार्थक व बड़ा कदम है। एडवोकेट बलबीर सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके दृढ़ संकल्प व मजबूत नेतृत्व के चलते देशहित में लगातार ऐतिहासिक कड़े निर्णय लिए जा रहे हैं जिनके लिए पूर्व की सरकारें केवल कहती ही रही, करने का साहस नहीं जुटा पाई।
एडवोकेट बलबीर सिंह कहा कि भारत को महाशक्ति बनने की राह में भाजपा सरकार द्वारा उठाए जा रहे महिला आरक्षण बिल सहित इन सभी कदमों के दूरगामी सार्थक परिणाम निकलेंगे।

## पारमा टेक्सटाइल्स फैक्ट्री में लगी आग, 25 दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंची

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
बृहस्पतिवार की सुबह बड़ी औद्योगिक क्षेत्र फेज 2 स्थित पारमा टेक्सटाइल्स फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। फैक्ट्री में सिंथेटिक व नायलान के धागे से एडहेसिव टेप बनाने का काम किया जाता था। देखते ही देखते आग की लपटे इतनी तेज फैल गई कि फैक्ट्री के दूसरे हिस्सा को भी आग ने चपेट में ले लिया। दोनो कंपनी में तेज आग लगने की वजह से आसमान में कई फीट ऊपर तक आग के साथ धुंए का गुबार बन गया। आग की सूचना पर अग्निशमन गाड़ियों को मौके पर बुलाया गया। सूचना के बाद बड़ी औद्योगिक क्षेत्र व गन्नौर दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची, तेजी से फैलती आग ने साथ लगती



दूसरे हिस्से की फैक्ट्री को भी अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया। जिसके बाद सोनीपत व आस-पास के जिलों से करीब 25 दमकल गाड़ियों को मौके पर बुलाया गया। इसके बावजूद भी कई घंटों तक भी फैक्ट्री में आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका। आग लगने का कारण बायलर का स्टीम पाइप फटने का कारण बताया जा रहा है। फैक्ट्री में आग लगने के बाद सभी कर्मचारी बाहर आ गए।

**बताया गया कि आग लगने से दो हुए है घायल**
फैक्ट्री में आग बुझाने का प्रयास किए लेकिन सफल नही हुआ। आग ने फैक्ट्री के दूसरे हिस्से में स्थित मैन्युफैक्चरिंग प्लांट तक पहुंच गई। बताया जा रहा है कि आग बुझाने के दौरान दो व्यक्ति भी घायल हो गए, लेकिन समय रहते वह बाहर निकल आए। जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल में भिजवा दिया गया।

**मौके पर तहसीलदार व पुलिस बल तैनातः** आगजनी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा के दृष्टिगत बड़ी थाना प्रभारी मनीष कुमार पुलिस बल के साथ मौके पहंच गए। इसके साथ ही तहसीलदार मनोज कुमार भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने मौके पर मौजूद लोगों को सड़क से हटाया ताकि वह किसी तरह की घटना का शिकार होने से बच सकें।

**आगजनी की क्षेत्र में एक महीने में दूसरी बड़ी घटना**
एक महीने में बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में यह दूसरी बड़ी आगजनी की घटना है। 22 अगस्त को बड़ी औद्योगिक क्षेत्र फेज 1 स्थित साई एग्जिम केमिकल फैक्ट्री में आग लगी थी। आगजनी से फैक्ट्री पूरी का सारा सामान जल कर पूरी तरह से राख होने के साथ फैक्ट्री में फसने की वजह से मैकेनिक की भी मौत हो गई थी।

## ड्यूरोप्लाई माटेसिया 2023 में अपने टॉप ब्रैंड्स में ड्यूरो एडवांटेज-09 लेयर्स ऑफ प्रोटेक्शन लॉन्च करेगा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।**
**देश की एक** प्रमुख और अनुभवी प्लाईवुड कंपनी ड्यूरोप्लाई भारत में भवन निर्माण सामग्री के क्षेत्र में आयोजित होने वाली प्रमुख प्रदर्शनी माटेसिया 2023 में ड्यूरो एडवांटेज-09 लेयर्स ऑफ प्रोटेक्शन लॉन्च करने जा रही है। भवन निर्माण क्षेत्र में भारत की सबसे प्रमुख प्रदर्शनी माटेसिया 2023 का आयोजन नई दिल्ली के प्रगति मैदान में 22-24 सितंबर 2023 को किया जाएगा। माटेसिया प्लाईवुड इंडस्ट्री की सभी दिग्गज कंपनियों को एक प्लेटफॉर्म पर लाएगी। अपने प्रीमियम क्वॉलिटी प्रॉडक्ट्स के लिए मशहूर, ड्यूरोप्लाई का पेवेलियन इस प्रदर्शनी में लोगों को काफी पसंद आएगा। माटेसिया की प्रदर्शनी एक सालाना इवेंट है, जहां आर्किटेक्ट्स, डिजाइनर्स, कंस्ट्रक्शन और बिल्डिंग मटीरियल क्षेत्र की प्रमुख और दिग्गज कंपनियों के साथ उभरती कंपनियां भी अपने प्रॉडक्ट्स का प्रदर्शन करती हैं। ड्यूरोप्लाई के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर श्री अखिलेश चितलांगिया ने उपभोक्ताओं की दिलचस्पी के प्रॉडक्ट्स बनाने के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा, उपभोक्ता हमेशा से प्लाईवुड प्रॉडक्ट्स के नए-नए फीचर्स की तलाश में रहते हैं। हमने उपभोक्ताओं के लिए उनके नौ पसंदीदा फीचर्स से लैस नया प्रॉडक्ट्स तैयार किया है। हम माटेसिया 2023 की प्रदर्शनी में इसे लॉन्च करने के लिए तैयार हैं। ड्यूरो एडवांटेज के साथ हमारे प्रॉडक्ट्स लकड़ी में दीमक लगने से बचाव की ड्यूरो लाइफटाइम गारंटी देते हैं। यह हमारे प्रतिष्ठित उपभोक्ताओं को हमारा बेमिसाल आश्वासन है। उन्होंने कहा, हम एक बार फिर माटेसिया की प्रदर्शनी का हिस्सा बनकर काफी उत्साहित हैं। सदियों से गुणवत्ता की कसौटी पर खरी उतरी कंपनी ड्यूरोप्लाई इस प्रदर्शनी में नए-नए फीचर्स से लैस प्रॉडक्ट्स लॉन्च करेगी। हम जो प्रॉडक्ट्स लॉन्च करते हैं।

## संपादकीय

# महिलाओं के नेतृत्व,प्रभुत्व के क्रम में भारत ने रचा इतिहास

**वैश्विक** स्तरपर पूरी दुनियां देख रही है कि हाल के कुछ वर्षों में भारत सफलताओं के नए-नए आयाम बनाकर इतिहास पर इतिहास रचे जा रहा है। आर्टिकल 370, 35 ए तीन तलाक, राम मंदिर जैसे अनेक मुद्दों को सुलझाने के बाद 27 वर्षों से लटका हुआ महिला आरक्षण बिल 128 वें संविधान संशोधन विधेयक 2023 को 20 सितंबर 2023 को लोकसभा के विशेष सत्र में 454/2 वाले रिकॉर्ड अद्भुत बहुमत से पर्ची से किए गए वोटो से पारित हो गया है जिसे शनिवार 21 सितंबर 2023 को राज्यसभा में भी पारित किया जाएगा ऐसा मेरा मानना है। फिर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद यह लोकसभा व विधानसभाओं में महिलाओं के आरक्षण के लिए 33 प्रताशित आरक्षण का संवैधानिक रूप बन जाएगा जो पूरे विश्व कीमहिलाओं के सम्मान में उठाया गया भारत का महत्वपूर्ण कदम है। हालांकि पूरे विश्व के अधिकांश देशों में महिला लोकसभा,सीनेट में भारत पिछड़ा हुआ था जहां 60 प्रतिशत से 28 प्रतिशत तक सीटें महिलाओं की है, वहीं भारत लोकसभा में 15.21 प्रतिशत व राज्यसभा में 14 प्रतिशत महिलाएं हैं, जो अब नारी शक्ति वंदन विधेयक के कानून बनने के बाद 33.33 प्रतिशत याने एक तिहाई सहभागिता हो जाएगी जो ऐतिहासिक कदम है। सारी महिलाएं सभी सांसदों का शुक्रिया अदा कर रही है परंतु विशेष बात यह है कि यह कानून बनने के बाद भी 2029 या 2034 से ही लागू होगा क्योंकि कानून बनने के बाद 2021 से लंबित जनगणना पूरी होगी जो अनुमानतः 2024 लोकसभा चुनाव के बाद होगी फिर लोकसभा सीटों का परिसीमन होगा, उसमे भी संविधान के तहत 2026 तक परिसीमन पर रोक लगी हुई है। उधर अनुच्छेद 368 कहता है, कि अगर केंद्र सरकार के कानून से राज्यों के अधिकारों पर कोई प्रभाव पड़ता है तो ऐसे मामलों में कानून बनने के लिए कम से कम 50 प्रतिशत विधानसभाओं की मंजूरी लेनी होगी। यानें कि अगर केंद्र सरकार को ये कानून देशभर में लागू करना है तो इसे कम से कम 14 राज्यों की विधानसभाओं से भी पास कराना होगा। हालांकि कुछ सूत्रों का कहना है कि इसकी जरूरत नहीं होगी।उधर 20 सितंबर 2023 को लोकसभा में बिल पर बस की लाइव टेलीकास्ट टीवी चैनलों से हमने देखे उसमें लोकसभा में नारी शक्ति वंदन विधेयक को लेकर हुई चर्चा में केंद्रीय मंत्री, रायबरेली सांसद और कांग्रेस की पूर्व अध्यक्षा सहित 60 सदस्यों ने हिस्सा लिया। विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री ने रानी दुर्गावती, रानी चेन्नम्मा, रानीअहिल्याबाई रानी लक्ष्मी जैसी असंख्य वीरांगनाओं का उल्लेख किया। चूंकि,पूरी उम्मीद है कि बिल राज्यसभा में पारित कर कानून बन जाएगा इसलिए मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, दुनियां में बढ़ते महिलाओं के नेतृत्व,प्रभुत्व के क्रमं में भारत नें इतिहास रच दिया है।

साथियों बात अगर हम 20 सितंबर 2023 को देर शाम नारी शक्ति वंदन विधेयक पारित होने की करें तो,बुधवार को संसद के विशेष सत्र के तीसरे दिन नारी शक्ति वंदन बिल लोकसभा में पारित हो गया। इस बिल के समर्थन में 454 और खिलाफ में 2 मत डाले गए। 7 घंटे से अधिक समय तक चले बहस के बाद मतदान की गई।

# कोचिंग सेंटरों को माफिया करार करके प्रतिबन्ध की जरूरत

डॉ प्रियंका सौरभ

> इन कोचिंग सेंटरों का जाल अब ग्रामीण क्षेत्रों तक फैल चुका है। ये छात्रों को बिना पूरी सुविधा दिए मोटी फीस वसूल रहे हैं। छात्रों के जीवन से खिलवाड़ को देखते हुए भी देश भर में शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मौन बैठे हैं। यह उनकी कार्यप्रणाली को संदेह के घेरे में डाल देता है। लाभकारी शिक्षा उद्योग के उदय के साथ, कुछ संस्थानों ने अपनी कोचिंग सेवाओं के लिए अत्यधिक दरों की मांग करना शुरू कर दिया है। इससे शिक्षा का व्यावसायीकरण हो गया है, जहां छात्रों के कल्याण से ऊपर मुनाफे को प्राथमिकता दी जाती है। जैसे-जैसे शिक्षा अधिक विपणन योग्य हो गई है, वैसे-वैसे घटिया कोचिंग सेंटर भी बढ़ गए हैं, जिनमें से ज्यादातर अपने शिक्षार्थियों को फायदे की बजाय नुकसान अधिक पहुंचार रहें हैं। आजकल हम आये रोज परीक्षाओं के लिए कोचिंग करने वाले छात्रों द्वारा आत्महत्या के बढ़ते मामलों को सनते है

**देश** भर में नियम विरुद्ध कोचिंग सेंटरों का धड़ल्ले से संचालन हो रहा है। सरकार ने कोचिंग संस्थान चलाने के लिए कोई ठोस बिल या नियम तक नहीं बना रखे हैं, बिना कानून के संचालित अधिकतर कोचिंग क्लासेस मामूली नियमों को ताक में रखकर मनमर्जी से मोटी फीस वसूल कर सेंटरों का संचालन कर रहे हैं। इतना ही नहीं इन कोचिंग सेंटरों का जाल अब ग्रामीण क्षेत्रों तक फैल चुका है। ये छात्रों को बिना पूरी सुविधा दिए मोटी फीस वसूल रहे हैं। छात्रों के जीवन से खिलवाड़ को देखते हुए भी देश भर में शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मौन बैठे हैं। यह उनकी कार्यप्रणाली को संदेह के घेरे में डाल देता है। लाभकारी शिक्षा उद्योग के उदय के साथ, कुछ संस्थानों ने अपनी कोचिंग सेवाओं के लिए अत्यधिक दरों की मांग करना शुरू कर दिया है। इससे शिक्षा का व्यावसायीकरण हो गया है, जहां छात्रों के कल्याण से ऊपर मुनाफे को प्राथमिकता दी जाती है। जैसे-जैसे शिक्षा अधिक विपणन योग्य हो गई है, वैसे-वैसे घटिया कोचिंग सेंटर भी बढ़ गए हैं, जिनमें से ज्यादातर अपने शिक्षार्थियों को फायदे की बजाय नुकसान अधिक पहुंचार रहें हैं। आजकल हम आये रोज परीक्षाओं के लिए कोचिंग करने वाले छात्रों द्वारा आत्महत्या के बढ़ते मामलों को सुनते है। जैसे ही छात्र आत्महत्या बढ़ती है, हमारी सरकारें कोचिंग माफिया को शिक्षा ऋण के बोझ के लिए जिम्मेदार ठहराते हैं। माता-पिता पर शैक्षिक ऋण का बोझ छात्रों के बीच तनाव के कारणों में से एक है। और इसके लिए केंद्र को एक नीति बनानी चाहिए ताकि माता-पिता को शिक्षा के लिए पैसे उधार न लेना पड़े। कोचिंग संस्थान सस्ते नहीं हैं, और इनकी फीस माता-पिता, विशेषकर कम आय वाले परिवारों पर काफी वित्तीय बोझ हो सकती है। फीस के अलावा, अध्ययन सामग्री, परिवहन और आवास के लिए भारी अतिरिक्त शुल्क हो सकता है। माता-पिता को कोचिंग के खर्चों को कवर करने के लिए ऋण लेने के लिए भी मजबूर होना पड़ता है। यह वित्तीय भार तनाव और चिंता उत्पन्न कर सकता है और कई परिवारों के लिए यथार्थवादी नहीं हो सकता है। कोचिंग संस्थान केवल पैसा इकट्ठा करने में रुचि रखते हैं। इसलिए कोचिंग सेंटरों को माफिया करार करके सरकार को उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी होगी।



जब हम बच्चे थे तो कोई कोचिंग नहीं होती थी। क्या तब छात्र आईएएस, आईपीएस नहीं बन रहे थे? कोचिंग के नाम पर आज के दौर में माफिया उपजे है और सरकार को इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी होगी।

गहराई से और विश्लेषणात्मक रूप से देखा जाए तो यह राष्ट्रीय संसाधनों का शुद्ध दुरुपयोग बन गया है। जो छात्र शैक्षणिक उपलब्धि के लिए पूरी तरह से कोचिंग सेंटरों पर निर्भर हैं, वे लंबी अवधि में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान का निर्माण करने में विफल हो सकते हैं। वे नियंत्रित सीखने के माहौल और कोचिंग सेंटर द्वारा दिए जाने वाले व्यक्तिगत ध्यान पर बहुत अधिक निर्भर हो सकते हैं, जिससे आत्मविश्वास और पहल की कमी हो सकती है। क्योंकि प्रतिस्पर्धा परीक्षाओं के लिए कोचिंग के घोषित बुनियादी उद्देश्य सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवारों के चयन की पूर्ति नहीं करते। कोचिंग सेंटर न होने पर भी सर्वश्रेष्ठ छात्रों का चयन किया जाएगा। वास्तव में कोचिंग सेंटरों की अनुपस्थिति में सर्वश्रेष्ठ छात्रों का चयन अधिक वास्तविक होगा। क्योंकि यह स्व-अध्ययन और कच्ची प्रतिभा पर आधारित होगा। कोचिंग सेंटर आंशिक रूप से देश में शिक्षा के गैर समाज पैटर्न का उत्पादन है। कोचिंग सेंटर अक्सर रटने और याददाश्त पर अधिक जोर देते हैं, जो एक छात्र के दीर्घकालिक शैक्षणिक विकास के लिए हानिकारक हो सकता है। परीक्षा-उन्मुख सीखने और निरंतर परीक्षण पर जोर देने से आलोचनात्मक सोच, रचनात्मकता और समस्या-समाधान क्षमताओं की उपेक्षा हो सकती है। जो छात्र मुख्य रूप से कोचिंग सेंटरों पर निर्भर रहते हैं, वे जो सीखा है उसका विश्लेषण, मूल्यांकन और वास्तविक जीवन में लागू करने का कौशल हासिल नहीं कर पाते हैं। दूसरी और इनका बाहरी खर्च अक्सर उन गरीब परिवारों की कमर तोड़ देता है जिन्हें इस डर की दौड़ में भाग लेना पड़ता है। संस्थानों में सीटों की सीमित संख्या और बढ़ती आबादी हर साल प्रतिस्पर्धा को और अधिक कठिन बना देती है। इससे छात्र शारीरिक और मानसिक रूप से तनावग्रस्त हो जाते हैं। उनमे से कई दुर्भाग्य से इस भारी तनाव से निपटने में असफल होकर अपने बहुमूल्य जीवन को समाप्त कर देते हैं। भारत में कोचिंग उद्योग हमारे छात्र समुदाय और बड़े पैमाने पर समाज को कोई शुद्ध मूल्य वर्धन प्रदान नहीं कर रहा है। हमें स्थापित औपचारिक स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों पर कोचिंग सेंटर के प्रतिकूल प्रभाव का आंकलन करना होगा। वे पीड़ित है क्योंकि उनके कई नियमित शिक्षक अपनी नौकरी की अपेक्षा करते हैं और अंशकालिक निजी ट्यूशन करते हैं। जो छात्रों को कोचिंग सेंटर के लिए तैयार करने के लिए तैयार करते हैं। कोचिंग केंद्रों के विकास के परिणामस्वरूप प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है जो अपने छात्रों को शीर्ष ग्रेड और सर्वोत्तम स्कूलों में प्रवेश के लिए एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। इस वजह से, कई छात्रों में "चूहा दौड़ मानसिकता" विकसित हो गई है, जिसमें वे सफल होने के लिए अपनी नैतिकता और सिद्धांतों को त्यागने के लिए तैयार हैं।

प्रदर्शन की मांग बढ़ने के कारण धोखाधड़ी और साहित्यिक चोरी सहित शैक्षणिक बेईमानी बढ़ गई है। हमारा शिक्षा उद्योग समाज के सभी वर्गों के लिए उत्पादक रचनात्मक नवीन और प्रगतिशील होना चाहिए। ऐसे उद्योग जो मौजूदा स्थापित संस्थाओं के समानांतर चलते हैं उनके लिए हानिकारक है। जो बड़े पैमाने पर समाज और राष्ट्र के लिए अभिशाप है। कोचिंग उद्योग एक ऐसा उद्योग है जिसने मौजूद क्षेत्र संस्थाओं को अनगिनत नुकसान पहुंचा हैं और ऐसे बेकार की प्रतिस्पर्धा पैदा करके समाज पर आर्थिक बोझ डाला है। जो निराश छात्रों द्वारा आत्महत्या जैसे लक्षणों में प्रकट हो रहा है। लाभकारी शिक्षा उद्योग के उदय के साथ, कुछ संस्थानों ने अपनी कोचिंग सेवाओं के लिए अत्यधिक दरों की मांग करना शुरू कर दिया है। इससे शिक्षा का व्यावसायीकरण हो गया है, जहां छात्रों के कल्याण से ऊपर मुनाफे को प्राथमिकता दी जाती है। जैसे-जैसे शिक्षा अधिक विपणन योग्य हो गई है, वैसे-वैसे घटिया कोचिंग सेंटर भी बढ़ गए हैं, जिनमें से ज्यादातर शिक्षार्थियों को फायदे की बजाय नुकसान अधिक पहुंचाते हैं। हमारी सरकार को इस कटु सत्य को समझना चाहिए और हमारे समाज के साथ खिलवाड़ करने वाले कोचिंग माफिया पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। हमारे समाज ने पारंपरिक रूप से सहयोग और संतुलित प्रतिस्पर्धा का आर्थिक माहौल बनाए रखा है। लेकिन इन कोचिंग सेंटर ने केवल एक भयंकर अस्वस्थकर प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया है जो धीरे-धीरे और निश्चित रूप से बड़ी संख्या में से प्रभावित छात्रों के बीच रचनात्मक और उधमशीलता की भावना को खत्म कर रहा है। हमारे अभिजात वर्ग को सरकार पर ऐसे कानून लागू करने के लिए दबाव डालना चाहिए। जो देश के सभी कोचिंग सेंटर को खत्म कर दें। कहने की जरूरत नहीं है सरकार को बढ़ती आबादी की जरूरत को पूरा करने के लिए अच्छे मानक के सार्वजनिक संस्थान स्थापित करने चाहिए।

स्टार्टअप और उद्यमिता को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित करने से शैक्षणिक संस्थानों में सिमित सीटों और सरकारी संगठनों में सीमित पैसे और पदों के कारण उत्पन्न होने वाली भारी प्रतिस्पर्धा में भी कमी आएगी। कोचिंग सेंटर पूरी तरह से गैर उत्पादक है और इन्हे यथाशीघ्र कड़ी कार्रवाई से खत्म किया जाना चाहिए। भारत में सभी कोचिंग सेंटर पर प्रतिबंध लगाना चाहिए।

## कविता

कौन कहता है मुझे आसमान चाहिए'  
ना जाने किसने कह दिया  
कि मुझे आसमान चाहिए,  
मुझे तो मेरे घर के  
आंगन में एक छोटा सा  
बादल का टुकड़ा चाहिए,  
थोड़ी सी बारिश,  
थोड़ा सा पानी,  
थोड़ी सी इच्छा,  
दो रोटी नमक के साथ  
चटनी हो तो श्रेष्ठ है,  
एक अदद साथ देने  
वाली पत्नी,  
नन्हों की किलकारी,  
बूढ़े मां बाप की  
चाहत और हिदायतें,  
सुदूरपश्चिम का वैभव  
नहीं चाहिए,  
संदूक में नहीं चाहिए  
स्वर्ण आभूषण,  
पश्चिम का शोर नहीं चाहिए  
और नहीं चाहिए  
रूस और यूक्रेन का विश्व युद्ध,  
हवाई जहाज की गड़गड़ाहट  
टैकों के गोलों की भारी आवाज  
भला किसे चाहिए,  
ये परमाणु विश्वयुद्ध ,  
नहीं चाहिए,  
और नहीं चाहिए

संजीव

# क्यों मोदी ने संसद पर हमले को किया याद

आर.के. सिन्हा

**भारत** के संसदीय लोकतंत्र के लिये 13 दिसंबर, 2001 काला दिन था। उस दिन देश के दुश्मनों ने हमारे लोकतंत्र के मंदिर को निशान बनाया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद के विशेष सत्र को संबोधित करते हुए संसद पर हुए उस हमले का उल्लेख करके उन शूरवीरों के प्रति देश की कृतज्ञता को ज्ञापित किया जिनकी बहादुरी के कारण ही संसद भवन के अंदर आतंकी घुस नहीं सके थे। तब संसद का शीतकालीन सत्र चल रहा था। उस दिन विपक्षी सांसद राज्यसभा और लोकसभा में हंगामा काट रहे थे। सदन को तत्काल 45 मिनट के लिए स्थगित कर दिया गया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी संसद से घर की ओर जा चुके थे। हालांकि, उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी समेत अन्य सांसद संसद भवन में ही मौजूद थे। तभी सफेद एंबेसडर कार से जैश-ए-मुहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के पांच आतंकी संसद भवन परिसर में प्रवेश करते हैं। भारत के दुश्मनों ने संसद भवन में दाखिल होते ही ताबड़तोड़ गोलीबारी चालू कर दी थीं। जिस दिन संसद भवन पर हमला हुआ था उस दिन दिल्ली में गुलाबी धूप खिली हुई थी। किसी ने अपने ख्वाबों में भी नहीं सोचा था कि आज संसद भवन पर हमला करने का कोई साहस करेगा। संसद भवन परिसर में धमाकों की आवाजें सुनकर लालकृष्ण आडवाणी ससंद भवन से बाहर आते हैं। तभी सुरक्षाकर्मी उन्हें रोक देते हैं, हमले की जानकारी देते हैं। इतना सुनते ही उपप्रधानमंत्री आडवाणी ससंद भवन में स्थित अपने कार्यालय में चले जाते हैं और प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को फोन करते हैं। संसद पर हुए हमले में राज्यसभा सचिवालय के सुरक्षा सहायक जगदीश प्रसाद यादव, मातबर सिंह नेगी, केंद्रीय रिजर्व सुरक्षा बल (सीआरपीएफ) की कॉन्स्टेबल कमलेश कुमारी, दिल्ली पुलिस के उप निरीक्षक रामपाल, नानक चंद, हेड कॉन्स्टेबल ओम प्रकाश, बिजेन्दर सिंह और घनश्याम तथा केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के एक माली देशराय शहीद हो गये थे। कृतज्ञ राष्ट्र इन शहीदों को सदैव याद रखेगा। इन्होंने भारत विरोधी ताकतों की कोशिशों को नाकाम कर दिया था। बेशक, यदि संसद भवन में तैनात बहादुर सुरक्षाकर्मियों ने आतंकियों का कसकर मुकाबला न किया होता तो बहुत बड़ा नुकसान हो सकता था। संसद भवन पर हुए उस हमले में सबसे पहले केंद्रीय रिजर्व सुरक्षा बल (सीआरपीएफ) की कमलेश कुमारी यादव ने वतन के लिये अपनी जान का नजराना पेश किया था। कमलेश कुमारी की ड्यूटी संसद भवन के गेट नंबर एक पर थी। कमलेश कुमारी ने देखा कि एक एंबेसेडर कार डीएल3सीजे 1527 वहां से बिना उनकी अनुमति लिए संसद में तेजी से अंदर चली गई। कमलेश कुमारी को गड़बड़ नजर आई।

## विचार

# भारत के खिलाफ चरमपंथ का समर्थन करता कनाडा

प्रभुनाथ शुक्ल

भारत और कनाडा के रिश्ते तल्ख को चले हैं। जी-20 सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के बीच मुलाकात में कनाडा की धरती से संचालित भारत विरोधी गतिविधियों को बंद करने की नसीहत दी गयी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साफ तौर पर कह दिया था कि कनाडा को खालिस्तान जैसे आतंकी संगठन पर कठोर कदम उठाने होंगे। हमें लगता है भारत की नसीहत जस्टिन ट्रूडो को अच्छी नहीं लगी।

सम्मेलन से वापस लौटने के बाद हरजीत सिंह निज्जर की हत्या का आरोप उन्होंने बगैर सबूत के भारत पर मढ़ दिया। हलाँकि भारत ने इससे साफ तौर से इनकार किया है। लेकिन यह कनाडा की राजनीतिक चाल है। जस्टिन सरकार कनाडा में रह रहे भारतीय मूल के सिख समुदाय की सहानुभूति लेना चाहती है। जबकि सच यह है कि सरकार अभी तक यह पता ही नहीं लगा पाई की निज्जर की हत्या क्यों और किसने की। इस मामले कनाडा जाँच आयोग क्यों नहीं बैठाता। भारत जैसे सहिष्णु राष्ट्र पर यह आरोप बगैर साक्ष्य के क्यों लगाती है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने इस मामले पर जल्दबाजी दिखाते हुए भारतीय राजनयिक को देश से निकल जाने का फरमान सुना दिया। लिहाजा भारत को भी ऐसा करना था, भारत ने भी कनाडा की डिप्लोमैट को देश छोड़ने का आदेश दे दिया। इस घटना के बाद से दोनों देशों के रिश्ते गर्म हो चले हैं। भारत आतंकवाद के खिलाफ हमेशा से दुनिया के मंच पर आवाज उठाता रहा है। वह संयुक्त राष्ट्र, जी-20 और दूसरे वैश्विक मंचों पर अपनी बात बेहद मजबूती से करता रहा है। क्योंकि आतंकवाद से वह स्वयं पीड़ित है। आतंकवाद की जितनी पीड़ा भारत झेल रहा है शायद दुनिया का कोई भी देश इस समस्या से ग्रसित हो। पाकिस्तान और कनाडा हमेशा से अलगाववादी संगठन खालिस्तान का समर्थन करता रहा है। हरदीप सिंह निज्जर पंजाब का रहने वाला था। उसकी हत्या कनाडा में जून में हुई थी। जिस पर काफी प्रदर्शन हुआ था। कनाडा में इस मामले ने इतना तूल पकड़ा की प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को संसद में बयान देना पड़ा।

अपनी सरकार को घिरता देख बड़ी चालाकी से हरदीप की हत्या का आरोप भारतीय एजेंटों पर मढ़ दिया। अगर यह मामला हद के पार जाता तो जस्टिन की कुर्सी फंस सकती थी। क्योंकि कनाडा में काफी संख्या में सिख समुदाय रहता है। वहां सिख समुदाय इतना मजबूत है कि वह सरकार बनाने और बिगड़ने की कूबत रखता है। जिसका नतीजा है कि कनाडाई पीएम अपना गला फंसता देखा तो हत्या का कलंक भारत के सिर पर मढ़ दिया। क्योंकि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से जी-20 मुलाकात में खालिस्तान का समर्थन करने वाले संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' के खिलाफ कठोर कदम उठाने की नसीहत दिया था। भारत और कनाडा के बीच तल्ख हुए सम्बन्ध का लाभ खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू उठाना चाहता है। कनाडा में उसने सिख फॉर जस्टिस संगठन बनाया है जो भारत में अलग से खालिस्तान देश बनाने की वकालत करता है। पन्नू ने हिंदुओं को कनाडा छोड़ने का फरमान सुनाया है। इसके अलावा भारतीय दूतावास को बंद करने की भी धमकी दी है। इससे साफ तौर पर जाहिर होता है कि पन्नू और कनाडा सरकार एक साथ मिलकर एक दिशा में काम कर रहे है। क्योंकि जस्टिन ट्रूडो को मालूम है कि खालिस्तानी आतंकवादी पन्नू और उसके संगठन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हैं तो उनके राजनीतिक भविष्य के लिए यह कदम अच्छा नहीं होगा। ऐसी हालत में अपनी कुर्सी बचाने के लिए वह आतंकी पन्नू से मिले हुए हैं। कनाडा में रह रहे सिखों की सुरक्षा की आड़ में वह सियासत का घिनौना खेल खेल रहे हैं। कनाडा और भारत के संबंध वैसे भी काफी पुराने हैं। लेकिन खालिस्तानी आतंकवादी संगठन सिख फॉर जस्टिस की तरफ से वहां भारत विरोधी हवा दिए जाने के बाद से भारत और कनाडा के संबंध नाजुक दौर से गुजर रहे हैं। जी-20 का मंच ट्रूडो के लिए एक बेहतर अवसर हो सकता था, लेकिन उन्होंने इसे खो दिया । दुनिया का कोई भी देश अपनी संप्रभुता, एकता और अखंडता के खिलाफ उठने वाली आवाज को क्यों बर्दास्त करेगा।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



*वैधानिक सूचना*

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# अनुराधा : कैसे दिन बीतें, कैसे बीती रतियां, पिया जाने न हाय...

वीरेंद्र बहादुर सिंह

**फ्रेंच** साहित्य में यथार्थवाद के प्रणेता माने जाने वाले गुस्ताव फ्लुबर्ट (1821-1880) का 1956 में एक उपन्यास प्रकाशित हुआ था, 'मैडम बोवरी'। यह उपन्यास मूल फ्रेंच में लिखा गया था और कम से कम 19 बार अंग्रेजी में अनुवादित किया गया था। 'मैडम बोवरी' उपन्यास 10 फिल्मों और टीवी सीरियल का प्रेरणा बना था। इसमें दो प्रसिद्ध हिंदी फिल्में भी थीं, जिनकी बात बाद में करेंगे। अंग्रेजी-फ्रेंच साहित्य का सबसे उत्कृष्ट उपन्यास का जिसे खिताब मिला है, उस 'मैडम बोवरी' की इस लोकप्रियता का कारण उसकी नायिका एम्मा बोवरी और उसका विषयवस्तु था। एम्मा का जीवन के प्रति दृष्टिकोण अत्यंत रोमांटिक है और उसे सुंदर दिखने, ऐशोआराम करने, उत्कट रूप से जीने और भद्र लोगों के बीच घूमने-फिरने की चाहत थी। उसका पति चार्ल्स देहाती था और गांव में डाक्टरी करता था। उसे लोगों का इलाज करने के अलावा अन्य किसी चीज में रुचि नहीं थी। देखने में दोनों के बीच असमानता थी, पर चार्ल्स पत्नी के प्रति समर्पित था और उसके रंगरलिया करने के बावजूद उसे पत्नी में कोई कमी नजर नहीं आती थी। रोमांटिक कल्पनाओं और जीवन की वास्तविकताओं के बीच असमानता में एम्मा फंस गई थी और एक बड़ी देनदारी में फंस कर अंत में आत्महत्या करती है। उसने मन से जिया और मन में आया इसलिए मर गई। गुस्ताव ने घरेलू जीवन जीने वाली एक कल्पनाशील स्त्री की एकविधता और जीवन में नवीनता के लिए उसकी भूख पर हताशा और निराशा पर एक मनोवैज्ञानिक कहानी लिखी थी।

एम्मा एक गैरपरंपरागत साहित्यिक पात्र थी। यह उसकी कामुकता थी या फिर भौतिक जीवन के प्रति असंतोष था, जो उसे असाधारण और विनाशक जीवन की ओर ले गया था। गुस्ताव द्वारा उठाए गए इस सवाल से तमाम फिल्म निमार्ता 'मैडम बोवरी' की ओर आकर्षित हुए थे। जैसा ऊपर बताया है कि इस उपन्यास पर हिंदी में दो शानदार फिल्में बनी हैं।1960 में ऋषिकेश मुखर्जी ने इससे प्रेरित होकर 'अनुराधा' बनाई थी। 1993 में केतन मेहता ने इस पर 'माया मेमसाब' का निर्माण किया था।

# बुजुर्गों को गरिमापूर्ण जीवन जीने का हक

विजय गर्ग

**व्यक्तिवादी** एवं सुविधावादी सोच ने वर्तमान दौर में समाज की संरचना को असभ्य एवं संवेदनहीन बना दिया है। अब रिश्तों का मर्म बस इतना रह गया है कि जरूरत के हिसाब से लोग रिश्ते निभा रहे हैं। जरूरत खत्म होते ही घर के बड़े-बुजुर्ग भी बोझ समझे जाने लगे हैं। आज हर घर की यही कहानी है कि घर के बड़े बुजुर्ग अकेलापन, तिरस्कार, परिवार के सदस्यों द्वारा उपेक्षा और भय से अपमानित जीवन जीने को मजबूर हैं। आधुनिकता के इस दौर में उपभोक्तावादी संस्कृति तथा महानगरीय अधुनातन बोध के चलते सामाजिक मूल्यों के बदलते परिवेश में नई पीढ़ी के सोच में परिवर्तन आ गया है। एकीकृत जीवनशैली ने बड़े-बूढ़ों के लिए अनेक समस्याएं खड़ी कर दी हैं।

संविधान का अनुच्छेद-21 प्रत्येक मनुष्य को गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार देता है, लेकिन जब अपने ही इस अधिकार में बाधक बन जाएं तो क्या कर सकते हैं? वैसे हमारे समाज की यह बहुत बड़ी विडंबना है कि हम बेटों की चाहत में इतने अंधे हो गए हैं कि बेटियों को वह प्यार ही नहीं दे पाते हैं, जिसकी वे असल हकदार होती हैं। आज भी हमारे समाज में पुरुषवादी मानसिकता भरी हुई है। हम आज भी बेटे को कुलदीपक मानते हैं तो वहीं बेटियों को पराया धन माना जाता है, लेकिन अक्सर यही कुलदीपक अपने ही जन्मदाता को वृद्धा आश्रम छोड़ कर चले आते हैं। हम 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भावना रखने वाले देश के लोग हैं। फिर आधुनिकता की दौड़ में इतने अंधे कैसे हो रहे कि अपने संस्कारों को ही तिलांजलि देने पर तुले हैं। क्या यही आधुनिकता है, जिसमें अपनों का सम्मान करना ही भूल जाएं? हम यह क्यों भूल जाते हैं कि मां ने अपनी जिंदगी का सबसे बड़ा दर्द सहन कर हमें इस दुनिया में जन्म दिया है, पिता ने हमें अंगुली पकड़कर चलना सिखाया है, हमें इस लायक बनाया है कि हम सही गलत का फर्क समझ सकें। फिर जिस वक्त उन्हें हमारे सहारे की जरूरत होती है। तो हम कैसे मुकर सकते हैं?

हमें समझना होगा कि हमारे बुजुर्ग हमसे क्या कहना चाह रहे हैं।

न्यूज फ्लैश

## सीडीओ विवाद पर किसान संगठन दिखे एक जुट

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

किसान दिवस के दौरान शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी के साथ हुए विवाद ने विभिन्न किसान संगठनों से जुड़े नेताओं को एक मंच पर ला दिया है। अभी तक अलग अलग संगठनों का स्थानीय स्तर पर प्रतिनिधित्व कर रहे किसान संगठनों यकायक स्वर बदले हैं। भाकियू अराजनैतिक, भाकियू टिकैत, भाकियू चढ़ूनी, भाकियू सुनील, भाकियू अजगर आदि एक दर्जन से अधिक किसान संगठन जनपद में किसानों के बीच सक्रिय हैं। गुरुवार के घटनाक्रम के बाद एकाएक किसान संगठनों के नेताओं के स्वर एक होते नजर आये। किसान संगठनों के धरना प्रदर्शन के दौरान सरकारी कार्यालयों पर तालेबंद आम बात है। गुरुवार को वेटरनरी विश्वविद्यालय के किसान भवन में लगे किसान दिवस में इसी बात को लेकर बात बिगड गई। सीडीओ और किसान नेताओं ने एक दूसरे पर आरोप लगाए हैं। किसान संगठनों से जुडे लोगों का आरोप है कि उन्हें अपराधी शब्द से संबोधित किया गया है। इसके अलावा जाते जाते सीडीओ यह भी कहते गये कि अगली बार ये लोगों ऐसा करें तो एफआईआर दर्ज करा देना। हालांकि मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार मीना ने किसान नेताओं के आरोपों का खंडन किया है। उनका कहना है कि कुछ किसान, किसान दिवस में आये थे। हम थोडा मीटिंग में लेट हो गये थे। डीडी एग्रीकल्चर ने बताया कि यहां पर ये लोग बवाल कर रहे हैं। जब हम पहुंचे तो इन लोगों ने कुछ अधिकारियों को अंदर बंद कर रखा था। बाहर से कुंडी लगा दी थी। समस्याओं का जवाब देने के बाद हमारे द्वारा यह कहा गया था कि जो कृत्य आपके द्वारा किया गया है, यह अधिकारी हैं उनकी भी गरमा होती हैं। आपके द्वारा जो उनको अरेस्ट किया गया है, इसमें कार्यवाही हो सकती है। इस तरह की घटनाएं किसी को शोभा नहीं देती है। किसी को जबरदस्ती अंदर बंद करना एक क्राइम है। किसी को क्रमिलन नहीं या कुछ और नहीं कहा गया है। हालांकि हकीकत कुछ भी हो लेकिन इस घटनाक्रम के बाद किसान नेताओं का एक सुर में आना आगे जनपद की किसान राजनीति को काफी हद तक प्रभावित कर सकती है। कई किसान संगठनों की ओर से इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। लोग सोशल मीडिया पर भी लगातार अपनी बात रख रहे हैं।

भाकियू नेताओं को मिला कई संगठनों का साथ

समाजवादी पिछड़ा प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी, अखिल भारतीय समता फाउंडेशन के अध्यक्ष लोकेश कुमार राही ने अपने संयुक्त बयान में कहा है कि मथुरा के मुख्य विकास अधिकारी ने गत दिवस किसानों मजदूरों खेत खलिहानों की लड़ाई लड़ने वाले भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला अध्यक्ष देवेंद्र कुमार रघुवंशी भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के आगरा मंडल अध्यक्ष राजकुमार तोमर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के महानगर अध्यक्ष पवन चतुर्वेदी वरिष्ठ किसान नेता गजेंद्र सिंह गावर वह अन्य किसान संगठनों के नेताओं को अपराधी एवं क्रिमिनल शांति भंग करने वाला बताकर जो अपमानित किया है उसकी समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, अखिल भारतीय समता फाउंडेशन कड़े शब्दों में निंदा करता है।

## छात्रवृत्ति प्रक्रिया की समय सारणी जारी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

जिला समाज कल्याण अधिकारी नगेंद्र पाल सिंह ने जनपद मथुरा में संचालित समस्त शिक्षण संस्थाओं के प्रधानाचार्य, प्राचार्य, निदेशक, रजिस्ट्रार, छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी समस्त डिग्री कालेज, पॉलीटेक्निक, आईटीआई, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कालेज, विश्वविद्यालय, मैनेजमेंट, इण्टरमीडिएट, शिक्षण संस्थाओं एवं उनमें अध्यनरत सभी छात्र छात्राओं को सूचित किया है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में समस्त वर्गों के छात्रों को छात्रवृत्ति के लिए शासनादेश द्वारा निर्गत समय सारिणी के अनुसार जनपद में संचालित नवीन शिक्षण संस्थानों द्वारा मास्टर डाटा में सम्मिलित होना एवं शिक्षण संस्थान स्तर से मास्टर डाटा में पूर्व से सम्मिलित संस्थाओं द्वारा पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का प्रकार, पाठ्यक्रमवार कुल सीटों की संख्या, सक्षम स्तर से निर्धारित शुल्क, पाठ्यक्रमवार पूर्णांक (सेमेस्टर की दशा में दो सेमेस्टर के अंकों को मिलाते), पाठ्यक्रमवार एफिलियेटिंग एजेन्सी, विश्वविद्यालय के नाम एवं आइस कोड आदि सूचनाओं को अंकित, अद्यतन कार्यवाही कर डिजिटल हस्ताक्षर से प्रमाणित करने एवं संस्था छात्रों द्वारा छात्रवृत्ति समय सारिणी के अनुसार कार्यवाही किये जाने हेतु तिथि निर्धारित की गयी है। उन्होंने कहाकि जनपद में संचालित समस्त शिक्षण संस्थानों एवं छात्रों को निर्देशित किया जाता है कि शासन द्वारा निर्गत समय सारिणी के अनुसार समस्त वर्गों की छात्रवृत्ति हेतु कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। जिसके सम्बन्ध में विस्तृत विवरण छात्रवृत्ति, शुल्क प्रतिपूर्ति पर उपलब्ध है।

# ततरौत के ग्राम प्रधान, सचिव सहित चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

घटना

**8 -ततरौता ग्राम पंचायत की गौशाला में गायों की मौत से जुडा है मामला**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

बलदेव क्षेत्र की ग्राम पंचायत ततरौता की गोषाला में गायों के मारने और गौशाला से गायों को भाग देने की घटना को मुख्य विकास अधिकारी ने गंभीरता से लिया है। ग्राम प्रधान, सचिव और दो गौशाला के केयर टेकर सहित चार लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए पषु क्रूरता अधिनियम के तहत थाना बलदेव पर एफआईआर दर्ज कराई गयी है। साथ की गौशाला में घटना के लिए जिम्मेदार कमियों का चिन्हित कर उन्हें सुधारा जा रहा है जिससे भविष्य में इस तरह की घटनाओं की संभावना को निरस्त किया जा सके। मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार मीना ने बताया कि ततरौता गौशाला में दो दिन पहले कुछ गायों की मृत्यु की खबर आई थी। हमने यहां से पशुपालन विभाग की टीम और चिकित्सक भेजे, पता चला कि प्रधान, सचिव और वहां के केयरटेकर की लापरवाही की वजह से यह घटना हुई है। यहां दो बातें सामने आई हैं कि केयरटेकर ने गायों को बाहर निकाल दिया है। चारे और पानी की व्यवस्था ठीक नहीं थी। दो तीन बार इन लोगों को बताया भी गया लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। इसमें चार लोगों का उत्तर दायित्व निर्धारित किया गया है। एसडीएम से भी इस मामले में जांच कराई गई है। वहां से भी यही रिपोर्ट आई है। सचिव के खिलाफ विभागीय कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाएगी। फिलहाल हम लोग जो वहां कमियां हैं उन्हें सुधार रहे हैं। वहीं जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा जनपद की दूसरी गौशालाओं की भी टोह ली जा रही है। सीडीओ ने अधीनस्थों को निर्देशित किया है कि गोशालाओं में अनियमितता संबंधी शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए और जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाये।

## आविर्भाव महोत्सव में यमुना आरती का हुआ आयोजन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

श्री हरिदासिय राधा प्रसाद सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में चल रहे स्वामी श्री हरिदास जी महाराज के 543 वे आविर्भाव महोत्सव के अंतर्गत चतुर्थ दिवस यमुना महारानी की महा आरती का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी राधा प्रसाद देव जू महाराज के द्वारा की गई। सर्वप्रथम आश्रम के महंत और अनुयाई वृंदावन के सुप्रसिद्ध घाट केसी घाट पहुंचे। जहां पर यमुना महारानी का 543 कमल पुष्पों के द्वारा अभिषेक किया गया। साथ ही यमुना महारानी का दुग्धाभिषेक भी किया गया। यमुना महारानी के समक्ष आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी राधा प्रसाद देव जू महाराज एवं महंत मोहिनी बिहारी शरण महाराज के द्वारा यमुना महारानी की धुन आरती



और महाआरती की गई। इस मौके पर बोलते हुए गंगा जी वाले बाबा ने बताया कि हर वर्ष स्वामी हरिदास जू महाराज का आविर्भाव महोत्सव पूज्य आचार्य महामंडलेश्वर राधा प्रसाद देव जू महाराज के द्वारा धूमधाम के साथ मनाया जाता है। हर वर्ष वह उत्सव के अंतर्गत यमुना आरती का आयोजन करते हैं। इस वर्ष भी बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ यमुना महारानी की महा आरती का आयोजन किया गया है। जिसमें उनके अनुयाई और भक्तगण भी मौजूद हुए हैं।

## समविद गुरुकुलम स्कूल बना प्रदेश का पहला सैनिक स्कूल

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

वृंदावन स्थित वात्सल्य ग्राम स्थित समविद गुरुकुलम हायर सेकेंडरी स्कूल को रक्षा मंत्रालय ने सैनिक स्कूल की मान्यता प्रदान की है। इस क्रम में समविद स्कूल उत्तर प्रदेश का पहला बालिका सैनिक स्कूल होगा। यहाँ पढ़ने बाली बेटियां कोर्स के साथ सैन्य शिक्षा ग्रहण कर मानसिक और शारीरिक रूप से सवल बनकर अनुशासित उज्जवल भविष्य का निर्माण कर सकेंगी। साध्वी ऋतम्भरा द्वारा संचालित इस विद्यालय में सीबीएसई शिक्षा के साथ वैदिक ज्ञान की कक्षाएं भी लगाई जाती हैं ताकि बेटियां हर क्षेत्र में सवल बन सकें। छात्राओं को स्वावलम्बी, अनुशासित एवं राष्ट्र भक्त बनाने की दृष्टि से यहाँ एनसीसी की ट्रेनिंग पहले से ही दी जा रही थी। सैनिक स्कूल की मान्यता मिलने के बाद यह उत्तर प्रदेश का पहला और देश का छटा बालिका सैनिक स्कूल है। इसके साथ ही वृन्दावन का नाम सैन्य शिक्षा जगत में



स्थापित हो गया है। सैनिक स्कूल मान्यता की खबर सुनते ही छात्राएँ खुशी उछलने लगी। मान्यता मिलने पर साध्वी ऋतम्भरा ने समविद गुरुकुलम परिवार को शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद दिया। शिक्षकों अभिभावकों एवं अन्य गण मन व्यक्तियों ने भी स्कूल को बधाइयां प्रेषित की समविद गुरुकुलम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अब बालिकाएं कक्षा छह से सैन्य शिक्षा ग्रहण कर सकेगीं। यह जानकारी डॉ उमाशंकर रही ने दी।

## सौंख में लगा निशुल्क हृदय रोग जांच शिविर

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

कस्बा सौंख में सिटी सुपर इंस्टीट्यूट मेडिकल साइंस के तत्वाधान में कुम्हेर रोड स्थित डॉ. गजेंद्र के क्लीनिक पर गुरुवार को एक दिवसीय निशुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कस्बा के सैकड़ों लोगों ने जांच करा कर शिविर का लाभ लिया। कैंप में वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अर्पित अग्रवाल द्वारा विभिन्न रोगों से ग्रस्त सैकड़ो रोगियों की जांच की गई । सभी रोगियों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई । इस दौरान कुछ मरीजों के ब्लड की जांच कराई गई। शिविर का शुभारंभ भाजपा नेता चौधरी रामकुमार कुंतल ने किया। शिविर में कस्बा के लोरियापट्टी, बछगाँव, तसिया, नैनूकला, अड्डा ,पाली, समेत अन्य गांव के लोग जांच कराने के लिए पहुंचे।

## मथुरा जंक्शन पर चला फोर्ट्रेस टिकट चेकिंग अभियान

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

स्टेशन निदेशक एसके श्रीवास्तव के नेतृत्व में बिना टिकट यात्रियों की रोकथाम के लिए मथुरा जंक्शन स्टेशन पर फोर्ट्रेस टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें स्टेशन से गुजरने वाली विभिन्न गाड़ियों पर बिना टिकट यात्रा, अनियमित यात्रा, बिना बुक लगेज, गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध मथुरा जंक्शन स्टेशन पर किलाबंदी कर जांच की गई। जिसके परिणामस्वरूप जांच के दौरान 75 बिना टिकट यात्रियों से 30865 रुपये, अनाधिकृत यात्रा करने वाले 32 यात्रियों से 13160 रुपए तथा 15 यात्रियों से गंदगी फैलाने, धूम्रपान करने



के फलस्वरूप 1500 रुपए सहित कुल 122 यात्रियों से 45525 रुपये का जुमार्ना वसूल किया गया। फोर्ट्रेस टिकट चेकिंग अभियान में टिकट जांच कर्मचारी, आरपीएफ एवं जीआरपी कर्मचारी मौजूद रहे। जनसंपर्क अधिकारी कु. प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि इस प्रकार की जांच मंडल में निरंतर कराई जा रही हैं। अतः यात्रियों से अनुरोध है कि वह उचित यात्रा टिकट लेकर एवं निर्धारित सीमा से अधिक सामान को बुक कराकर ही यात्रा करें तथा रेल परिसर में गंदगी न फैलाए।

# 'गरीब की गाय बकरी होंगी भविष्य का दुधारू जानवर'

प्रशिक्षण

**8 -बकरी जनन की आधुनिक जैव तकनीकियों का प्रशिक्षण शुरू, - सात राज्यों के प्रतिभागी ले रहे हैं प्रशिक्षण**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान मखदूम फरह में बकरी जनन की आधुनिक जैव तकनीकियों विषय पर आठ दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अनुसूचित जाति एवं जनजाति परियोजनाओं द्वारा वित्तपोषित है तथा अनुसूचित



जाति एवं जनजाति के छात्र छात्राओं के लिए आयोजित की गयी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ मनीष कुमार चेटली ने की। कार्यक्रम के प्रशिक्षण समन्वयक डॉ शिव प्रताप सिंह एवं डॉ योगेश कुमार सोनी ने अवगत कराया कि यह प्रशिक्षण बकरी जनन की आधुनिक जैव तकनीकों एवं उनके अधिक से अधिक उपयोग को बढ़ावा देने तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्र-छात्राओं के तकनीकी एवं कौशल विकास हेतु आयोजित की गयी है। इस कार्यक्रम में सात राज्यों के 12 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। संस्थान के निदेशक डॉ चेटली ने बकरियों में कृत्रिम गभार्धान एवं उसकी आर्थिकी के बारे में प्रशिक्षुओं को अवगत कराया और साथ ही उन्होंने आधुनिक जैव तकनीक से बकरी पालन के क्षेत्र में होने वाले लाभों से भी अवगत कराया और बताया कि यह तकनीकियां ही गरीब की गाय बकरी को भविष्य का जानवर बनाने में सहायक होंगी इसी के साथ संस्थान की शोध गतिविधियों एवं उपलब्धियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया और कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के संयोजक एवं विभागाध्यक्ष डॉ सुरेश दिनकर खर्चे ने भी प्रशिक्षण के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति परियोजनाओं के प्रभारी तथा पाठ्यक्रम सह-समन्वयक डॉ गोपाल दास एवं डॉ अनुपम कृष्ण दीक्षित का विशेष रूप से वित्तपोषण में सहयोग रहा। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## श्री राधा कृष्ण के युगल स्वरूपों ने मोहा मन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती वृंदावन के बैनर तले स्थानीय निंबार्क जूनियर हाई स्कूल बिहार घाट में नगर स्तरीय राधा कृष्ण युगल स्वरूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के 19 विद्यालयों से 116 छात्र छात्राओं ने राधा कृष्ण के स्वरूप को धारण कर नृत्य और गीतों के माध्यम से प्रभावशाली प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे के समक्ष कार्यक्रम अध्यक्ष जयकिशोर शरण, विशिष्ट अतिथि रामकिशन अग्रवाल चेयरमैन बसेरा ग्रुप ,एसबीआई प्रताप बाजार वृंदावन के प्रबंधक अमित वर्मा ,विशिष्ट अतिथि राकेश चौधरी ,स्वागताध्यक्ष विनय ओटवानी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रामकृष्ण अग्रवाल ने कहा वैदिक सनातन संस्कृति को चिरस्थाई बनाने के लिए संस्कार भारती इस प्रकार के आयोजन कर समाज को दिशा प्रदान कर रही है । कार्यक्रम अध्यक्ष जय किशोर शरण ने कहा कि राधा कृष्ण युगल स्वरूप सज्जा के माध्यम से नई पीढ़ी में पवित्र संस्कार जगाने का कार्य बखूबी किया जा रहा है जो आज के समय में आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संस्कार भारती के कार्यक्रम सदैव प्रेरणादाई होते हैं। प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित हुई जिसमें प्रथम वर्ग कक्षा 3 से 5 तक रखा गया जिसमें प्रथम स्थान युवराज ,काव्य ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर उपाश्य और अनुराधा के स्वरूपों ने प्राप्त किया तृतीय स्थान पर दिव्यांशी व मीरा के स्वरुप रहे। द्वितीय वर्ग में कक्षा 6 से 8 तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिसमें श्री निंबार्क जूनियर हाई स्कूल की मौलिका एवं वैष्णवी ने प्रथम स्थान बनाया द्वितीय स्थान पर इसी विद्यालय की नंदिनी और गौरी अग्रवाल रही।

## फरार कैदी प्रकरण: 12 में से आठ पुलिस कर्मियों पर गिरी गाज

**झांसी/टीम एक्शन इंडिया**

बीते दिनों रेलवे मजिस्ट्रेट न्यायालय के बाहर से पुलिस वाहन से फरार सात में से तीन बंदियों का तीसरे दिन तक भी कोई सुराग नहीं लगा। इस मामले में जीआरपी थाने में तीन एसआई, चार मुख्य आरक्षी, एक आरक्षी व फरार 03 बंदियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।एसएसपी राजेश एस ने इस मामले में घोर लापरवाही पर तीन एसआई, 04 हेड कांस्टेबल व एक कांस्टेबल को निलंबित कर दिया है। 04 पुलिस कर्मियों की प्रथम दृष्ट्या लापरवाही न पाए जाने पर उन्हें क्लीन चिट दे दी गई है। एसएसपी के निर्देशन में सिविल पुलिस की दो टीमों और जीआरपी की छापेमारी की कार्रवाई जारी है।

इस मामले में झांसी सिविल पुलिस के प्रतिसार निरीक्षक सुभाष सिंह की तहरीर पर जीआरपी पुलिस ने सिविल पुलिस के उप निरीक्षक सुरेश सिंह यादव, राजेंद्र अनुरागी, पंकज सिंह, मुख्य आरक्षी शिवपाल, सुनील कुमार, संदीप कुमार और शैलेंन्द्र के खिलाफ धारा 223, 224 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## राधा की प्रधान सखि के जन्मोत्सव के उल्लास में डूबा ऊंचा गांव

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

प्रिया प्रियतम की लीलाओं की सहनायिका एवं राधा रानी की अष्ट सखियों में प्रधान ललिता सखि का जन्मदिन बरसाना के समीपवर्ती गांव ऊंचा गांव में धूमधाम से मनाया गया। ललिता जी के जन्मोत्सव पर ब्रह्मांचल पर्वत के समीपस्थ गांव राधा कृष्ण के जयकारों से गूंज उठे। ललिता सखी के अभिषेक के दर्शनों को भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। दोपहर को सेवायतों द्वारा पंचामृत से उनका अभिषेक कराया गया। बृहस्पतिवार को भाद्रपद की छठ को ऊचागांव में स्थित ललिता अटा अटोर



नामक पहाड़ी पर बने भव्य ललिता मंदिर में दोपहर 12 बजे ललिता जी का अभिषेक कराया गया। सुबह से ही गांव में श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया। देखते ही देखते ललिता मंदिर परिसर में भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। भक्त राधारानी की सबसे प्रिय सखी के आगमन के लिए पलकें बिछाए थे। दोपहर करीब 12 बजे ललिता मंदिर के सेवायतों ने ललिता जी के श्रीविग्रह को घी, दूध, दही, शहद, बूरा, केसर, जटामसी, चंदन चूरा, नागार मोथा, अगर तगर, पंच मेवा, गुलाब जल, इत्र, घोघृत आदि का पंचामृत बनाकर अभिषेक कराया। मंदिर में घंटा-घडि?ाल बज रहे थे, तथा ललिता सखी व राधारानी के जयकारों से पूरा वतावरण गूंज रहा था। ललिता सखी की एक छवि पाने को श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ रहा था।

इस दौरान गुर्जर समुदाय के लोगों द्वारा लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया। श्रद्धालु लोक नृत्य देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। जन्म से पहले सखियों द्वारा मंदिर परिसर में बधाई पद गाए गए। इस मौके पर ब्रजाचार्य पीठ के ललिता पीठ के पीठाधीश्वर गोस्वामी कृष्णनंद भट्ट, ब्रजाचार्य पीठ के पीठाधीश्वर गोस्वामी उपेंद्र भट्ट, ब्रजाचार्य पीठ के प्रवक्ता घनश्याम राज भट्ट, दिलीप भट्ट, रोहित भट्ट, अरुण भट्ट, दिनेश, गोपाल सखी, सतीश पाठक,आदि ने ललिता सखी के अभिषेक कार्यक्रम में भाग लिया।

# लाडली के जन्मोत्सव के लिए सजधज कर तैयार हुआ बरसाना

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

भाद्रपद शुक्ल पक्ष की अष्टमी को राधा जी का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। बरसाना सहित समूचा ब्रज राधारानी के जन्मोत्सव की तैयारियों में जुटा है। बरसाना सजधज कर तैयार है। लाडली जू के जन्मोत्सव में शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया है। शुक्ल पक्ष की छठी तिथि को नंदगांव से जन्म की बधाई देने समाज बरसाना निजमहल आया। आष्टमी को रात्रि दो बजे से समाज द्वारा जन्म के पदों का परम्परागत गायन किया जाएगा और प्रात:काल (ब्रह्मवेला) में श्रीराधारानी का जन्मोत्सव सुबह 4 बजे से 5 बजे तक महाभिषेक कर मनाया जाएगा। वहीं 24 दिसम्बर यानी नवमी से बुढी लीलाओं का आयोजन प्रारंभ हो। 21



सितंबर को ऊंचागांव और बरसाना निज महल के साथ अष्टम सखी मन्दिर में ललित जी का जन्म अभिषेक कराया जाएगा। वहीं एक दिन पहले 22 तारीख को नंदगांव के नन्दभवन से समाज चलकर श्रीराधारानी निज महल बरसाना पहुंचेगी और वहां बधाइयां गई जाएंगी। अष्टमी को सुबह 10 बजे से श्रीजी मन्दिर में वृषभान उत्सव मनाया जायेगा। और श्रीराधारानी रत्न जड़ित आभूषण पहन सोने के पालने में अपने भक्तों को देगी दर्शन। वही नन्दगांव वाले बधाई और ढाढिन पदों का गायन करेंगे। शाम के दर्शन श्रीराधारानी अपने भक्तों को नीचे डोला में बैठ सफेद छत्तरी में दर्षन देंगी। नवमी सुबह मोर कुटी लड्डू लीला एवं गहवरव कुण्ड पर मटकी फोड़ लीला और शाम को राम मंदिर एवं मानपुर लीला, दशमी को सुबह विलासगढ़ जोगन लीला एवं शाम को जयपुर मंदिर, राम मंदिर एवं चिकसौली ग्राम में लल्लू डीलर जी के घर लीला, एकादशी को सुबह नागाजी की कुंज में रासलीला, श्रीराधारानी के दादी बाबा, नागजी हनुमान जी के मंदिर में, श्रीजी निज महल में, स्वामी जी महाराज पर, दानगढ़ पर दानलीला एवं साँकरी खोर में चुटिया बन्धनलीला एवं शाम को राम मंदिर एवं रात को नौ बजे श्रीजी मंदिर लीला होगी। द्वादशी को सुबह दाऊजी मंदिर ऊंचागांव में श्याम सगाई लीला एवं ललिता सखी ठाकुर जी का ब्याहवला व शाम को प्रिया कुंड पर ढौंगा (नौकाबिहार लीला) राम मंदिर एवं मान मंदिर पर मान लीला। त्रयोदशी को श्रीराधारानी के छठी उत्सव का आयोजन होगा, बृषभानु मन्दिर और सुदामा चौक पर गायन होगा। साथ ही दोपहर में बुढीलीलाओं के अन्तर्गत ठाकुरश्रीजी चिकसौली मानपुर में घर-घर दही का भोग एवं दोपहर में सांकरी खोर में मटकी फोड़ लीला एवं शाम को राम मंदिर व चिकसौली ग्राम में लीला, चतुर्दशी सुनहरा, पाछौल, कदमखंडी चीर हरण लीला एवं शाम को सुन्दर लंबरदार के घर चिकसौली में लीला, पूर्णिमा पर सुबह करहला (मडौई) महारास, शाम को राधाबाग एवं चिकसौली बाबू प्रधान के हौल पर शंकर लीला होगी।

# किसानों के धरने को एक महीना पूरा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

आगरा उत्तरी बाईपास पर अपनी मांगों को लेकर चल रहे किसानों के आंदोलन को एक महीना पूरा हो गया है। धरना स्थल पर एक बार फिर प्रषासनिक अधिकारी किसानों से बात करने पहुंचे लेकिन किसानों के साथ बात अंतिम निर्णय पर नहीं पहुंची। करीब एक घंटे चली किसानों के साथ एडीएम प्रशासन और एसडीएम महावन ने बात चीत कर निर्णय पर पहुंचने के प्रयास किये लेकिन धरने को खत्म करने पर कोई सहमति नहीं बन पाई। अधिकारियों ने अपनी ओर से किसानों की मांगों को शासन के संज्ञान में लाने का भरोसा भी दिलाया, लेकिन किसान लिखित



प्रपत्र दिखाने पर अड़ गए। किसानों ने कहा कि कोरी बातों और आश्वासनों से किसान इस बार बहलने बाले नहीं हैं। इस दौरान बीरेंद्र सिंह, गजेंद्र परिहार, ईशान चौधरी, लोकेश चौधरी, कोमल सिंह, देवेंद्र सरपंच, हरेश, छेदालाल, रतन सिंह अकोस, योगेश कुमार अस्थाना, ओंकार सिह, ब्रह्मजीत, धर्मवीर सिंह, ओमप्रकाश, मेंबर सिंह, जगदीश परिहार, गिर्राज सिंह परिहार, विजेंद्र नंवरदार, नरेंद्र डीलर, करुआ प्रधान, रंजीत सिंह, राजू प्रधान, महेंद्र पंडित नेरा, रामवीर सिंह तहसील अध्यक्ष महावन रामगोपाल तोमर शेखर मोहन सिंह ,उदयवीर सिंह, रामकुमार,विजय सिंह आदि मौजूद रहे।

## इको ऑस्कर्स: फाइनल में जगह बनाने वाली 15 कंपनियों में शामिल हुआ भारतीय स्टार्टअप

**नई दिल्ली।** भारत में खाद्य अपशिष्ट से निपटने वाला सौर ऊर्जा से चलने वाला तकनीकी उपक्रम ब्रिटेन के प्रिंस विलियम द्वारा स्थापित और 'इको ऑस्कर' नामक 1 मिलियन पाउंड के अर्थशॉट पुरस्कार के लिए दुनिया भर में प्रतिस्पर्धा कर रहे 15 फाइनलिस्टों में शामिल है। विश्वविद्यालय के सात दोस्तों निधि पंत, वैभव तिडके, स्वप्निल कोकते, गणेश भेरे, शीतल सोमानी, तुषार गावरे और अश्विन पावड़े द्वारा 2023 में स्थापित एस4एस टेक्नोलॉजीज को 'अर्थशॉट प्राइज टू बिल्ड ए वेस्ट-फ्री वर्ल्ड' श्रेणी में शॉर्टलिस्ट किया गया है। एस4एस का अर्थ साइंस फॉर सोसाइटी है। इस कंपनी ने खाद्य अपशिष्ट, ग्रामीण गरीबी और लैंगिक असमानता की दिशा में काम किया। जिससे छोटी जोत वाली महिला किसानों को अधिशेष उपज को संरक्षित करने और विपणन करने में मदद मिली।अर्थशॉट पुरस्कार में कहा गया है, 'संगठन ग्रामीण समुदायों को कोल्ड स्टोरेज या पारंपरिक औद्योगिक खाद्य संरक्षण के अन्य अधिक महंगे तरीकों का उपयोग करने के बजाय साइट पर अपनी फसलों को तैयार करने के लिए सस्ते सौर-संचालित चालन ड्रायर और खाद्य प्रसंस्करण उपकरण प्रदान करता है। महिला किसानों का समर्थन करने पर ध्यान केंद्रित करने के साथ, एस4एस केचप जैसे मूल्यवान खाद्य उत्पादों के उत्पादन और बिक्री के लिए संरक्षित कचरे का उपयोग करने में अपने उद्यमियों का भी समर्थन करता है। एस 4 एस एक बाजार बनाता है, वाणिज्यिक खरीदारों को इन उत्पादों से जोड़ता है और उन्हें बनाने वाले किसानों को अधिकांश लाभ वापस करता है। कोफाउंडर निधि पंत ने बताया, 'खाद्य अपशिष्ट, ग्रामीण गरीबी और लैंगिक असमानता भारत के लोगों के लिए आपस में गहराई से जुड़ी चुनौतियां है। एस4एस का अभिनव समाधान अत्याधुनिक तकनीक को व्यावहारिक समर्थन और प्रशिक्षण के साथ जोड़ता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महिला किसान अपने और अपने परिवारों के लिए अपनी आजीविका में सुधार कर सकें।'

## शेयर बाजार: बड़ी बिकवाली से निवेशकों के 2.38 लाख करोड़ डूबे

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में बड़ी बिकवाली दिखी। बंबई शेयर बाजार का सेंसेक्स लगभग 800 अंक या एक प्रतिशत टूटकर 67,000 अंक के स्तर से नीचे आ गया। कारोबार के दौरान यह 66,728 अंक के दिन के निचले स्तर को छू गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 1.18 प्रतिशत या 238 अंक की गिरावट के साथ 19,895 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान सेंसेक्स 796.00 (1.17फीसदी) अंकों की गिरावट के साथ 66,800.84 के स्तर पर जबकि निफ्टी 231.90 (1.15फीसदी) अंक टूटकर 19,901.40 के लेवल पर बंद हुआ। बीएसई में सूचीबद्ध सभी कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.38 लाख करोड़ रुपये घटकर 320.61 लाख करोड़ रुपये रह गया। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक के नतीजों से पहले अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल के 16 साल के उच्च स्तर पर पहुंचने के बीच एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस जैसे बड़े शेयरों में गिरावट के चलते घरेलू बेंचमार्क सूचकांक गिरावट के साथ खुले। सेंसेक्स की कंपनियों में एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, जेएसडब्ल्यू स्टील, मारुति और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में गिरावट रही।

## टोटल एनर्जीज: फ्रांस की कंपनी ने लिया बड़ा फैसला, अदाणी के साथ संयुक्त उद्यम में 30 करोड़ डॉलर का निवेश करेगी

**नई दिल्ली।** फ्रांस की टोटल एनर्जीज अदाणी समूह के साथ एक नए संयुक्त उद्यम में 30 करोड़ डॉलर का निवेश करेगी, यह संयुक्त उद्यम नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना के लिए है। एक नियामकीय सूचना में यह जानकारी दी गई है।

## अकासा एयर: 43 पायलटों के इस्तीफे के बाद संकट में एयरलाइन

**नई दिल्ली।** हाल ही में शुरू हुए अकासा एयर पर भी संकट के बादल गहरा गए है। 43 पायलटों के इस्तीफे के बाद एयरलाइन को बंद करने की नौबत आ सकती है, एयरलाइन ने दिल्ली हाईकोर्ट को यह जानकारी दी है। पायलटों के अचानक इस्तीफे के कारण विमानन कंपनी को सितंबर में हर दिन 24 उड़ानें रद्द करनी पड़ी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार एयरलाइन के वकील ने जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा को बताया कि चूंकि पायलटों ने छह महीने (फर्स्ट ऑफिसर के लिए) और एक साल (पायलट के लिए) की अनिवार्य नोटिस अवधि को पूरा नहीं किया, इसलिए अकासा एयर को प्रत्येक दिन कई उड़ानें रद्द करने के लिए मजबूर होना पड़ा। पायलट कथित तौर पर अकासा एयर की प्रतिद्वंद्वी एयरलाइंस में शामिल हो गए हैं।

## पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर, कच्चा तेल 93 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में गिरावट का रुख है। ब्रेंट क्रूड का भाव 93 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 91 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के भाव में कोई बदलाव नहीं किया है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक गुरुवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल का भाव 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा। वहीं, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर है। इसी तरह कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल का भाव



102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर है।अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.70 डॉलर यानी 0.75 फीसदी की गिरावट के साथ 92.83 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.92 डॉलर यानी 1.01 फीसदी लुढ़कर 90.28 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## इंडिया रेटिंग्स ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.2 फीसदी रहने का जताया अनुमान

**नई दिल्ली।** इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान 5.9 फीसदी से बढ़ाकर 6.2 फीसदी कर दिया है। रेटिंग एजेंसी ने जारी ताजा अनुमान में बताया कि सरकार के बढ़े हुए पूंजीगत व्यय, घरेलू कंपनियों एवं बैंकों के बही-खातों में कर्ज की कमी, वैश्विक जिंस कीमतों में नरमी और निजी निवेश में तेजी की वजह से आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाया गया है। एजेंसी के मुताबिक सभी जोखिम चालू वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि को प्रभावित और बाधित करना जारी रखेंगे। हालांकि, अप्रैल-जून तिमाही में 7.8 फीसदी पर रही जीडीपी ग्रोथ के अगली तीनों तिमाहियों में सुस्त पड़ने के




आसार दिख रहे हैं। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च भारत की सबसे सम्मानित क्रेडिट रेटिंग एजेंसी है। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.5 फीसदी रहेगी। इसके पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 7.2 फीसदी रही थी।

## एडीबी ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान घटाकर 6.3 फीसदी किया

**नई दिल्ली।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6.4 फीसदी से घटाकर 6.3 फीसदी कर दिया है। एडीबी ने कृषि उपज पर प्रतिकूल मानसून के संभावित असर और निर्यात में सुस्ती की वजह से यह कटौती की है। एडीबी ने एशियाई विकास परिदृश्य सितंबर, 2023 शीर्षक से जारी अपनी रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.4 फीसदी की बजाय 6.3 फीसदी बताया। रिपोर्ट के मुताबिक घरेलू खपत में मजबूती और उपभोक्ता धारणा बेहतर होने से चालू वित्त वर्ष के बचे हुए समय और अगले वित्त वर्ष में भी भारत की वृद्धि दर को मजबूती मिलती




रहेगी। हालांकि, एडीबी ने अगले वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अपने अनुमान को 6.7 फीसदी पर बरकरार रखा है। एडीबी की रिपोर्ट के मुताबिक निजी निवेश और औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि होने से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि को रफ्तार मिलेगी। इसके साथ ही सार्वजनिक पूंजीगत व्यय में बड़े पैमाने पर इजाफा से भी इसे मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि भारत की जीडीपी चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में 7.8 फीसदी की दर से बढ़ी थी, जिसमें सेवा क्षेत्र और बढ़े हुए निवेश की अहम भूमिका रही है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर 6.5 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। इसके पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 7.2 फीसदी रही थी।

## ईएसआईसी ने जुलाई महीने में 19.88 लाख नए सदस्य जोड़े

**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने जुलाई में अपनी स्वास्थ्य बीमा योजना ईएसआई के तहत 19.88 लाख नए कर्मचारी जोड़े हैं। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने जारी बयान में बताया कि ईएसआईसी के अस्थायी पेरोल आंकड़ों के मुताबिक जुलाई में 19.88 लाख नए कर्मचारी जुड़े है। इस दौरान करीब 27,870 नए प्रतिष्ठान पंजीकृत हुए हैं, उन्हें ईएसआईसी के सामाजिक सुरक्षा दायरे में लाया गया है। मंत्रालय के आंकड़ों से पता चलता है कि इस दौरान युवाओं के लिए अधिक नौकरियां पैदा हुईं। इस दौरान जोड़े गए कुल 19.88 लाख कर्मचारियों में 9.54 लाख कर्मचारी 25 साल से कम उम्र के थे। इसी तरह जुलाई महीने में महिला सदस्यों का शुद्ध नामांकन 3.82 लाख था, जबकि कुल 52 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों को ईएसआई योजना के तहत पंजीकृत किया गया है।

## एसजेवीएन में 4.92 फीसदी हिस्सेदारी बेचेगी सरकार : दीपम सचिव

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार एसजेवीएन लिमिटेड में अपनी 4.92 फीसदी हिस्सेदारी, बिक्री पेशकश (ओएफएस) के जरिए 69 रुपये प्रति शेयर के न्यूनतम मूल्य पर बेचेगी। इसके लिए दो दिवसीस शेयर बिक्री गुरुवार, 21 सितंबर से शुरू होगी।

निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव तुहिन कांत पांडेय ने सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर दी जानकारी में बताया कि एसजेवीएन में बिक्री पेशकश गैर-खुदरा निवेशकों के लिए गुरुवार को खुलेगी। वहीं, खुदरा निवेशक शुक्रवार को बोली लगा सकते हैं। दीपम सचिव के मुताबिक सरकार अतिरिक्त बोली आने पर 2.46 फीसदी हिस्सेदारी और बेचने (ग्रीन शू विकल्प) के विकल्प सहित 4.92 फीसदी इक्विटी का विनिवेश करेगी। उल्लेखनीय है कि एसजेवीएन लिमिटेड विद्युत मंत्रालय के नियंत्रण वाली एक शेड्यूल-'ए' मिनी रत्न श्रेणी-। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी है। केंद्र सरकार को 69 रुपये प्रति शेयर के न्यूनतम मूल्य पर अपनी 4.92 फीसदी हिस्सेदारी (करीब 9.66 करोड़ शेयर) की बिक्री से 650 करोड़ रुपये से ज्यादा मिलेंगे।

## श्रमिक संगठनों ने कोल इंडिया में तीन दिवसीय हड़ताल की धमकी दी

**नई दिल्ली।** श्रमिक संगठनों ने सार्वजनिक क्षेत्र की खनन कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) कर्मचारियों को नवीनतम वेतन समझौते के अनुरूप वेतन नहीं देने पर तीन दिनों की हड़ताल की धमकी दी है।

कोल इंडिया लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसे कई श्रमिक संगठनों ने कंपनी और उसकी अनुषंगियों में पांच से 7 अक्टूबर तक तीन-दिन की हड़ताल का नोटिस दिया है। सीआईएल के मुताबिक नोटिस देने वाले संगठनों में बीएमएस, एटक, इंटक, एचएमएस (हिंद मजदूर सभा) और सीटू (सेंटर फॉर इंडियन ट्रेड यूनियन्स) शामिल हैं।

देश की सबसे बड़ी कोयला कंपनी ने जारी एक बयान में कहा कि उसने हड़ताल का नोटिस मिलने के बाद मुख्य श्रम आयुक्त (केंद्रीय) को पत्र लिखकर जरूरी कदम उठाने का अनुरोध किया है। उसने कंपनी और देश के हितों की



रक्षा के लिए इस मामले को सुलह के जरिए सुलझाने की मांग की है। कोयला मंत्रालय ने जून, 2023 में संशोधित वेतन समझौते को मंजूरी देने की घोषणा की थी।

उल्लेखनीय है कि भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) और ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) समेत कई श्रमिक संगठनों ने कहा है कि कोल इंडिया के गैर-कार्यकारी कर्मचारियों को राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौते (एनसीडब्ल्यूए)-11 के अनुरूप वेतन दिया जाए। श्रमिक संगठनों ने सीआईएल से कहा है कि ऐसा न होने पर तीन दिनों की हड़ताल की जाएगी।

## टोटल एनर्जीस के साथ एजीईएल का रणनीतिक गठजोड़

**अहमदाबाद।** अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) और टोटल एनर्जीस ने एक अनुबंध किया है, जो कि 1,050 मेगावाट पोर्टफोलियो के साथ टोटल एनर्जीस और एजीईएल के समान स्वामित्व वाला एक नया जॉइंट वेंचर स्थापित करने पर आधारित है। इस पोर्टफोलियो में सौर और पवन ऊर्जा दोनों के मिश्रण के साथ पहले से संचालित हो रहे (300 मेगावाट), निर्माणाधीन (500 मेगावाट) और निर्माणाधीन परिसंपत्तियों (250 मेगावाट) का मिश्रण शामिल होगा। जॉइंट वेंचर के तहत एजीईएल अपनी संपत्ति और टोटल एनर्जीस 300 मिलियन अमेरिकी डॉलर के इक्विटी निवेश में योगदान करेगा, जो उनके विकास में और मजबूती प्रदान करेगा। इस नए लेनदेन के माध्यम से एजीईएल के साथ टोटल एनर्जीस के रणनीतिक गठजोड़ को मजबूती मिलेगी और यह वर्ष 2030 तक 45 गीगावॉट रिन्यूएबल पॉवर क्षमता के लक्ष्य



के साथ रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में भारत में अग्रणी बनने में कंपनी का समर्थन करेगा। अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहा, एजीईएल में टोटल एनर्जीस के साथ अपनी दीर्घकालिक साझेदारी का विस्तार करना हमारे लिए हर्ष का विषय है। भारत के डी-कार्बनाइजेशन के मार्ग में यह निवेश उस महत्वपूर्ण भूमिका को और भी अधिक सुदृढ़ करेगा, जिसे एजीईएल निभाता आ रहा है। यह वर्ष 2030 तक 45 गीगावॉट रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता हासिल करने के हमारे दृष्टिकोण को पूरा करने में विशेष रूप से मदद करेगा।टोटल एनर्जीस के चेयरमैन और सीईओ पैट्रिक पौयाने ने कहा, एजीईएल के माध्यम से टोटल एनर्जीस सक्रिय रूप से उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज कर रहा है। भारत के रिन्यूएबल पॉवर बाजार में इसकी उपस्थिति सुदृढ़ है। इस बाजार को अपने आकार और विकास तथा व्यापारी बाजार के प्रारंभिक विकास के कारण गति मिली है। वर्ष 2020 में हमारे पहले जॉइंट वेंचर एजीईएल-23 और 2021 में एजीईएल में शेयर्स के अधिग्रहण के बाद, एजीईएल के साथ यह नया जॉइंट वेंचर हमें परिसंपत्तियों के एक बड़े पोर्टफोलियो तक प्रत्यक्ष पहुंच के माध्यम से विकास को गति प्रदान करेगा। साथ ही रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में भारत में अग्रणी के रूप में खुद को स्थापित करने के लिए एजीईएल की महत्वाकांक्षा का समर्थन करने में सक्षम बनाएगा। कुछ रेगुलेटरी अप्रूवल्स और कस्टमरी क्लोजिंग की शर्तों को पूरा कर लेने के साथ ही ट्रांजेक्शन पूरा हो जाएगा।

## मेड इन इंडिया उत्पाद के रूप में विगोर ई-बाइक ने अपनी पहचान बनाई

**जयपुर।** राजस्थान की पहली ई-मोटो- बाइक विगोर जयपुर में लॉन्च की गई। विगोर एक भारतीय ई-बाइक कंपनी है, जिसने एक परिवर्तनशील और मेड इन इंडिया उत्पाद के रूप में अपनी पहचान बनाई है। जो नवाचारी तकनीकी विकास और देश के बढ़ते प्रदूषण के समाधान की तरफ कदम बढ़ाते हुए ऊर्जावान ई-बाइकों के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

कंपनी की डायरेक्टर पायल जैन ने बताया की विगोर ई-बाइक का डिज़ाइन आकर्षक और अद्वितीय है, जिससे यह उत्सुकता और ध्यान को आकर्षित करती है। इसके साथ ही, इसे भारत में बनाया गया है, जिससे देश के निर्माण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिला है। विगोर ई-बाइक एक शत प्रतिशत भारतीय उत्पाद है, जो आपके यात्रा को पर्यावरण को बिना दूषित किए उत्कृष्ट



बनाता है। विगोर कंपनी के सीईओ प्रतीक जैन ने बताया की विगोर ई बाइक को 13 साल से 60 साल तक के लोग आसानी से चला सकते है, इसके लिए आपको लाइसेंस और आरटीओ रजिस्ट्रेशन की भी आवश्यकता नही है। विगोर की सबसे बड़ी खासियत है की इसकी बैटरी को निकाल कर कहीं भी चार्ज किया जा सकता है। यह एक चार्ज में 40 से 100 किमी तक चल सकती हैं, बैटरी खत्म होने पर इसमें साइकिल की तरह पैडल मारकर चलाने की सुविधा भी दी गई है। इस बाइक का खर्चा मात्र 2 पैसा प्रति किमी आता है, एवं इसकी क्षमता 120 किलो वजन लें जाने की हैं। कम्पनी ने फूड अथवा पार्सल डिलीवरी के लिए कार्गो माडल भी डिजाइन किया है। कंपनी के द्वारा बैटरी की दो साल वारंटी और मोटर की एक साल गारंटी दी जा रही है। विगोर ई बाइक जल्द ही अफ्रीका, जाबिया, यूरोप और नेपाल जैसे देशों में एक्सपोर्ट करने की तैयारी कर रहे है।विगोर ई बाइक के वर्तमान में पांच मॉडल है, भविष्य में जल्द ही कंपनी 20 नए मॉडल और इलेक्ट्रिक हाई स्पीड मोटर साइकिल लाने की तैयारी कर रही हैं।

## एसबीआई रिसर्च का दावा- कम ब्याज दरों की वजह से घटी बचत, लोगों ने संपत्तियों में किया निवेश

**नई दिल्ली।** कोरोना महामारी के दौरान रिजर्व बैंक ने रेपो दर स्थिर रखी थी और इसमें कोई बदलाव नहीं किया था। जिसके चलते लोगों ने घरेलू बचत करने की बजाय संपत्तियों में निवेश किया है। एसबीआई की एक रिसर्च रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिसर्च के अनुसार, बीते दो सालों में रिटेल क्रेडिट का 55 फीसदी हिस्सा घर खरीदने, उच्च शिक्षा और वाहनों की खरीद में इस्तेमाल किया गया है।

**एसबीआई रिसर्च में घरेलू बचत कम होने की बताई गई वजह**

बता दें कि रिजर्व बैंक डाटा ऑन हाउसहोल्ड एसेट एंड लायबिलिटीज की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, भारत में लोगों की घरेलू बचत में गिरावट आई है और यह 50 साल में सबसे निचले स्तर पर है। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि घरेलू बचत वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कुल जीडीपी की सिर्फ 5.1 प्रतिशत रह गई है जबकि 2020-21 में यह 11.5 प्रतिशत थी और कोरोना महामारी से पहले यह 7.6 प्रतिशत थी। अब एसबीआई की ताजा रिसर्च में इन रिपोर्ट्स को पूरी तरह से भ्रामक बताया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि घरेलू बचत की जगह अब लोग अपने पैसों को विभिन्न संपत्तियों में निवेश कर रहे हैं।

**रियल एस्टेट सेक्टर में उछाल भी बचत में कमी की हो सकता है वजह**

एसबीआई की रिसर्च के अनुसार, हाउसिंग लोन्स और घरेलू बचत का भौतिक संपत्तियों में निवेश का सीधा संबंध है। वित्तीय वर्ष 2011-12 में घरेलू बचत में भौतिक संपत्तियों में निवेश दो तिहाई से ज्यादा था, लेकिन 2021-22 में यह गिरकर 48 प्रतिशत रह गया था। अब इसमें फिर से बढ़ोतरी देखी जा रही है और वित्तीय वर्ष 2022-23 में यह बढ़कर 70 प्रतिशत हो गया है और इसी के चलते वित्तीय संपत्ति में कमी आई है। एसबीआई की इस रिसर्च रिपोर्ट में यह भी अनुमान जताया गया है कि रियल एस्टेट सेक्टर में उछाल और संपत्तियों की कीमत बढ़ने के चलते भी यह बदलाव हुआ है।

ऊना, 22 सितंबर 2023
दैनिक एक्शन इंडिया
ACTION INDIA www.actionindialive.com

## अमेरिकी रक्षा मंत्रालय का दावा, भारत में जल्द बनेंगे अमेरिकी हथियार

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका के बीच आपसी रिश्तों की मजबूती सामान्य व्यापार के साथ अब सैन्य व्यापार की ओर भी दिखने लगी है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने दावा किया है कि भारत और अमेरिका सैन्य प्रणालियों के निर्माण में सहयोग की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इसके परिणाम स्वरूप जल्द ही भारत के आयुध कारखानों में अमेरिकी हथियार बनते नजर आएंगे। अमेरिकी रक्षा मंत्री कार्यालय में दक्षिण एशिया नीति के निदेशक सिद्धार्थ अय्यर ने वाशिंगटन के हडसन इंस्टीट्यूट में एक कार्यक्रम के दौरान दावा किया कि भारत और अमेरिका के सैन्य प्रणालियों के निर्माण में साथ आने पर भारत के रक्षा उद्योग को उच्च-तकनीक वाले हथियारों के उत्पादन का मौका मिल सकता है। इतना ही नहीं दोनों देशों के सहयोग के बाद भारत में अमेरिका के हथियारों के बनने का रास्ता भी साफ हो जाएगा।

अय्यर ने कहा कि अमेरिका अब भारत सरकार के साथ युद्ध में इस्तेमाल होने वाले जमीन आधारित पारंपरिक हथियार बनाने के लिए बात कर रहा है। इसके अलावा दोनों देशों में खुफिया तंत्र और निगरानी में इस्तेमाल होने वाली सैन्य प्रणालियों के इस्तेमाल को लेकर भी बातचीत जारी है। अमेरिका की तरफ से पारस्परिक रक्षा खरीद समझौते को तय करने पर भी चर्चा जारी है। इस पर ज्यादा जानकारी प्रक्रिया के आगे बढ़ने के बाद ही दी जा सकती है। हडसन इंस्टीट्यूट की अपर्णा पांडे के साथ बातचीत में अय्यर ने कहा कि आपूर्ति व्यवस्था की सुरक्षा को अंतिम रूप देने के लिए भारत और अमेरिका के बीच बातचीत में अच्छी प्रगति हो रही है।

## भारत की ट्रैवल एडवाइजरी से घबराया कनाडा! मुंहतोड़ जवाब मिलने पर बदले सुर, अब कर रहा शांति की अपील

**टोरंटो।** भारत-कनाडा के बीच बढ़ते राजनयिक विवाद के बीच अब कनाडा के रुख में नरमी आई है और उसने शांति की अपील की है। दरअसल बीते दिनों कनाडा ने अपने नागरिकों को भारत के कुछ राज्यों की यात्रा करने से बचने की बेतुकी सलाह दी थी। इसका मुंहतोड़ जवाब देते हुए भारत सरकार ने भी अपने नागरिकों को कनाडा की यात्रा से बचने की सलाह दे डाली। इतना ही नहीं ताजा घटनाक्रम में भारत ने कनाडा के लोगों के लिए वीजा सेवाएं भी निलंबित कर दी हैं। अगले आदेश तक यह निलंबन जारी रहेगा। वहीं तीखा जवाब मिलने से कनाडा के रुख में थोड़ी नरमी आई है और अब वहां के नेता शांति की अपील कर रहे हैं।

**खालिस्तानी आतंकी की हत्या से बिगड़े संबंध**

बता दें कि कनाडा में खालिस्तानी अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो ने वहां की संसद में दिए एक बयान में भारत पर गंभीर आरोप लगाए थे। जिसके बाद दोनों देशों के रिश्तों में कड़वाहट आई है। कनाडा ने भारत के एक राजनयिक को वापस भेजा तो भारत ने भी उसी भाषा में जवाब देते हुए कनाडा के एक राजनयिक को निष्कासित कर दिया। इसके बाद कनाडा ने अपने नागरिकों को भारत में जम्मू कश्मीर, उत्तर पूर्वी राज्यों का दौरा करने से बचने की सलाह दी तो भारत ने भी अपने नागरिकों को कनाडा की यात्रा करने से बचने की सलाह दी है। भारत के कड़े रुख से कनाडा कुछ नरम पड़ा है।

कनाडा के आव्रजन मंत्री मार्क मिलर ने कहा है कि कनाडा की यात्रा करना बिल्कुल सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि कनाडा, दुनिया के सबसे सुरक्षित देशों में से एक है और बीते दो-तीन दिनों के घटनाक्रम और आरोपों की गंभीरता के बीच सभी को शांत रहने की जरूरत है। कनाडा सरकार के एक और मंत्री सीन फ्रेजर ने कहा कि वह जांच पर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे लेकिन यह बेहद गंभीर मामला है और हमारी जांच एजेंसियां इसकी जांच कर रही हैं।

## सिंगापुरः चांगी एयरपोर्ट पर अगले साल से नहीं पड़ेगी पासपोर्ट दिखाने की जरूरत

**सिंगापुर।** सिंगापुर के चांगी एयरपोर्ट 2024 से आव्रजन के लिए स्वचालित क्लियरेंस और पासपोर्ट मुक्त होने के लिए तैयार है। इसकी घोषणा सिंगापुर की संचार मंत्री जोसेफिन टिओ ने पार्लियामेंट के सत्र के दौरान की। इस दौरान देश के आव्रजन अधिनियम से जुड़े कई बदलाव पारित किए गए। अधिकारियों ने बताया कि यात्री अब केवल बायोमेट्रिक डेटा का इस्तेमाल करके पासपोर्ट के बिना सिंगापुर में घूम सकेंगे। उन्होंने कहा, सिंगापुर पासपोर्ट मुक्त आव्रजन मंजूरी देने वाला विश्व के कुछ देशों में से एक होगा। चांगी एयरपोर्ट पर चेहरे की पहचान (फेस रिकगनिशन) और बायोमेट्रिक टेक्नोलॉजी पहले से ही इस्तेमाल में है। आने वाले बदलावों से यात्रियों को प्रत्येक टच प्वाइंट पर अपने दस्तावेजों को दिखाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बायोमेट्रिक का उपयोग सिंगल टोकन प्रमाणीकरण बनाने के तौर किया जाएगा, जो कि विभिन्न टच प्वाइंट पर कार्यरत होगा।

## कनाडा में एक और खालिस्तान समर्थक गैंगस्टर की हत्या, लारेंस विश्नोई गैंग ने ली जिम्मेदारी

**ओट्टावा।** कनाडा में खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद भारत और कनाडा के राजनयिक घमासान के बीच एक और खालिस्तान समर्थक गैंगस्टर की हत्या हो गयी है। भारतीय जांच एजेंसी एनआईए की वांछित सूची में शामिल सुखदुल सिंह गिल उर्फ सुक्खा दुनेके की हत्या कर दी गयी है। गैंगवार में हुई इस हत्या की जिम्मेदारी लारेंस विश्नोई गैंग ने ली है। जानकारी के मुताबिक कनाडा के मनितोबा प्रांत के विन्नीपेग में सुक्खा दुनेके की हत्या कर दी गयी। उस पर 15 राउंड गोलियां चलाई गयीं और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।फर्जी दस्तावेजों के सहारे वर्ष 2017 में भारत से भाग कर कनाडा पहुंचा सुक्खा खालिस्तान समर्थक था।



भारतीय जांच एजेंसी, एनआईए द्वारा जारी की गयी 41 आतंकियों व गैंगस्टरों की सूची में सुक्खा शामिल था। उसे खालिस्तानी आतंकी-गैंगस्टर अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श डल्ला का राइट हैंड माना जाता था। वह कनाडा में बैठकर अपने गुर्गों से भारत में रंगदारी वसूलता था।

लारेंस गैंग ने गैंगस्टर सुक्खा के कत्ल की जिम्मेदारी ली है। लॉरेंस गैंग ने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा की सुक्खा बंबीहा ग्रुप का इंचार्ज बना फिरता था। सुक्खा को हेरोइन का आदी नशेड़ी बताकर कहा गया है कि उसने सिर्फ अपने नशे के शौक को पूरा करने के लिए बहुत घर उजाड़े थे। उसकी हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए लारेंस विश्नोई गैंग ने लिखा है कि सुक्खा ने गुरलाल बराड़, विक्की मिड्डूखेड़ा, संदीप नंगल अंबिया की हत्या करवाई थी। दावा किया गया है कि सुक्खा को उसके किए हुए पापों की सजा मिल गयी है। साथ ही लारेंस गैंग ने अपने बाकी दुश्मनों को भी सजा देने की बात कही है।

## नए शिक्षा विधेयक के विरोध में देशभर के सरकारी शिक्षकों का काठमांडू में विरोध प्रदर्शन

**काठमांडू।** सरकार द्वारा संसद में पेश किए गए नए शिक्षा विधेयक का विरोध करते हुए देशभर के सरकारी शिक्षकों का राजधानी काठमांडू में विरोध प्रदर्शन हो रहा है। सरकारी विद्यालयों को नगरपालिका और गांवपालिका के मातहत रखने के प्रस्तावित प्रावधान के विरोध में यह प्रदर्शन किया जा रहा है। नेपाल शिक्षक महासंघ के आह्वान पर देश के सभी सरकारी और सामुदायिक विद्यालय के शिक्षक अपने अपने स्कूल को बन्द कर काठमांडू में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। शिक्षकों के विरोध प्रदर्शन के कारण बुधवार को काठमांडू के सबसे व्यस्त रहने वाले माइतीघर बानेश्वर सड़क खण्ड पूरी तरह बन्द रहा। हजारों शिक्षकों के प्रदर्शन से राजधानी की यातायात व्यवस्था चरमरा गई है।

नेपाल शिक्षक महासंघ के अध्यक्ष कमला देवी तुलाधर ने बताया कि सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को स्थानीय निकाय के तहत लाने का हम विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के इस प्रस्तावित विधेयक से सरकारी शिक्षकों को हतोत्साहित करने का काम किया गया है। शिक्षकों के पदोन्नति और स्थानांतरण का अधिकार स्थानीय नगरपालिका और गांवपालिका को देना शिक्षकों के साथ अन्याय है। कई राजनीतिक दलों ने भी शिक्षकों के इस आंदोलन का समर्थन करते हुए सरकार से इस पर गम्भीरतापूर्वक विचार करने की मांग की है। हालांकि शिक्षा मंत्री अशोक राई ने कहा कि सरकार की तरफ से लगातार वार्ता का आह्वान किए जाने के बाद भी शिक्षक महासंघ के प्रतिनिधि वार्ता में नहीं आए।

## भारत-नेपाल के बीच राज्य स्तरीय विद्युत व्यापार करने पर सहमति

**काठमांडू।** भारत और नेपाल के बीच अब राज्य स्तर पर भी विद्युत खरीद-बिक्री पर सहमति बन गई है। दोनों देशों के बीच हुई बैठक के बाद केन्द्र सरकार के अलावा अब राज्य सरकारों को भी नेपाल से बिजली खरीदने और बेचने की अनुमति दी गई है।

नई दिल्ली में पिछले दो दिनों तक इंडो नेपाल ज्वाइंट टेक्निकल टीम की बैठक में इस तरह की सहमति होने की जानकारी दी गई है। नेपाल विद्युत प्राधिकरण और भारत के ऊर्जा मंत्रालय अन्तर्गत विद्युत व्यापार निगम के अधिकारियों की बैठक में दोनों देशों के बीच रहे 132 केवीए प्रसारण लाइन से सीमावर्ती राज्यों को बिजली खरीदने और बेचने पर सहमति हुई है।

बैठक में शामिल नेपाल विद्युत व्यापार विभाग के निदेशक प्रबल अधिकारी ने बताया कि इस सहमति के बाद नेपाल से और अधिक बिजली भारत के राज्यों को बेचने का रास्ता खुल गया है।

अधिकारी ने बताया कि अब तक नेपाल और भारत के बीच मुफ्फरपुर-ढल्केबर के बीच रहे



400 केवीए प्रसारण लाइन से ही बिजली का व्यापार हो रहा है। यह बिजली भारत के केन्द्रीय प्रसारण लाइन को सीधे बेचा जा रहा है। लेकिन दिल्ली में हुई सहमति के बाद अब उत्तर प्रदेश के नौतनवा से लेकर नेपाल के मैनहिया तक रहे 132 केवीए क्षमता वाले प्रसारण लाइन और नानपारा से नेपाल के कोहलपुर तक रहे 132 केवीए प्रसारण लाइन से बिजली व्यापार किया जा सकता है। नेपाल और भारत के बीच इस समय 450 मेगावाट बिजली का नियमित व्यापार हो रहा है। इसे बढ़ा कर जल्द ही 550 मेगावाट करने पर पहले ही सहमति हो चुकी है। नेपाल के कई हाईड्रो पावर को भारत में बिजली बेचने के लिए हरी झंडी दे दी गई है।

## हिंदुओं को जान का खतरा बताकर हिंदू फोरम कनाडा ने सरकार से मांगी सुरक्षा, लिखा पत्र

**ओट्टावा।** कनाडा में हिंदुओं के सिर पर जान का खतरा मंडरा रहा है। हिंदू फोरम कनाडा ने सरकार से हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

जून माह में अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा भारत पर आरोप लगाए जाने के बाद कनाडा में रह रहे भारतीय भी चिंतित हैं। रही सही कसर भारत में आतंकवादी के रूप में चिह्नित गुरपतवंत पन्नू ने हिंदुओं को देश छोड़कर जाने की धमकी देकर पूरी कर दी है। पन्नू प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस का मुखिया भी है और भारत विरोधी गतिविधियों में लिप्त रहता है।

अब इस मसले पर कनाडा के अल्पसंख्यकों के बीच काम कर रहे मानवतावादी संगठन हिंदू फोरम कनाडा ने कनाडा के सुरक्षा मंत्री डोमिनिक लीब्लेंक को पत्र लिखकर खालिस्तान समर्थक आतंकियों के खतरे को देखते हुए हिंदू समुदाय की सुरक्षा की मांग की है। फोरम ने पन्नू के बयानों के संबंध में इस मामले पर ध्यान देने और अहम कदम उठाने की मांग की है। पत्र में अधिकारियों से इस मामले को गंभीरता से लेने का अनुरोध किया गया है। इसका सीधा प्रभाव कनाडा के नागरिकों पर पड़ रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल होने वाली नफरती वीडियो ने हिंदुओं की चिंता और भी बढ़ा दी है। फोरम ने पत्र में विश्वास व्यक्त किया है कि कनाडाई अधिकारी इस मामले में निर्णायक कदम उठाएंगे।

## भारतीय मूल के कनाडाई सांसद ने की सावधानी बरतने की अपील, ट्रूडो सरकार से पूछे सवाल

**ओट्टावा।** भारत और कनाडा के बीच बढ़ते तनाव को लेकर कनाडा में भारतीय मूल के सांसद चंद्र आर्या ने कनाडा के हिंदुओं से सावधानी बरतने की अपील करते हुए कहा है कि खालिस्तान समर्थक नेता कनाडा के हिंदू और सिखों को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कनाडा के पीएम ट्रूडो का नाम लिए बगैर कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर आतंकवाद का महिमामंडन या किसी धार्मिक समूह को निशाना बनाकर किए जाने वाले घृणित अपराध की मंजूरी कैसे दी जा रही है। सोशल साइट एक्स पर साझा किए गए वीडियो संदेश में चंद आर्या ने अपील करते हुए कहा कि हिंदू कनाडाई शांति से रहें लेकिन सावधानी बरतें। किसी भी तरह की हिंदू फोबिया की घटना की जानकारी अपने नजदीकी कानून-व्यवस्था लागू करने वाली एजेंसी को दें। उनका कहना है कि खालिस्तान समर्थक नेता कनाडा में रह रहे हिंदुओं को उकसा कर हिंदू-सिखों को आपस में बांटने की मंशा रखते हैं। वीडियो संदेश में उन्होंने दावा किया है कि कनाडा में रह रहे सिख समुदाय के ज्यादातर लोग खालिस्तान



आंदोलन का समर्थन नहीं करते हैं। वे खुल कर इसका विरोध नहीं करेंगे लेकिन वे हिंदू समुदाय के साथ जुड़े हुए हैं।

उन्होंने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर आतंकवाद का महिमामंडन या किसी धार्मिक समूह को निशाना बनाकर किए जाने वाले घृणित अपराध की मंजूरी कैसे दी जा रही है। यदि कोई श्वेत वर्चस्ववादी नस्लीय कनाडाई लोगों के किसी समूह पर हमला कर उन्हें देश से बाहर निकलने के लिए कहे तो कनाडा में हड़कंप मच जाएगा।

**कौन हैं चंद्र आर्या**

कनाडा के ओंटारियो के नपियर से सांसद चंद्र आर्या का जन्म कर्नाटक में हुआ। उन्होंने बैंगलोर विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग कर कर्नाटक विश्वविद्यालय से एमबीए किया। पढ़ाई पूरी कर चंद्र आर्य ने दिल्ली में डीआरडीओ और कर्नाटक वित्तीय निगम में काम किया। इसके बाद वे कतर गए और कुछ वर्षों बाद कतर से कनाडा पहुंचे। कनाडा की उन्होंने राजनीति में कदम रखा और चुनावी जीत हासिल की। भारतीय मीडिया में वे पहली बार तब चर्चाओं में आए जब कनाडा की संसद में उन्होंने मातृभाषा कन्नड़ में अपनी बात रखते हुए इसे कनाडा में रह रहे पांच करोड़ कन्नड़ भाषियों के लिए गौरवशाली क्षण बताया।

## कनाडाई पीएम ट्रूडो के बयान के समर्थन में बोले अमेरिकी अधिकारी किर्बी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका ने खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत की संलिप्तता के कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोप का समर्थन जताते हुए इसे बेहद गंभीर बताया है।

अमेरिकी रणनीतिक संचार के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एनएससी) के समन्वयक जॉन किर्बी ने कहा कि मैं राजनयिक वार्ता को प्रोटेक्ट करने जा रहा हूं और इसे वहीं छोड़ दूंगा। किर्बी ने कहा कि राष्ट्रपति को निश्चित रूप से इन गंभीर आरोपों की जानकारी है और यह आरोप बेहद गंभीर हैं। हम जांच में सहयोग के लिए भारत को प्रोत्साहित करेंगे। शीर्ष अमेरिकी



अधिकारी ने कहा कि मेरा मानना है कि पारदर्शी व्यापक जांच एक सही दृष्टिकोण है ताकि इसका पता लगाया जा सके कि वास्तव में क्या हुआ था? निश्चित रूप से भारत को हम सहयोग के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। दरअसल, जॉन किर्बी प्रतिबंधित खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) के हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत की संलिप्तता के बारे में जस्टिन ट्रूडो के आरोपों से जुड़े एक सवाल का जवाब दे रहे थे। हरदीप सिंह निज्जर की दो अज्ञात बंदूकधारियों ने 18 जून को कोलंबिया प्रांत में स्थित एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या की थी। निज्जर भारत के सबसे वांछित आतंकियों में से एक था। निज्जर के सिर पर 10 लाख रुपये का नकद इनाम भी था।

## संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में दावा, गिरफ्तार लोगों को तालिबान दे रहा क्रूर यातना

**न्यूयार्क।** अफगानिस्तान में तालिबान राज की वापसी के बाद क्रूर शासन की पुनरावृत्ति सामने आ रही है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की 1,600 से अधिक लोगों एक रिपोर्ट में बताया गया कि अफगानिस्तान में हिरासत में लोगों को तालिबानी अधिकारी क्रूर और अमानवीय यातना दे रहे हैं। तालिबान मानवाधिकार का खुलकर उल्लंघन कर रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार आरोपितों से अपराध स्वीकारने के लिए छत से लटकाया जाता है। बिजली के झटके सहित कई और अमावनीय यातनाएं दी जाती हैं। इसमें 11 प्रतिशत मामलों में महिलाओं को दी गई



कठोर और क्रूर यातना भी शामिल है। 259 मामलों में शारीरिक पीड़ा और 207 मामलों में मानसिक पीड़ा देने की बात कही गई है। रिपोर्ट में जनवरी 2022 से जुलाई 2023 के अंत तक के मामले दर्ज हैं।

संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन ने कहा कि ऐसे 50 प्रतिशत मामलों में हिरासत में रखे गए लोगों पर क्रूर, अमानवीय और अपमानजनक व्यवहार की शिकायत दर्ज की गई है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर टर्क ने कहा कि तालिबान ने अगस्त 2021 में अफगानिस्तान की सत्ता पर कब्जा करने के बाद उदार शासन का वादा किया था। लेकिन वह 1990 के दशक से पहले वाले तालिबान की तरह ही क्रूर और कठोर कदम उठा रहा है।

## राष्ट्रपति चुनाव में भारतवंशी उम्मीदवारों की बढ़ रही धाक, रिपब्लिकन पार्टी में ट्रंप की चुनौती बढ़ी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव की उम्मीदवारी में रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से भारतीय मूल के उम्मीदवारों की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। बता दें कि एक नए पोल में लोकप्रियता के मामले में विवेक रामास्वामी और निक्की हेली, डोनाल्ड ट्रंप के बाद क्रमशः दूसरे और तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं अब तक दूसरे नंबर पर चल रहे फ्लोरिडा के गवर्नर रोन देसांतिस खिसककर पांचवें नंबर पर पहुंच गए हैं। डोनाल्ड ट्रंप की लोकप्रियता में भी थोड़ी गिरावट आई है।

**न्यू हैंपशायर पोल ने जारी किए नतीजे**

सीएनएन और यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू हैंपशायर ने रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवारों की लोकप्रियता को लेकर एक पोल किया। इस पोल के नतीजों के अनुसार, रिपब्लिकन पार्टी के 39 प्रतिशत समर्थकों की पहली पसंद पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बने हुए हैं। ट्रंप अभी तक लगातार पार्टी समर्थकों की पहली पसंद हैं और अन्य उम्मीदवारों से काफी आगे हैं। हालांकि ताजा सर्वे में ट्रंप की लोकप्रियता में थोड़ी कमी दर्ज की गई है। वहीं अभी तक दूसरे नंबर पर चल रहे फ्लोरिडा गवर्नर रोन देसांतिस बुरी तरह पिछड़ते नजर आ रहे हैं।

**निक्की हेली की लोकप्रियता भी बढ़ी**

रोन देसांतिस, रिपब्लिकन पार्टी के भारतीय मूल के



उम्मीदवारों विवेक रामास्वामी और निक्की हेले से पिछड़ गए हैं। विवेक रामास्वामी की लोकप्रियता में लगातार इजाफा देखा जा रहा है। वहीं निक्की हेली भी धीमी शुरुआत के बाद अब तेजी से आगे बढ़ रही हैं। नए सर्वे में 13 प्रतिशत रिपब्लिकन मतदाताओं ने विवेक रामास्वामी का समर्थन किया है। वहीं निक्की हेली को 12 प्रतिशत का समर्थन मिला है। न्यूजर्सी के गवर्नर क्रिस क्रिस्टी 11 प्रतिशत मतदाताओं का समर्थन पाकर चौथे स्थान पर हैं। वहीं रोन देसांतिस छह प्रतिशत समर्थन के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। गौरतलब है कि जुलाई में देसांतिस 26 प्रतिशत रिपब्लिकन समर्थकों की पसंद थे।

**युवाओं में बढ़ रही रामास्वामी की लोकप्रियता**

सीएनएन और यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू हैंपशायर के पोल के अनुसार, रिपब्लिकन पार्टी के गैर-पंजीकृत समर्थकों में रामास्वामी की लोकप्रियता बढ़ी है और जुलाई से यह समर्थन 16 प्रतिशत तक बढ़ चुका है। वहीं रिपब्लिकन पार्टी के पंजीकृत मतदाताओं में रामास्वामी का समर्थन स्थिर है।

35 साल से कम उम्र के रिपब्लिकन समर्थकों में भी रामास्वामी की लोकप्रियता बढ़ रही है। वहीं उच्च शिक्षित रिपब्लिकन समर्थकों में निक्की हेली का समर्थन बढ़ा है। वहीं पार्टी के रुढ़िवादी समर्थकों में निक्की हेली का समर्थन जुलाई के मुकाबले स्थिर है।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group


फास्ट न्यूज

## कर्ज से परेशान आदिवासी किसान ने की आत्महत्या, फंदे से लटका मिला शव

**टीम एक्शन इंडिया/खंडवा**

मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में कर्ज से परेशान एक आदिवासी किसान ने आत्महत्या कर ली। गुरुवार सुबह उसका शव उसी के खेत में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। बताया जा रहा है कि अतिवृष्टि के कारण फसलें खराब होने से किसान पर कर्ज बढ़ गया था। इसी से परेशान होकर उसने आत्मघाती कदम उठाया। घटना के बाद से पूरे गांव में मातम छाया हुआ है। पूरे मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार पंधाना तहसील के ग्राम गोराड़िया में आदिवासी किसान पंढरी पुत्र बंशी 48 वर्षीय ने अपने खेत में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। गुरुवार सुबह ग्रामीणों ने उसका शव उसी के खेत में फांसी पर लटका हुआ देखा। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शव का पोस्टमार्टम कर स्वजनों को सौंप दिया गया है। पूरे मामले में पुलिस जांच में जुटी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले वर्षा की लंबी खेंच और बाद में अतिवृष्टि ने फसलें बर्बाद कर दी हैं। जिससे किसान पर करीब तीन लाख रुपये का कर्ज हो गया था। मृतक किसान की पत्नी राजकुमारी ने कहा कि सोयाबीन की फसल खराब होने के बाद से पति मानसिक रूप से परेशान और गुमसुम रहते थे।

मृतक के चार बच्चे हैं। इनमें तीन लड़की, एक लड़का शामिल है। किसान को बेटियों की शादी की भी चिंता थी। पंधाना एसडीएम कुमार शानु देवरिया ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी यह सामने आई है कि किसान नशे का आदी था। उस पर कितना कर्ज था इसकी जानकारी निकालने के लिए पटवारी को निर्देश दिए गए हैं।फिलहाल मामला जांच में है।

## भाजपा की दूसरी परिवर्तन संकल्प यात्रा का कोटा में समापन

**कोटा।** भाजपा की दूसरी परिवर्तन संकल्प यात्रा के समापन पर महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम में गुरुवार को विशाल जनसभा का आयोजन हुआ। इस दौरान मुख्य वक्ता के रूप में असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि असम राज्य क्षेत्रफल व अन्य दृष्टि से छोटा राज्य है। मैं सोचकर आया था कि राजस्थान में जाकर गहलोत सरकार की योजनाओं का निरीक्षण करूंगा, लेकिन जब यहां लोगों से बात की तो पता चला कि देश मे सबसे महंगा पेट्रोल-डीजल राजस्थान में है। असम में पेट्रोल-डीजल दोनों की कीमतें राजस्थान से कम हैं और राजस्थान के सीमावर्ती राज्य उत्तर प्रदेश में भी पेट्रोल की कीमतें राजस्थान के मुकाबले 13 रुपये कम है। राजस्थान में बिजली दरें भी आसमान पर है। रिजर्व बैंक के अनुसार मुद्रा स्फीति दर राजस्थान में अधिक है। राजस्थान सरकार प्रदेश की जनता से भर-भर के पैसा लूट रही है। इसी लूट के पैसों से चुनाव का खर्चा और खोखली फ्री योजनाएं चला रही है। मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा ने कहा कि राजस्थान सरकार को यदि जनता को फायदा देना ही था तो उन्हें अन्नपूर्णा फूड पैकेट कोरोना की महामारी के समय बांटने चाहिए थे, क्योंकि उस समय जनता को इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। जनता की सच्ची हितैषी केंद्र की मोदी सरकार है जिसने कोरोना महामारी के समय कोई भूखा नहीं सोए इस बात का ध्यान रखा और प्रधानमंत्री गरीब अन्न कल्याण योजना के अंतर्गत 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया था।

# आदि शंकराचार्य की मूर्ति का हुआ अनावरण

## 'शांति और एकता का संदेश देगी आदिगुरू शंकराचार्य की एकात्मता की प्रतिमा'

शिलान्यास

मांगलिक अनुष्ठान के साथ 2 हजार 200 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले अद्वैत-लोक का शिलान्यास किया



**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**

**मुख्यमंत्री** शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को खण्डवा जिले के ओंकारेश्वर में मांधाता पर्वत पर संत समुदाय के साथ आदि गुरु शंकराचार्य की अष्टधातु 108 फीट ऊंची एकात्मता की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने मांगलिक अनुष्ठान के साथ 2 हजार 200 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले अद्वैत-लोक का शिलान्यास किया । इस अवसर पर खण्डवा जिले की प्रभारी मंत्री एवं संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री उषा ठाकुर, स्वामी अवधेशानंद जी गिरी महाराज, परमात्मानंद जी, स्वामी स्वरूपानंद जी, स्वामी तीथानंद जी महाराज सहित देश-भर से आए लगभग 5 हजार साधु-संत उपस्थित थे। ओंकारेश्वर में संतजनों के आगमन पर केरल की पारंपरिक पद्धति से अतिथियों का स्वागत किया गया। विभिन्न राज्यों से आये सांस्कृतिक नृत्य-दलों के कलाकारों ने शैव परंपरा के नृत्यों की प्रस्तुति देते हुए आध्यात्मधाम में सभी का स्वागत किया। सनातन संस्कृति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक नृत्यों ने कार्यक्रम स्थल को आध्यात्मिक भाव से सरोकार कर दिया। अद्वैत-लोक के मांगलिक अनुष्ठान के अवसर पर मान्धाता पर्वत पर उपस्थित जनों को आध्यात्मिकता से परिपूर्ण वातावरण में अध्यात्म की दिव्य अनुभूति हुई। वैदिक यज्ञ में आहुति के बाद मुख्यमंत्री चौहान ने यज्ञ के पंडितों को और वेद पाठ कर रहे वेद पाठियों का अभिवादन किया।

### एकात्मता की मूर्ति

- एकात्म धाम में स्थापित आचार्य शंकर की प्रतिमा का नाम एकात्मता की मूर्ति (स्टैच्यू ऑफ वननेस) है।
- 108 फीट की अष्टधातु मूर्ति आचार्य शंकर के बाल रूप 12 वर्ष की आयु की है।
- मूर्ति के आधार में 75 फीट का पैडेस्टल है।
- यह मूर्ति पाषाण निर्मित 16 फीट के कमल पर स्थापित है।
- मूर्तिकार श्री भगवान रामपुरे एवं चित्रकार वासुदेव कामत के मार्गदर्शन में मूर्ति का निर्माण किया गया है।
- प्रतिमा में 88 प्रतिशत कॉपर, 4 प्रतिशत जिंक, 8 प्रतिशत टिन का उपयोग किया गया है। प्रतिमा 100 टन वजनी है।
- कुल 290 पैनल से यह मूर्ति निर्मित की गई है।
- समग्र अधोसंरचना के निर्माण में उच्च गुणवत्ता के 250 टन के स्टेनलेस स्टील का उपयोग किया गया है।

# मप्र के जिलों का होगा तेजी से आर्थिक विकास

## छह विकास पथों की 4590 किमी सड़कों से पर कार्य जारी, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात राजस्थान से बढ़ेगा सीधा संपर्क



**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**

प्रदेश में बन रहे छह विकास पथों से 4590 किलोमीटर सड़कों के संपर्क में आने वाले जिलों में विकास का दृश्य पूरी तरह बदल जायेगा। मध्यप्रदेश का अन्य राज्यों से सडक संपर्क बढ़ने के साथ ही आर्थिक विकास और व्यापार में भी तेजी से बढ़ेगा।

जनसंपर्क अधिकारी अनिल वशिष्ठ ने गुरुवार को बताया कि चंबल नदी के समान्तर 395 किलोमीटर का अटल प्रगति पथ को केन्द्र सरकार ने भारतमाला परियोजना में सम्मिलित कर लिया गया है। इसका 310 किलोमीटर हिस्सा मध्यप्रदेश से और 85 किलोमीटर राजस्थान से गुजरेगा। लगभग 8000 करोड़ रुपये की लागत से बनाए जाने वाला यह पथ ग्वालियर-चंबल अंचल के विकास में नये आयाम जोड़ेगा और नई आर्थिक गतिविधियों का रास्ता खोलेगा। उन्होंने बताया कि माँ नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक से अलीराजपुर होते हुए गुजरात तक 1300 किलोमीटर लंबे नर्मदा प्रगति पथ का बनाया जाना प्रस्तावित है। इससे प्रदेश की हॉरिजॉन्टल इंडस्ट्रियल बैकबोन के रूप में देखा जा रहा है। इस परियोजना के सर्वे का कार्य पूरा हो गया है।

**विंध्य एक्सप्रेस-वे:** राजधानी भोपाल से प्रदेश की पूर्वी सीमा के दूरस्थ अंचल सिंगरौली को जोड़ने के लिए 676 कि.मी. विंध्य एक्सप्रेस-वे को राज्य सरकार की कार्य-योजना में प्राथमिकता दी गई है। इन मार्गों के दोनों और औद्योगिक कॉरिडोर विकसित कर अंचल और प्रदेश के विकास को गति मिलेगी।

### 'व्यापार उद्योग और रोजगार का केन्द्र बनेगा'

**देश** की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में 1062 कि.मी. दिल्ली-नागपुर इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर का 676 कि.मी. हिस्सा मध्यप्रदेश से गुजरेगा । देश के पाँच राज्यों दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान को जोड़ेगा। यह हाई-वे आने वाले वर्धा जिले में सिंधी-डायपोर्ट को कनेक्टविटी देगा। यह भविष्य में व्यापार उद्योग और रोजगार का बड़ा केन्द्र बनेगा। राजधानी दिल्ली को देश की आर्थिक राजधानी से जोड़ने वाले दिल्ली-मुम्बई इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर देश के आर्थिक विकास में नया अध्याय बनेगा। इस 1504 कि.मी. लम्बाई वाला कॉरिडोर मध्यप्रदेश में मंदसौर से अलीराजपुर होकर गुजरेगा। राज्य के देवास, उज्जैन, रतलाम, धार, नीमच, मंदसौर और अलीराजपुर जिलों में औद्योगिक विकास का दृश्य बदल जायेगा।

# ड्रग्स तस्करों की बारह करोड़ की अवैध संपत्ति फ्रीज-सीज



एक्शन

कुख्यात तस्कर की मादक पदार्थ तस्करी से अर्जित बारह करोड रुपये की चल-अचल संपत्ति जब्त की

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**

प्रतापगढ़ जिले में स्थित छोटी सादड़ी व सालमगढ़ थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध धारा 68 एफ(1) के तहत कार्रवाई कर बारह करोड रुपये की चल और अचल संपत्ति को फ्रीज एवं सीज कर दी है। इस संबंध में भारत सरकार की ओर से अधिकृत कंपिटेंट अथॉरिटी व एडमिनिस्ट्रेटर सफीना (एफओपी) की ओर से अप्रूवल मिल गई है। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने बताया कि पिछले एक दशक में धारा 68 एफ एनडीपीएस एक्ट के तहत फ्रीजिंग की यह पहली बड़ी कार्रवाई है। कुख्यात तस्कर कमल राणा, कमलेश बैरागी, शैलेंद्र बैरागी और विष्णु बैरागी की मादक पदार्थ तस्करी से अर्जित बारह करोड रुपये की चल-अचल संपत्ति जब्त की गई है। डीजीपी मिश्रा ने बताया कि राजस्थान में पहली बार तस्करों को शरण देने व वित्तीय सहयोग करने वालों के खिलाफ भी प्रतापगढ़ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 27ए, 28, 29, 30 के तहत बिना किसी जब्ती का थाना छोटी सादड़ी पर मुकदमा दर्ज कर 23 आरोपितों को नामजद कर छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि बंबोरी निवासी कमल सिंह उर्फ कमल राणा मध्य प्रदेश के मालवा व राजस्थान के मेवाड़ में मादक पदार्थ तस्करी के लिए कुख्यात है और सरगना के रूप में एक बड़े गिरोह को संचालित कर रहा था। कमल राणा व उसके तीन साथियों को पुलिस मुख्यालय की क्राइम ब्रांच की टीम ने 19 जून को महाराष्ट्र के शिर्डी में एक होटल से डिटेन कर अग्रिम कार्रवाई के लिए प्रतापगढ़ पुलिस को सौप था।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को ग्रेटर नोएडा में आयोजित पांच दिवसीय यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का शुभारंभ करती हुई।

## त्रिपुरा में भारी मात्रा में गांजा और हेरोइन जब्त

**अगरतला:** त्रिपुरा पुलिस ने आज राज्य में अलग-अलग अभियानों के दौरान भारी मात्रा में गांजा तथा हेरोइन बरामद किये। त्रिपुरा पुलिस द्वारा आज दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार राज्य में जहां 29 किलोग्राम गांजा पकड़ा गया। वहीं, 126 ग्राम हेरोइन, 450 बोतल फैंसीड्रिल कफ सिरप जब्त किए गए। अलग-अलग मामलों में एनडीपीएस एक्ट के तहत 4 केस दर्ज किए गए। आज राज्य भर में कुल 193 लोगों को अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किया गया। तीन वारंटी पकड़े गये। जबकि, दो गुमशुदा लोगों की तलाश की गई।

# इस बार राजस्थान की जनता परिवर्तन के मूड में: सीएम पुष्कर सिंह धामी

**टीम एक्शन इंडिया/कोटा**

**उत्तराखंड के** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को कोटा में पत्रकारों से कहा कि झालावाड़ में परिवर्तन संकल्प यात्रा को देखकर लगा कि राजस्थान की जनता अब की बार सत्ता में परिवर्तन का मन बना चुकी है। इसका कारण स्पष्ट है। राजस्थान में कांग्रेस सरकार बनने के बाद पांच साल में विकास का पहिया रुक सा गया है। उसे आगे बढ़ाने के लिए आम जनता को डबल इंजन की सरकार चाहिए। केंद्र और राज्य में एक ही पार्टी भाजपा की सरकारें होंगी तो विकास तेजी से होगा। उन्होंने अफसोस जताया कि राजस्थान में कांग्रेस सरकार बनने के बाद भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म का विरोध सबसे अधिक हो रहा है। यहां दशहरा, रामनवमी सहित अन्य हिंदू त्योहारों के जुलूस निकालने पर पाबंदियां लगा दी जाती हैं। शिवलिंग को कटर लगाकर काटने जैसी घटनायें हो रही हैं। हर स्तर पर भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि घमंडिया गठबंधन में हिंदू सनातन संस्कृति को अपमानित करने की होड़ मची है। उदयनिधि स्टालिन की विवादित टिप्पणी का खंडन करने की बजाय कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी आदि मौन साधकर बैठ गये।

सौंदर्यवर्धन — अर्ध चंद्राकार स्टेडियम के अनोखे वास्तुशिल्प में डमरू, बेलपत्र और त्रिशूल देखेगी दुनिया

# अब क्रिकेट स्टेडियम में भी दिखेगी भगवान शिव व काशी की झलक

विकास कार्य

टीवी पर सजीव प्रसारण के माध्यम से आध्यात्मिकता और धार्मिक वास्तुशिल्प पर आधारित स्टेडियम बनेगा



**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**

रुद्राक्ष इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर के बाद अब वाराणसी में बनने जा रहे नए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भी भगवान शिव और काशी की झलक देखने को मिलेगी। पूर्वांचल के खेल प्रेमियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की सौगात देने 23 सितम्बर को काशी आ रहे है। पूर्वांचल के क्रिकेट प्रेमियों को अब इंटरनेशनल क्रिकेट मैच देखने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। 451 करोड़ के लागत से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बनने से मैच देखने के साथ ही, इंटरनेशनल क्रिकेटर का आधारभूत इंफ्रास्ट्रक्चर भी तैयार होगा। स्टेडियम के शिलान्यास में क्रिकेट जगत के दिग्गज खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर व सुनील गावस्कर के आने की संभावना है। इस परियोजना में योगी सरकार ने जमीन अधिग्रहण पर 121 करोड़ रुपये खर्च किए हैं जबकि बीसीसीआई 330 करोड़ रुपये खर्च करके स्टेडियम का निर्माण कराएगा। वाराणसी के राजातालाब इलाके के गंजारी गांव में रिंग रोड के पास यह स्टेडियम लगभग 30 महीनों में बनकर तैयार हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि काशी के कायाकल्प में डबल इंजन की सरकार लगातार सकारात्मक भूमिका निभा रही है। पीएम की योजनाओं को काशी में धरातल पर उतारने के साथ ही समय-समय पर खुद सीएम योगी निरीक्षण करके यह सुनिश्चित करते रहे हैं कि सभी कार्य सही तरीके से हों।

